दैनिक

# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 | कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 173 | जयपुर | सोमवार, 28 अप्रैल, 2025 | बैशाख, शुक्ल पक्ष प्रतिपदा संवत्-2082 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in | badhatarajasthan@yahoo.com | badhatarajasthan.dainik | badtarajasthan


## संक्षिप्त समाचार

### हिसार में ऐतिहासिक अग्रोहा टीले के जंगल में आग

**ग्रामीण बुझाने में जुटे, पुरातत्व विभाग 45 दिन से कर रहा खुदाई, मानव कंकाल मिला**

बढ़ता राजस्थान

**अग्रोहा।** हरियाणा के अग्रोहा में स्थित ऐतिहासिक टीले पर फैले 125 एकड़ जंगल में आग लग गई है। आग उस समय लगी है जब ऐतिहासिक टीले के पर पुरातत्व विभाग की ओर से खुदाई का काम चल रहा था। आग लगने की सूचना प्रशासन व दमकल विभाग को दे दी गई और आसपास के गांवों से भी मदद मांगी जा रही है। आग बुझाने के लिए राहत एवं बचाव कर्मी जुटे हुए हैं। तेज हवा के कारण आग बुझाने में दिक्कत आ रही है। आग पर अगर समय रहते काबू नहीं पाया गया तो पास ही मेडिकल कॉलेज व मंदिर परिसर तक आग पहुंच सकती है जिससे जान-माल का काफी नुकसान हो सकता है। अग्रोहा थाना प्रभारी का कहना है कि फायर ब्रिगेड गाड़ियां मौके पर हैं, लेकिन हादसा स्थल दमकल की गाड़ियां पहुंच नहीं पा रही है। आसपास के गांव में अनाउंसमेंट करवाया है। सभी ग्रामवासी ट्रैक्टर से टैंकरों में पानी लेकर टीले पर पहुंच रहे हैं ताकि आग पर काबू पाया जा सके।

**ग्रामीण तसले से मिट्टी डालकर आग बुझा रहे**-प्रशासन के पास टील तक आग बुझाने का कोई साधन नहीं है। इसलिए ग्रामीणों की टीम तसले लेकर मिट्टी डालकर आग बुझाने में लगी हुई है।

### लॉरेंस इंटरव्यू मामले में पुलिसकर्मियों के पॉलीग्राफ टेस्ट पर रोक

**नोटिस जारी कर जवाब मांगा**

बढ़ता राजस्थान

**चंडीगढ़।** गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के पुलिस हिरासत में इंटरव्यू मामले में मोहाली कोर्ट ने पुलिस कर्मियों के पॉलीग्राफ टेस्ट के आदेश पर अगली सुनवाई तक रोक लगा दी है। साथ ही इस मामले में नोटिस जारी कर पुलिस से जवाब मांगा गया है। मामले की अगली सुनवाई 28 अप्रैल तय की गई है। पांचों पुलिसकर्मियों के वकील ने अतिरिक्त जिला जज की अदालत में पुनरीक्षण याचिका दायर कर कहा कि उनके मुवक्किलों ने पॉलीग्राफ टेस्ट कराने की अपनी सहमति वापस ले ली है। इन कर्मियों ने पहले जताई थी सहमति-जानकारी के मुताबिक पहले छह पुलिसकर्मी- मुख्तियार सिंह, कॉन्स्टेबल सिमरनजीत सिंह, कॉन्स्टेबल हरप्रीत सिंह, कॉन्स्टेबल बलविंदर सिंह, कॉन्स्टेबल सतनाम सिंह और कॉन्स्टेबल अमृतपाल सिंह ने पहले पॉलीग्राफ टेस्ट से गुजरने के लिए सहमति व्यक्त की थी और उनके बयान दर्ज किए गए थे। बाद में उक्त पुलिसकर्मियों के वकील सुल्तान सिंह संघा ने मीडिया को बताया कि एडीजीपी रैंक का एक वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी आदेश पारित होने के समय अदालत में ही मौजूद था और उनके मुवक्किलों ने दबाव में पॉलीग्राफ टेस्ट के लिए सहमति दी थी।

### गुजरात में 1 हजार से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में

बढ़ता राजस्थान

**अहमदाबाद।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सभी राज्य सरकारों को विदेशी नागरिकों की पहचान करने और उन्हें वापस भेजने का निर्देश दिया था। इसके बाद गुजरात सरकार ने पुलिस और क्राइम ब्रांच को राज्य के बड़े शहरों और गांवों में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों को तुरंत हिरासत में लेने का आदेश दिया। गुजरात पुलिस का ऑपरेशन शनिवार रात 12 बजे शुरू हुआ, जो अब तक जारी है। शनिवार रात 12 से सुबह 6 बजे तक अहमदाबाद में 890 और सूरत से 134 लोगों को हिरासत में लिया गया था। सभी के दस्तावेजों की जांच चल रही है। कुछ के पास से नकली आधार कार्ड भी मिले हैं। पुलिस ने सभी के फोन भी जब्त कर लिए हैं। शनिवार को हुई थी सीक्रेट मीटिंग गृहमंत्री अमित शाह के निर्देश के बाद गुजरात पुलिस प्रमुख विकास सहाय के साथ गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी के घर पर शनिवार दोपहर को एक सीक्रेट मीटिंग हुई थी।

# राजस्थान में तेज गर्मी

## बाड़मेर में पारा 46 डिग्री के पार

### 25 शहरों में तापमान 40 डिग्री से ज्यादा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में गर्मी के तेवर फिर तेज हो गए हैं। जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, चूरू समेत अधिकांश शहरों में रविवार को अधिकतम तापमान 2 डिग्री सेल्सियस तक चढ़ गया। पश्चिमी राजस्थान के कई जिलों में दिन में लू चली। 25 शहरों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस या उससे ज्यादा दर्ज हुआ।

मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में सोमवार से गर्मी और तेज होने व दिन के साथ-साथ रात में भी लू चलने और तापमान सामान्य से ज्यादा दर्ज होने की आशंका जताई है। तेज गर्मी के इस दौर से 1 मई बाद राहत मिलने की संभावना है।

रविवार को राज्य में सबसे ज्यादा तापमान बाड़मेर में 46.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर में अधिकतम तापमान 45.5, फलोदी में 44.2, जोधपुर में 43.5, चित्तौड़गढ़ में 43.3, श्रीगंगानगर में 43.2, बीकानेर में 42.8, चूरू में 42.6, कोटा में 42.2, जालोर में 42.1, पाली में 41.3 और वनस्थली (टोंक) में 41.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जैसलमेर, बाड़मेर, फलोदी, श्रीगंगानगर, जोधपुर और चित्तौड़गढ़ में दिन में हीटवेव चली।

बीकानेर, कोटा, चूरू, जालोर समेत अन्य कई जिलों में आज सुबह से आसमान साफ रहा। सुबह 10 बजे से तेज गर्मी का दौर शुरू हो गया। जयपुर में आज अधिकतम तापमान 40.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। दिनभर तेज धूप रही।

इससे पहले, शनिवार को जयपुर, दौसा, सीकर, हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर समेत कई जिलों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से आंधी-बारिश हुई। इस कारण शनिवार रात इन शहरों में न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट हुई।

**आज से गर्म होने लगेगी रात**

मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि दिन में गर्मी तेज होने के बाद अब रात में भी हीटवेव चलने और तापमान सामान्य से ऊपर जाने के आसार हैं। कुछ शहरों में कल से मिनिमम टेम्प्रेचर 30 डिग्री सेल्सियस या उससे भी ऊपर दर्ज होने लगेगा। मौसम केंद्र जयपुर ने सोमवार को जैसलमेर, जबकि 29 और 30 अप्रैल को जैसलमेर, जोधपुर, बाड़मेर व बीकानेर में दिन और रात में तेज गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है।



**2 मई से राहत मिलने की उम्मीद**

राज्य के लोगों को इस भीषण गर्मी के दौर से 2 मई से राहत मिलने की उम्मीद है। 2 मई से बैक-टू-बैक वेस्टर्न डिस्टर्बेंस आएंगे, जिसके असर से 6 मई तक राजस्थान में आंधी-बारिश और ओलावृष्टि का दौर चल सकता है। 4 से 6 मई के बीच राजस्थान के अधिकांश शहरों में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से बारिश होने की संभावना है। इसके कारण राज्य के सभी शहरों में मई के पहले सप्ताह तापमान सामान्य या उसके आसपास दर्ज हो सकता है।

# पहलगाम पीड़ितों को न्याय मिलेगा : मोदी

## हमले के बाद देश का खून खौल रहा, साजिश करने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने रेडियो शो मन की बात के 121वें एपिसोड की शुरुआत पहलगाम में मारे गए लोगों को याद करते हुए की। उन्होंने कहा- इस आतंकी हमले के बाद पूरा देश एक स्वर में बोल रहा है। पूरे विश्व ने संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि पहलगाम हमले से देश के लोगों का खून खौल रहा है। पीड़ित परिजनों को न्याय जरूर मिलेगा।

मोदी ने कहा- कश्मीर में शांति लौट रही थी, स्कूल-कॉलेज अच्छे से चल रहे थे, निर्माण कार्यों में अभूतपूर्व गति आई थी, लोकतंत्र मजबूत हो रहा था, पर्यटकों की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो रही थी, लोगों की कमाई बढ़ रही थी, युवाओं के लिए नए अवसर तैयार हो रहे थे, लेकिन जम्मू-कश्मीर के दुश्मनों को ये रास नहीं आया। पीएम ने पीड़ित परिवारों को न्याय का भरोसा दिया। कहा- इस हमले के दोषियों और साजिश रचने वालों को कठोर जवाब दिया जाएगा। इसके साथ ही मोदी ने भारत के ग्लोबल स्पेस पावर बनने की भी बात की। कहा- हमने एक साथ 104 सैटेलाइट्स लॉन्च करके रिकॉर्ड बनाया है। हम चंद्रमा के साउथ पोल पर पहुंचने वाले पहले देश बने हैं।

**मन की बात के मुख्य पॉइंट**



- पूर्व इसरो चीफ डॉ. कस्तूरीरंगन को श्रद्धांजलि दी- आज भारत जिन उपग्रहों का उपयोग करता है, उनमें से कई डॉ. कस्तूरीरंगन की देखरेख में लॉन्च की गई थीं। उनका व्यक्तित्व खास था और युवा पीढ़ी उनके कार्यों से बहुत कुछ सीख सकती है। उन्होंने हमेशा नवाचार को महत्व दिया। नया सीखने, जानने और कुछ नया करने का उनका दृष्टिकोण प्रेरणादायक था।
- भारत के युवाओं ने दुनिया का नजरिया बदला- मोदी ने भारत के युवाओं की प्रतिभा की बात करते हुए कहा- भारत के युवाओं ने भारत के प्रति दुनिया का नजरिया बदल दिया है। भारत का युवा, साइंस और इनोवेशन की ओर बढ़ रहा है। ऐसे इलाके, जिनकी पहचान पहले पिछड़ेपन और दूसरे कारणों से होती थी, वहां भी युवाओं ने ऐसे उदाहरण प्रस्तुत किये हैं, जो हमें, नया विश्वास देते हैं।
- स्पेस सेक्टर को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोला- मोदी बोले भारत ने अपने स्पेस सेक्टर को प्राइवेट सेक्टर के लिए भी खोल दिया है। आज बहुत से युवा स्पेस स्टार्टअप में नए झंडे लहरा रहे हैं। 10 साल पहले इस क्षेत्र में सिर्फ एक कंपनी थी, लेकिन आज देश में, सवा तीन सौ से ज्यादा कंपनी काम कर रहे हैं।
- म्यांमार के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया- पिछले महीने म्यांमार में आए भूकंप को लेकर कहा- भूकंप की खौफनाक तस्वीरें आपने जरूर देखी होंगी। भूकंप से वहां बहुत बड़ी तबाही आई, मलबे में फंसे लोगों के लिए एक-एक सांस, एक-एक पल कीमती था। इसलिए भारत ने म्यांमार के लिए ऑपरेशन ब्रह्मा शुरू किया।
- अफ्रीका के बीमार बच्चों का भारत में इलाज- मोदी ने कहा अफ्रीका के इथोपिया में प्रवासी भारतीयों के एक अभिनव प्रयास का पता चला है। वहां रहने वाले भारतीयों ने ऐसे बच्चों को इलाज के लिए भारत भेजने की पहल की है जो जन्म से ही हृदय की बीमारी से पीड़ित हैं। ऐसे बहुत से बच्चों की भारतीय परिवारों द्वारा आर्थिक मदद भी की जा रही है। अगर किसी बच्चे का परिवार पैसे की वजह से भारत आने में असमर्थ है, तो इसका भी इंतजाम, हमारे भारतीय भाई-बहन कर रहे हैं।
- मोबाइल एप सचेत आपदा से निपटने में मददगार- प्राकृतिक आपदा से निपटने के लिए मोबाइल ऐप सचेत की बात की। कहा- ये ऐप आपको किसी प्राकृतिक आपदा में फंसने से बचा सकते हैं। खास बात ये है कि सचेत ऐप क्षेत्रीय भाषाओं में भी कई सारी जानकारियां उपलब्ध कराता है।
- एक पेड़ मां के नाम अभियान- मोदी बोले 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस पर इस अभियान के एक साल पूरे हो रहे हैं। इस अभियान के तहत देश-भर में मां के नाम पर 140 करोड़ से ज्यादा पेड़ लगाए गए हैं। उन्होंने लोगो से इस अभियान का हिस्सा बनने की बात कही।

### जयपुर में आईपीएल टिकट की कालाबाजारी करते 2 गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में 28 अप्रैल (सोमवार) को राजस्थान रॉयल्स का मुकाबला गुजरात टाइटंस से होगा। इस मैच के टिकटों की कालाबाजारी करते हुए दो आरोपियों को शहर की लालकोठी थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। दोनों से 56 टिकट रिकवर किए गए हैं। एक कार भी बरामद की है। डीसीपी ईस्ट तेजस्वनी गौतम ने बताया- आईपीएल मैच में टिकटों की कालाबाजारी को रोकने के लिये सभी थानों को निर्देशित किया गया था। 26 अप्रैल को सीएसटी के कॉन्स्टेबल प्रदीप की सूचना पर संदीप नाटाणी (45) पुत्र गोविंद दास नाटाणी निवासी चौड़ा रास्ता थाना कोतवाली जयपुर और चंद्र प्रकाश (26) पुत्र नारायण निवासी कंवर नगर थाना ब्रह्मपुरी को पकड़ा गया।

**28 अप्रैल के मैच के टिकट मिले**


संदीप नाटाणी के पास मिले सफेद लिफाफे को चेक किया तो उसमें 28 अप्रैल को होने वाले आईपीएल मैच के 40 टिकट थे। हर टिकट 2400 रुपए का था। इनके सीरियल नंबर 164433 से 164472 तक थे। चन्द्र प्रकाश के पास मिले सफेद लिफाफे को चैक किया तो उसमें दिनांक 28 अप्रैल के मैच के 16 टिकट प्रत्येक टिकट 3200 रुपए के मिले।

# प्रदेश सहित 6 राज्यों में खालिस्तानी-समर्थकों के ठिकानों पर छापे

**सीमा पार हथियारों और नशे की तस्करी का अंदेशा, एनआईए ने सबूत जुटाए**

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनूं।** एनआईए ने पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानी सीमा-पार हथियार और मादक पदार्थ तस्करी मामले में 6 राज्यों में 18 जगहों पर छापेमारी की थी। इसमें राजस्थान, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, मध्य प्रदेश, बिहार और कर्नाटक राज्यों में एक साथ कार्रवाई की गई थी। एनआईए ने पाकिस्तान समर्थित खालिस्तानियों द्वारा की जा रही सीमा-पार हथियारों और मादक पदार्थों की तस्करी के मामले छानबीन की है। इसमें कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण और अन्य आपराधिक साक्ष्य जब्त किए गए हैं। बता दें कि राजस्थान में गुरुवार को झुंझुनूं में एक डॉक्टर के यहां और भरतपुर में डीग इलाके में एनआईए पहुंची थी।




**एनआईए की छापेमारी से जुड़ी जानकारी..**

एनआईए के प्रेस नोट में बताया गया है कि यह ऑपरेशन सस्पेक्टेड व्यक्तियों के परिसर में चलाया गया था। एनआईए को जानकारी मिली थी कि सभी सस्पेक्टेड लोग प्रतिबंधित एवं विधि विरुद्ध संघों/आतंकी संगठनों की विचारधारा से प्रभावित हैं। एनआईए की जांच में सामने आया है कि ये सोशल मीडिया के माध्यम से षड़यत्र रच रहे थे और विदेशी ताकतों के संपर्क में हैं। एनआईए फिलहाल सबूतों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### 4 दिन से पाकिस्तानी सेना की गिरफ्त में बीएसएफ जवान

**अधिकारियों ने 3 मीटिंग्स की, अब तक रिहाई नहीं; गलती से बॉर्डर पार हुआ था**

बढ़ता राजस्थान

**फिरोजपुर।** पंजाब के फिरोजपुर में 23 अप्रैल को गलती से बॉर्डर क्रॉस करने पर पाकिस्तानी सेना ने बीएसएफ जवान को गिरफ्तार कर लिया था। इस गिरफ्तारी को अब 80 घंटे से अधिक बीत चुके हैं, लेकिन बीएसएफ जवान की रिहाई नहीं हो सकी है। दरअसल 23 अप्रैल की दोपहर में बीएसएफ की 182वीं बटालियन के कॉन्स्टेबल पीके सिंह किसानों के साथ ड्यूटी पर थे। बताया गया कि ड्यूटी के दौरान वे छांव में आराम के लिए आगे बढ़े, जिस कारण गलती से पाकिस्तानी सीमा में घुस गए। इस दौरान पाकिस्तान रेंजर्स ने उन्हें पकड़ लिया। पाकिस्तानी सेना ने कहा- बीएसएफ जवान की कोई जानकारी नहीं जवान की वापसी के लिए बीएसएफ ने तुरंत प्रयास शुरू कर दिए थे। दोनों देशों के अधिकारियों के बीच अब तक तीन फ्लैग मीटिंग हो चुकी हैं। लेकिन जवान को अभी तक रिहा नहीं किया गया है। पाकिस्तान ने फिलहाल यह कहकर जवान को लौटाने से मना कर दिया है कि उनके पास गिरफ्तार जवान की लोकेशन की कोई जानकारी नहीं है। इस घटना के बाद बीएसएफ ने भारत-पाक सीमा पर तैनात सभी यूनिट्स को हाई अलर्ट पर रखा है।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

### दो दिवसीय खनन उत्कृष्टता केन्द्र निरन्तर सुधार एवं असेट ऑप्टीमाइजेशन विषयक अन्तर्राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न

# विकसित भारत के लिये खदानों का आधुनिकिरण किया जायें : बी.दयासागर

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया, राजस्थान चैप्टर, उदयपुर एवं हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, उदयपुर के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय खनन उत्कृष्टता केन्द्र निरन्तर सुधार एवं असेट ऑप्टीमाइजेशन विषयक अन्तर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आज रामी रॉयल रिसोर्ट में सामपन हुआ। समापन समारोह में कार्यक्रम की अध्यक्षता एस एन माथुर, राष्ट्रीय अध्यक्ष, माईनिंग इन्जिनियर्स एसोसिएशन ऑफ इडिया ने की। मुख्य अतिथि दीपक तंवर, निदेशक खान एवं भूविज्ञान विभाग, विशिष्ट अतिथि धनंजय रेडी, वाईस प्रसीडेंट-दितीय माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इडिया, बी दयासागर, निदेशक खान सुरक्षा, उदयपुर क्षेत्र एवं महेश माथुर, अतिरिक्त निदेशक, खान एवं भू विज्ञान विभाग थे। अतिथियों का स्वागत माईनिंग इन्जिनियर्स एसोसिएशन ऑफ इडिंया, राजस्थान चैप्टर, उदयपुर के अध्यक्ष प्रवीण शर्मा ने किया। आयोजन सचिव डॉ. एस. के. वशिष्ट द्वारा कॉन्फ्रेंस के तीन सत्रो में पढे गए सभी पत्रों की विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं सभी को इस आयोजन को सफल बनाने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया। पूर्व डीन सीटीएई एवं नेशनल काउंसिल मेंबर डॉ. एस. एस. राठौड़ ने इस सेमिनार में पढे गए पत्रों का अवलोकन किया एवं जिसकी अनुशंसा मुख्यालय, सरकार एवं नीतीधारको को प्रेषित की जायेगी। विशिष्ट अतिथि धनंजय रेडी, वाईस प्रसीडेंट द्वितीय माईनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इडिया ने बताया कि इस सफल आयोजन के




लिए आयोजको को बधाई दी एवं इसमें एक्सप्लोरेशन, कानूनी सलाह और मिनरल के खनन में प्राप्त सुझावो को प्रक्रियाओं में सम्मलित करने के लिए आहवान किया। विशिष्ट अतिथि बी.दयासागर, निदेशक खान सुरक्षा विभाग ने विकसित भारत के लिए खदानों में आधुनिकीकरण कर भारत की ग्रोथ को बढाने के लिए लोगो का ध्यान आकर्षित किया। सभी को साथ लेकर अपने देश का विकास करना हमार उद्देश्य होना चाहिये। विशिष्ट अतिथि महेश माथुर, अतिरिक्त निदेशक, खान एवं भू विज्ञान विभाग ने बताया कि नई मिनरल पॉलिसी में ड्रोन सर्वे का समावेश किया गया है यह क्राफेंस पॉलिसी को लागु करने में मील का पत्थर साबित होगी। मुख्य अतिथि दीपक तंवर, निदेशक खान एवं भूविज्ञान विभाग ने बताया कि अब तक भारत में 5 प्रतिशत ही मिनरल खोज हुई है जो कि अन्तर्राट्रीय मिनरल खोज से बहुत कम है अत: राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर एनएमईटी, आरएमईटी, का गठन किया गया है। यह कार्फ्रेस आधुनिकीकरण की शरूआत है जिससे सुरक्षा में सुधार एवं खनन परिचालन की लागत को कम किया जा सकता है। डाटा का सही उपयोग अवैध खनन को रोक सकते है। अपशिष्ट को सार्थक उपयोग करना आवश्यक है बजंर जमीन को कृषि के उपयोग बनाना होगा। कार्फ्रेंस में जो तकनीकी खनन एवं नवाचार खनन को आर्दश बनायेगे। कार्यक्रम के अध्यक्षएस एन माथुर राष्ट्रीय अध्यक्ष, माईनिंग इन्जिनियर्स एसोसिएशन ऑफ इडिया ने सभी इस कॉफेंस मे पढे गए पत्रों को सभी के लिये श्रेष्ठ बताया एवं विशेष तौर से डीडी त्रिपाठी, अनुश्री, राजली डे गुजरात, ललित मोहन सोनी, प्रशांत गुप्ता, नरेश केएसएल एवं शशांक गुप्ता, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड एवं आर्टिफिशयल इंटलीजेंस ड्रोन टेक्नोलॉजी पर आधारित पत्र जो कि डॉ हितांशु कौशल द्वारा प्रस्तुत किया गया को विशेष रूप से सराहा गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विशेष सहयोग कार्यकर्ता नरेन्द्र कावड़िया, डॉ एस सी जैन, एम के मेहता, एस एल सुखवाल, मकबुल अहमद, आर पी माली, हितांशु कौशल, आर. सी. कुमावत, गोपाल डांगी, ओपी आगाल, सत्यनारायण जोशी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ एस के वशिष्ठ, आयोजक सचिव एवं धन्यवाद आसिफ एम अंसारी, सचिव द्वारा किया गया। प्रारम्भ में विगत दिनों पहलगाम में मारे गये पर्यटकों को दो मिनिट का मौन रख कर श्रद्धांजली दी गई।

## प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के आवासों का किया भौतिक सत्यापन एवं मनरेगा में मौके पर 4 श्रमिक अनुपस्तित पाए गए, मेट को थमाया नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्मित आवासों का भौतिक सत्यापन ए.सी.ई.ओ. गोपाल लाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी लाभार्थियों को अपने आवास जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। साथ ही संबंधित वीडीओ एवं कनिष्ठ सहायकों को आवासों की समय पर जीओ-टैगिंग और नरेगा मस्टरोल शीघ्र जारी करने के आदेश दिए गए हैं ताकि किसी भी लाभार्थी को वित्तीय संकट का सामना न करना पड़े। ए.सी.ई.ओ. गोपाल लाल ने स्पष्ट किया कि यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

ए.सी.ई.ओ. गोपाल लाल ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी गांवों में कच्चे घर मौजूद हैं, जो प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की प्रासंगिकता और इसकी महत्ता को सिद्ध करते हैं। यही कारण है कि यह योजना ग्रामीण विकास की सबसे महत्वपूर्ण फ्लैगशिप स्कीम है। इस क्रम में, ब्लॉक रायपुर के गांव झाला की चौकी में प्रधानमंत्री आवास योजना और सर्वे 2024 के अंतर्गत भौतिक सत्यापन किया गया। इसी तरह, ग्राम पंचायत सेन्द्रा (उप तहसील सेन्द्रा के पास) में भी प्रधानमंत्री आवास योजना एवं एप सर्वे कार्य का सत्यापन किया गया।

### अन्य निरीक्षण कार्य

1- ग्राम पंचायत बगड़ी परिसर में इंटरलॉकिंग ब्लॉक निर्माण कार्य का निरीक्षण कर सैंपल ब्लॉक टेस्टिंग के लिए लैब भिजवाए गए। तकनीकी अधिकारी को निर्देश दिए गए कि कार्य निर्धारित अनुमानों एवं विनिर्देशों के अनुसार ही कराया जाए।

2- ग्राम पंचायत कानूजा की गोया की नाडी में धर्मातलाई निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय 28 में से 24 श्रमिक स्थल पर उपस्थित मिले, जिन्होंने भीषण गर्मी के बावजूद उत्कृष्ट कार्य किया, जो सराहनीय है। निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित 4 श्रमिकों की अनुपस्थिति दर्ज की गई एवं संबंधित मेट को नोटिस जारी किया गया। साथ ही मेट को कार्य क्रॉस सेक्शन के अनुसार करवाने तथा तकनीकी अधिकारी को पुन: निरीक्षण कर आवश्यक सुधार करने के निर्देश दिए गए।

## अवैध रुप से चल रहे हैं डाईग्नोस्टिक सेन्टर वीडीआरएल रिपोर्ट गलत देने पर मरीज पहुँचा थाने

### शिवम डाइग्नोस्टिक सेन्टर पर हुई थी गलत रिपोर्ट

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर (विष्णु दत्त धीमान)।** शहर के कॉलेज रोड स्थित अरिहंत अपार्टमेंट में संचालित शिवम डाइग्नोस्टिक सेंटर पर गलत जांच रिपोर्ट देने का गंभीर आरोप लगा है। इब्राहिम पुत्र रसूल काठात (24 वर्ष) ने इस संबंध में शिकायत करते हुए बताया कि विदेश रोजगार हेतु वीजा बनवाने के लिए उन्होंने आवश्यक चिकित्सकीय जांचें करवाई थीं। एजेंट अजहरुद्दीन काठात के कहने पर इब्राहिम शिवम डाइग्नोस्टिक सेन्टर पहुंचे, जहां 2500 रुपये लेकर उनका रक्त सैंपल व चेस्ट एक्स-रे किया गया।

आरोप के अनुसार, सेंटर द्वारा शाम को फोन पर सूचना दी गई कि उनकी वीडीआरएल रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इस सूचना से आहत इब्राहिम मानसिक तनाव में आ गए। परिवारजनों की सलाह पर उन्होंने 25 अप्रैल को राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय में तथा 26 अप्रैल को ब्यावर लेबोरेट्री में पुन: जांच करवाई, जिसमें दोनों जगह उनकी रिपोर्ट नॉन-रिएक्टिव (नेगेटिव) आई। 27 अप्रैल को जब इब्राहिम पुन: शिवम डाइग्नोस्टिक सेंटर पहुंचे और रिपोर्ट में त्रुटि की शिकायत कर पैसे वापस करने की मांग की, तो सेंटर पर बैठी महिला कर्मचारी तनीषा ने सरकारी अस्पताल की रिपोर्ट को अवैध बताकर दुबई जैसे देशों में केवल उनके सेंटर की रिपोर्ट को मान्य बताया। पुन: ब्लड सैंपल लेकर जांच करने पर सेंटर ने अब रिपोर्ट को नेगेटिव बताया। शिकायतकर्ता इब्राहिम ने आरोप लगाया कि सेंटर मनमर्जी से रिपोर्ट तैयार कर रहा है और मरीजों को आर्थिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि शिवम डाइग्नोस्टिक सेंटर का ब्यावर में कोई पंजीकरण भी नहीं है, जिससे आमजन की जिंदगी से खुलेआम खिलवाड़ किया जा रहा है। इब्राहिम ने प्रशासन से मांग की है कि इस फर्जीवाड़े की गंभीरता से जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आमजन की सेहत व विश्वास दोनों की रक्षा हो सके।




### इनका कहना है

मेरी जानकारी में नहीं है कि कोई शिवम डाईग्नोस्टिक सेन्टर चल रहा है, कल जांच करवा लेगें। गलत रिपोर्ट की बात पर बताया कि वह भी जांच करवा ली जायेगी। जहां तक किसी भी तरह की जांच की लिस्ट की बात है तो उसके लिए सोमवार को कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

**डॉ. संजय गहलोत, सी एम एण्ड एच ओ, ब्यावर**



## चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पखवाड़े के अंतर्गत बच्चों की प्रतियोगिताएं संपन्न



बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान)।** शहर में चिरंजीवी भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव पखवाड़े के तहत आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता में 1 से 3 वर्ष आयु वर्ग में सौम्या शर्मा ने प्रथम तथा तेजस शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 4 से 6 वर्ष आयु वर्ग में प्रव्या शर्मा ने प्रथम और तराशा कौशिक ने द्वितीय स्थान पाया। वहीं 7 से 8 वर्ष आयु वर्ग में रुद्र उपाध्याय एवं कुशा जोशी ने क्रमशः प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

खेल प्रतियोगिताओं में स्टोन रेस में साक्षी शर्मा प्रथम रहीं। बैग रेस में धारा शर्मा ने प्रथम और दिवेश शर्मा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। स्पून रेस में तनिषी शर्मा ने प्रथम तथा समृद्धि दुबे ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीन टांग की दौड़ में देवांश शर्मा एवं धैर्य शर्मा की जोड़ी ने प्रथम तथा प्रेरणा शर्मा एवं मैत्री शर्मा की जोड़ी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। बोरा रेस में वत्सल जोशी प्रथम और अक्षत शर्मा द्वितीय स्थान पर रहे। रुमाल झपट्टा प्रतियोगिता में सिद्धि शर्मा ने प्रथम तथा लक्षिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। महिला प्रभारी अंजली भार्गव ने बताया कि प्रतियोगिताओं का संचालन निष्पक्षता से करते हुए डिंपल यादव, वंदना शर्मा एवं श्रुति माहेश्वरी ने निर्णायक मंडल का कार्यभार संभाला। मंच संचालन अनुपम पांडे एवं उनकी सहयोगी द्वारा सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## लघु उद्योग भारती स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में सेवा कार्यों के माध्यम से मानवता को समर्पित एक सराहनीय पहल

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** लघु उद्योग भारती के स्थापना दिवस के अवसर पर मादड़ी इकाई द्वारा एक प्रेरणादायी सेवा कार्य आयोजित किया गया। इस पुनीत अवसर पर महाराणा भूपाल राजकीय चिकित्सालय परिसर स्थित मानव सेवा समिति के प्रांगण में जरूरतमंद 155 लोगों को प्रेमपूर्वक भोजन कराया गया, साथ ही लघु उद्योग भारती की ओर से मानव सेवा समिति को 21,000 रुपये की आर्थिक सहायता राशि भेंट की गई। मादड़ी इकाई के अध्यक्ष हेमन्त जैन ने बताया कि इस अवसर पर यह संकल्प भी लिया गया कि प्रत्येक वर्ष 25 अप्रैल को लघु उद्योग भारती की ओर से जरूरतमंदों को भोजन कराने का



यह सेवा कार्य निरंतर जारी रहेगा, जिससे समाज में सेवा और सहयोग की भावना को और अधिक बल मिल सके। कार्यक्रम में रजनी डांगी, प्रदेश उपाध्यक्ष रीना राठौड़, महिला इकाई सचिव रेखा रानी जैन, मादड़ी इकाई अध्यक्ष हेमंत जैन, कोषाध्यक्ष प्रकाश फुलनी सहित शुभम् डांगी, आशीष मित्तल एवं अक्षय माली ने सक्रिय भागीदारी निभाई। साथ ही गिरवा इकाई अध्यक्ष हरिओम पालीवाल, श्रीमती पुष्पांजलि और श्रीमती सुमन बोराणा की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को और भी गरिमा प्रदान की। समस्त सदस्यों ने मिलकर सेवा कार्य में तन, मन, धन से सहयोग करते हुए मानवता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सशक्त रूप में प्रदर्शित किया। यह आयोजन न केवल लघु उद्योग भारती के सेवा संकल्प का प्रमाण है, बल्कि समाज के प्रति एक मजबूत और प्रेरणादायक संदेश भी है।

## हिंडौन की मुमुक्ष दीपिका जैन व नदबई के मुमुक्ष पुण्य भाई की निकाली वरघोड़ा शोभायात्रा

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** जैन श्वेताम्बर पल्लीवाल संघ ने रविवार को भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया। ये आयोजन मुमुक्ष दीपिका जैन के 14 मई को चेन्नई में होने वाले दीक्षा ग्रहण कार्यक्रम के उपलक्ष्य में किया गया। इस अवसर पर नदबई के मुमुक्ष पुण्य भाई भी अपने परिवार के साथ शामिल हुए। मोहन नगर स्थित जैन मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। दो सजे हुए रथों में दोनों मुमुक्षु विराजमान थे। शोभायात्रा में जैन समाज के सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भगवान महावीर के भजनों पर महिलाएं और युवतियां नृत्य करती चल रही थी। मार्ग में कई स्थानों पर स्वागत द्वार बनाए गए। वहां शरबत और जलजीरा का वितरण किया गया। शोभायात्रा जैन मंदिर से शुरू



होकर मोहन नगर, जिला अस्पताल रोड, मनीराम पार्क होते हुए मंडावरा रोड स्थित बाबा पैलेस पहुंची।

यहां तीन दिवसीय संयम उद्यान प्रवेश महोत्सव की शुरुआत हुई। कार्यक्रम संयोजक डॉ. मनोज जैन ने बताया कि शनिवार शाम को वैराग्य नाट्य मंचन हुआ। हिंडौन निवासी मुमुक्ष दीपिका जैन (30) गृहस्थ जीवन छोड़कर तपस्वी जीवन अपनाने जा रही हैं। इस अवसर पर आचार्य हंसरत्न सुरिश्वर और आचार्य तत्व दर्शन महाराज सहित कई साधु-साध्वी उपस्थित रहे। 25 अप्रैल से शुरू हुआ ये महोत्सव दीक्षा ग्रहण तक चलेगा।

## सेवा भारती द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित 147 मरीजों ने लिया शिविर का लाभ



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** सेवा भारती पावटा-प्रागपुरा द्वारा रविवार को कस्बे के रामलीला मैदान स्थित शिशु वाटिका में विशाल नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एसएमएस अस्पताल जयपुर के पूर्व अतिरिक्त अधीक्षक डॉ के के मंगल एवं सेवा भारती के प्रान्तीय प्रकल्प प्रमुख डॉ जयनारायण शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया। शिविर में डॉ महेश मौर्य सर्जन, डॉ विनायक मंगल रेसपायरेट्री मेडिसिन, डॉ रवि बंसल मेडिसिन, डॉ सुमेर सिंह हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ संदीप यादव नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ राजेश डोचानिया मेडिसिन ने अपनी सेवाऐं दी। शिविर सह संयोजक महेश पारीक ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रात: 8 बजे से 12 बजे तक चले नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का कुल 147 मरीजों ने लाभ लिया। जिसमें 75 पुरुष तथा 72 महिलाएं सहित आसपास के 13 गाँवों के रोगियों ने विभिन्न रोगों का उपचार लिया। सभी मरीजों को दवाईया भी मुफ्त में दी गई। शिविर में बीपी, शुगर, ईसीजी, की जॉच नि:शुल्क की गई। इस दौरान सेवा भारती कोटपूतली जिला मंत्री महेश सैनी, जिला प्रकल्प प्रमुख सत्यनारायण कौशिक, जिला प्रचारक कुलदीप कुमार, खण्ड संघचालक डॉ किशन लाल शर्मा, पुरुषोत्तम कृष्ण मिश्रा, सेवा भारती पावटा अध्यक्ष सियाराम अग्रवाल, महामंत्री डॉ सरोज यादव, कोषाध्यक्ष दीपक पटेल, गोपाल जोशी, सुनील पंसारी, डॉ विवेक शर्मा, रघु मिश्रा, जिला पर्यावरण प्रमुख रामसिंह जाट, अंकित गौड़, शीशराम जाट, श्रीकांत मिश्रा, महेश गौड़, मनीष सैन, विक्रम बसवाल, पंकज जिन्दल, रूद्राशं, भविष्य शर्मा, तनुज शर्मा पूजा अग्रवाल ज्योति शर्मा शीतल पारीक पलक्षी मिश्रा सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## एनएसयुआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ का स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** राजस्थान विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष एवं एनएसयुआई प्रदेशाध्यक्ष विनोद जाखड़ के पावटा आगमन पर सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। वहीं इस मौके पर जम्मू कश्मीर के पहलगांव में हुए आतंकी हमले व अन्य विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा भी की गई। इस दौरान क्रय विक्रय सहकारी समिति चेयरमैन भरत मल यादव, पावटा ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री अजय सैनी, गुरूजी राजू यादव, महेन्द्र यादव, रवि स्वामी समेत अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वर्षीतप आराधकों के पारणे 30 को

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर।** श्रीवर्धमान स्थानकवासी जैन श्रमण संघ सेक्टर 4, उदयपुर द्वारा आयोजित अक्षय तृतीया पारणा महोत्सव आगामी 30 अप्रैल 2025 को विघा निकेतन स्कूल प्रांगण सेक्टर 4, उदयपुर में होगा। संघ अध्यक्ष नरेन्द्र चण्डालिया ने बताया कि श्रमणसंघीय प्रवर्तक कोमल मुनि म. सा, विकसित मुनि म. सा, आदि ठाणा एवं साध्वी विजयप्रभा म. सा, साध्वी पारस कुंवर म. सा, साध्वी विश्व वन्दना म. सा., साध्वी एषणा श्रीजी म. सा आदि ठाणा के पावन सानिध्य में जैनियो के सबसे बड़े तप वर्षीतप के करीब 130 से अधिक आराधक पारणा करेंगे।

# भागचंद की कोठी पर हुए अवैध अतिक्रमण को तत्काल हटवाने की जिला कलेक्टर से मांग

## शिकायत पर भारतीय पुरातत्व विभाग ने भेजा नोटिस

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** भारतीय पब्लिक लेबर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बाबूलाल साहू ने अजमेर जिला कलेक्टर को शिकायती पत्र प्रेषित कर होटल मेरवाड़ा स्टेट भागचंद की कोठी पर हुए अवैध निर्माण के अतिक्रमण को तत्काल हटवाने की मांग की है ।

श्री साहू ने जिला कलेक्टर अजमेर श्री लोक बंधु को दिए शिकायती पत्र में अवगत कराते हुए बताया कि होटल मेरवाड़ा स्टेट भागचंद की कोठी की बिल्डिंग भवन जो राजस्थान बिल्डिंग बायलॉज भवन निर्माण के नियमों के विपरीत बनाई गई है। वहीं दूसरी ओर भारतीय पुरातत्व संरक्षण विभाग ने शिकायत मिलने पर होटल मेरवाड़ा स्टेट को अतिक्रमण हटवाने हेतु नोटिस भेजा है।

उन्होंने शिकायत में बताया कि उपरोक्त भागचंद की कोठी जोकि वर्तमान में होटल मेरवाड़ा स्टेट के नाम से भी जानी जाती है, वह 1954, में तोलाराम नथमल एंड संस कंपनी लि. के नाम दर्ज की गई थी, जिनकी रजिस्ट्री कोलकाता में टीकम निवास भवन के नाम दर्ज की गई थी।

परंतु वह भवन जिनकी रजिस्ट्री की गई थी वह टीकम निवास उपरोक्त स्थान पर नहीं होकर अजमेर शहर के दूसरे स्थान पर है, वह संपत्ति नगर परिषद अजमेर के पूर्व में ए.एम.सी नंबर हाउस टैक्स के खाता नंबर में दर्ज है, जिसके उनके पास पुख्ता प्रमाण है। वहीं दूसरी ओर पूर्व में रायबहादुर सेठ भागचंद पुत्र टीकमचंद के नाम सवा 6 बीघा जमीन उक्त पहाड़ी खसरा नंबर 1840, 1841, पर स्थित है, परंतु वर्तमान में उक्त संपूर्ण भूमि परिसर इनके पास साड़े 9 बीघा है जो की दूसरे खसरे की सरकारी भूमि व अन्य के नामांतरण एवं नाम में दर्ज है, इसी के साथ नगर निगम अजमेर के नियमों के विपरीत जाते हुए उन पर बड़े-बड़े भवन बना दिए गए हैं, जहां पर होटल मेरवाड़ा स्टेट व अन्य शादी समारोह संचालित किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर इसके नवनिर्माण/ मरम्मत निर्माण हेतु राष्ट्रीय स्मारक प्राधिकरण भारत सरकार नई दिल्ली से स्वीकृति भी नहीं ली गई है, एवं भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग नई दिल्ली के नियमों एवं भवन निर्माण गाइडलाइन के विपरीत उपरोक्त बिल्डिंग भवनो का निर्माण किया गया।

उन्होंने जिला कलेक्टर अजमेर से जिला प्रशासन स्तर पर तुरंत कार्रवाई कराते हुए भागचंद की कोठी होटल मेरवाड़ा स्टेट के नाम पर हुए अवैध निर्माण को तत्काल हटवाने तथा उक्त पहाड़ी भूमि पर हुए अवैध निर्माण सहित संपूर्ण परिसर का सीमा ज्ञान करवाने हेतु नियमानुसार नगर निगम और अजमेर विकास प्राधिकरण एवं अजमेर तहसीलदार को निर्देशित करवाने की मांग की है।

## 251 महिलाएं कलश यात्रा के साथ शिव परिवार के साथ राम दरबार की होगी प्राण प्रतिष्ठा




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सोडाला स्थित तेजा महाराज मंदिर में शिव परिवार के साथ श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण- प्रतिष्ठा की धूमधाम से की जाएगी। इस दो दिवसीय धार्मिक कार्यक्रम में 29 अप्रैल को 251 महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में कलश यात्रा शामिल होगी। जिसमें गाजे बाजे के साथ महिलाएं सिर पर कलश लेकर मंगल गीत गाती हुई सोडाला स्थित बैकुंठ नाथ मंदिर से रवाना होकर अजमेर रोड,न्यू सांगानेर रोड हुए तेजाजी मंदिर पहुंचेगी। जहां पर महिलाओं का भव्य स्वागत किया जाएगा। साथ ही भगवान शिव—पार्वती और श्री राम दरबार की झांकी सजाई जाएगी।

पंडित मूलचंद शर्मा ने बताया कि 29 अप्रैल को 251 महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में सोडाला स्थित बैकुंठ नाथ मंदिर से रवाना होकर अजमेर रोड, न्यू सांगानेर रोड हुए तेजाजी मंदिर पहुंचेगी। इस बीच कलश—यात्रा को जगह—जगह स्वागत और पुष्पा वर्षा की जाएगी। इसके बाद इस दिन शाम को हवन किया जाएगा,जो सम्पूर्ण रात्रि चलेगा। इसके बाद अगले दिन 30 अप्रैल को तेजाजी मंदिर प्रांगण में हवन की पूर्णाहुति का आयोजन किया जाएगा। जिसमें विधि -विधान से हवन के पश्चात शिव परिवार और श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इससे पूर्व में भव्य लवाजमे मे साथ भोलेनाथ और श्रीराम नगर फेरी पर निकलेगें। इसके पश्चात महाअभिषेक के बाद मंदिर में शिव परिवार और श्री राम दरबार मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा होगी। इसके पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु पंगत प्रसादी पाएगे।

## टेम्पो में मिली युवक की लाश- मुंह और नाक से बह रहा था खून

### मृतक के भाई ने लगाया हत्या का आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** एयरपोर्ट थाना इलाके में खड़े टेम्पो में एक युवक की लाश मिली। लाश के मुंह और नाक से खून बह रहा था। परिजनों ने शराब पार्टी के बाद हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने एफएसएल टीम की मदद से सबूत जुटाए है। पुलिस ने जयपुरिया हॉस्पिटल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। थानाधिकारी संदीप बसेरा ने बताया कि जगतपुरा के रहने वाले लेखराज (30) की हत्या का मामला दर्ज करवाया गया है। वह जगतपुरा सब्जी मंडी में पिकअप चलाने का काम करता था। 25 अप्रैल को दोपहर करीब 12 बजे वह पिकअप लेकर घर आ गया था। शाम करीब 7 बजे किराया लेने के लिए जगतपुरा सब्जी मंडी में गया था। करीब एक घंटे बाद बहन रजनी से फोन पर लेखराज की बात हुई थी। दोपहर करीब 11 बजे पड़ोसियों ने कॉल कर विजय को बताया- उसका भाई बालाजी मंदिर के पास खड़े टेम्पो में पड़ा हुआ है। लेखराज के मिलने का पता चलने पर परिजन मौके पर पहुंचे। देखने पर टेम्पो में लेखराज की लाश पड़ी हुई मिली। इसके मुंह-नाक से खून बह रहा था। लाश मिलने का पता चलने पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। पुलिस ने मृतक के भाई विजय के दोस्त राजेन्द्र उर्फ नान्या के हत्या करने का शक जाहिर करने पर मामला दर्ज किया है। मृतक के भाई विजय ने पुलिस को बताया कि काफी समय बाद भी नहीं लौटने पर उसको कॉल किया। काफी कॉल करने के बाद भी भाई लेखराज ने मोबाइल नहीं उठाया। उसे ढूंढने निकलने पर पता चला कि रात को वह अपने दोस्त राजेन्द्र उर्फ नान्या के साथ शराब पार्टी कर रहा था। दोस्त राजेन्द्र से कॉन्टैक्ट करने पर उसने भी कॉल नहीं उठाया। रातभर काफी ढूंढने के बाद भी लेखराज का पता नहीं चला। सुबह करीब 8 बजे एयरपोर्ट थाने में भाई लेखराज की गुमशुदगी दर्ज करवाने पहुंचे।

## सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ सरकार, प्रशासन व पुलिस कड़ी कार्रवाई करें: सुरूर अहमद

### शहर की फिजा खराब करने वालों को मिले सजा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर, (बाबू अंसारी)।** राजधानी जयपुर की गंगा-जमुनी तहजीब को बनाए रखना और इसमें प्रगाढ़ता लाने की सभी शहरवासियों की जिम्मेदारी है तथा सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ हमें एकजुट होना होगा। यह बात वरिष्ठ समाजसेवी सुरूर अहमद ने कही। उन्होंने यहां एक बयान में कहा कि पुलिस व प्रशासन को चाहिए कि वह समय रहते असामाजिक तत्वों तथा साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें तथा शहर का अमन-चैन बनाए रखने वालों को प्रोत्साहित करें। वहीं वे बोले-जयपुरवासियों सहित देश का हर नागरिक आज पहलगाम के पीड़ितों के साथ है। जयपुर शहर के तमाम लोग दु:ख की इस घड़ी मे पीड़ित परिवारों के साथ खड़े हैं, लेकिन यहां के एक विधायक शहर के माहौल को बिगाड़ने का लगातार प्रयास कर रहे हैं, यह अत्यंत निन्दनीय है। सुरूर अहमद ने कहा कि सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ सरकार, प्रशासन व पुलिस को कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए, चाहे वह किसी भी जाति, धर्म, वर्ग या जनप्रतिनिधि ही क्यों न हो, जो गलत करेगा उसे कानूनन सजा मिलनी ही चाहिए।

## अमरसिंह कसाना बने अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउण्डेशन के जिला प्रभारी

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली, (बिल्लूराम सैनी)।** अन्तर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउण्डेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुप्ता ने कस्बे के सराय मौहल्ला निवासी अमर सिंह कसाना पुत्र हजारी लाल को फाउण्डेशन का कोटपूतली-बहरोड़ जिला प्रभारी मनोनीत किया हैं।

## जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट में राजस्थान के खिलाड़ियों का रहा दबदबा

### अरुण कटारिया ने जीता जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट 2025

बढ़ता राजस्थान




**जयपुर (का.स.)।** गुलाबी नगरी में वेव्स और जेएचडब्ल्यू (जयपुर हेल्थ एंड वैलनेस) के तत्वाधान में चल रही पाँच दिवसीय जयपुर ओपन क्लासिकल फिडे रेटेड चेस टूर्नामेंट के दुसरे संस्करण में राजस्थान के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। जयपुर क्लब में आयोजित इस टूर्नामेंट का उद्देश्य सभी आयु वर्ग के बीच मानसिक स्वास्थ्य और चेस जैसे प्राचीन खेल को रजास्थान में बढ़ावा देना था। सम्मापन समारोह में आयोजक, जेएचडब्लू के संस्थापक, हिम्मत सिंह ने बताया कि उदयपुर के अरुण कटारिया (2353) ने अविजित रहते हुए चैम्पियन खिताब के साथ 1,00,000 और ट्राफी अपने नाम की। दूसरे स्थान के लिए कई खिलाड़ियों में आखिरी क्षण तक घमासान हुआ और अंत में तीन खिलाड़ियों ने 7.5 अंक बनाए। प्रतियोगिता के नियमों के अनुसार टाई ब्रेकर के सहारे राहुल संगमा (2121) ने दूसरे स्थान और 75,000/- की नगद पुरस्कार और तीसरे स्थान पर महाराष्ट्र के श्रयन मजूमदार (2110) रहे जिन्हे 50,000/- का पुरस्कार हासिल हुआ।

सह-संस्थापक भूपेंद्र सिंह व आर. के. व्यास; वेव्स के संस्थापक जयेंद्र चतुर्वेदी व अमरीश जोशी ने बताया कि, महिला वर्ग में राजस्थान की वेदिका पाल ने छह अंक बनाकर सर्वश्रेष्ठ महिला प्रतियोगी का खिताब जीता, वहीं दूसरी ओर वरिष्ठ खिलाड़ी वर्ग में दिल्ली के जी बी जोशी ने 6.5 अंकों के साथ 8,000 रुपये का पुरस्कार हासिल किया। राजस्थान के खिलाड़ियों में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी राज कपूर रहे और जयपुर के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी होने का गौरव वरिष्ठ खिलाड़ी मिलिंद गावड़े को प्राप्त हुआ। इसके अलावा दिव्यांग वर्ग में भी अलग पुरस्कार दिए गए जिसमें 6 खिलाड़ियों जिनमें मध्य प्रदेश के वरिष्ठ राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी एस के राठौड़ ने 8,000 रुपए का प्रथम पुरस्कार हासिल किया।

मुख्य प्रतियोगिता के दौरान एक ब्लिट्ज चैम्पियनशिप भी रखी गई जिसे गोपाल राठौड़ ने जीत कर 25,000/- रुपये का पहला इनाम जीता।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि टी.शुभमंगला (अति. डाइरेक्टर, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन), विशिष्ट अतिथि, मनोज बिरला (अध्यक्ष,जयपुर क्लब) और विकास शर्मा (मार्केटिंग हैंड, नारायणा अस्पताल), साकेत माथुर, अशोक भार्गव, रवि बजाज एवं संजय शर्मा उपास्थि रहे और सभी भाग लेने वाला प्रतिभागियों की हौसला अफ़ज़ाई की।

## जिला कलक्टर ने शहर में साफ- सफाई व्यवस्था निगरानी प्रणाली अनुसार बेहतर करने के दिए सख्त निर्देश

### नियमित मॉनिटरिंग, निगरानी, तकनीकी उपयोग, समीक्षा रिपोर्ट एवं नागरिकों की भागीदारी से विकसित होगी शहरी क्षेत्र में प्रभावी सफाई प्रणाली- जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली, (बिल्लूराम सैनी)।** जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने शहर में सफाई व्यवस्था निगरानी प्रणाली अनुसार बेहतर करते हुए नियमित मॉनिटरिंग करने और जिम्मेदारों को पाबंद करने के संबंध में आयुक्त नगर परिषद कोटपूतली और बहरोड़ को निर्देशित किया। उन्होंने नगर परिषद क्षेत्र कोटपूतली और बहरोड़ में साफ-सफाई एवं कचरा प्रबंधन की व्यवस्था पर असंतोष जाहिर करते हुए आदेश जारी कर निर्देशित किया कि निगरानी प्रणाली अनुसार सफाई व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। दैनिक निरीक्षण चेकलिस्ट सफाई पर्यवेक्षक सड़के और गलियों की सफाई की स्थिति, कचरा डिब्बों की स्थिति (खाली / ओवरफ्लो), नालों और नालियों की सफाई, सार्वजनिक शौचालयों की स्थिति, सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति, कचरा संग्रहण वाहन का आगमन समय की मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि वार्ड स्तरीय निगरानी के लिए प्रत्येक दस वार्ड पर एक अधिकारी पर्यवेक्षण हेतु एवं प्रत्येक जोन में एक सफाई निरीक्षक नियुक्त किया जाए जो दैनिक/साप्ताहिक रिपोर्ट देंगे एवं औचक निरीक्षण करें एवं नागरिकों से प्रतिक्रिया प्राप्त करें। उन्होंने निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने हेतु तकनीकी उपयोग के माध्यम से सफाई निगरानी को स्मार्ट बनाने के लिए कचरा वाहनों में जीपीएस ट्रैकिंग, कचरा डिब्बों पर क्यूआर कोड लगाकर स्थिति अपडेट करें एवं मोबाइल ऐप के माध्यम से उपस्थिति, शिकायत और फोटो रिपोर्टिंग, सीसीटीवी कैमरे सार्वजनिक स्थानों पर निगरानी हेतु लगाएं. उन्होंने आदेशित किया कि सफाई से पहले और बाद की तस्वीरें लेकर

डिजिटल रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था में नागरिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए नागरिकों के लिए शिकायत निवारण ऐप या व्हाट्सएप नंबर स्वच्छता अभियान में स्थानीय लोगो को जोड़ें, सुझाव और शिकायत पेटियां लगाएं। इसके साथ ही अधिकारी सफाई कर्मचारियों की साप्ताहिक समीक्षा करते हुए हर वार्ड की मासिक रिपोर्ट तैयार कर भिजवाएं एवं अच्छे कार्य के लिए पुरस्कार और लापरवाही पर कार्यवाही करें।

## लक्ष्मी नगर मे भव्य कलश यात्रा के साथ सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली, (बिल्लूराम सैनी)।** कस्बे के लक्ष्मी नगर स्थित श्रीराम मंदिर में रविवार को सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: 8 बजे यजमानों द्वारा विधिवत पूजा-पाठ के साथ की गई। इस अवसर पर 751 महिलाओं ने उपली कोठी से श्रीराम मंदिर तक विशाल कलश यात्रा निकाली, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्ति का अद्भुत वातावरण बना रहा। मंदिर अध्यक्ष रामविलास सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि कथा वाचक महाराज सुदामा दास वृंदावन वाले अपनी मधुर वाणी से प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 6 बजे तक श्रीमद्भागवत कथा का रसपान कराएंगे। कथा का समापन आगामी 3 मई को होगा, तथा 4 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।इस पावन अवसर पर सामोद वाले श्री श्री 1008 श्री प्रेमदास महाराज, महामंडलेश्वर श्री श्री 1008 जनार्दनदास महाराज, महामंडलेश्वर कालिदास महाराज (रेवाड़ी), मक्खन दास महाराज, सीताराम दास महाराज (नागाजी की गौर), रामबचन दास महाराज (लक्ष्मी नगर), रामदास महाराज (कल्याणपुरा), पोकर दास महाराज, बंशी दास महाराज (बागावास) और गोपाल दास महाराज समेत कई संत-महात्माओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। साथ ही, कार्यक्रम में युवा कांग्रेस के पूर्व प्रदेश महासचिव भीम पटेल, जगदीश मीणा, रोहिताश उपली कोठी, हीरालाल मिस्त्री, कमल जांगिड़, अनिल जांगिड़, पूर्व पार्षद भीखाराम सैनी, पूर्व सरपंच शंभूदयाल गर्ग, अरुण गर्ग, सुरेश, सुरेंद्र, रामनिवास सैनी, रामसिंह, दौलतराम सैन, वेदप्रकाश सैन, लक्ष्मीकांत कश्यप सहित सैकड़ों श्रद्धालु मौजूद रहे।संपूर्ण क्षेत्र भक्ति और श्रद्धा के रंग में रंगा हुआ दिखाई दिया।

## बेजुबान पक्षियों के लिये लगाये पानी के परिन्डे



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली, (बिल्लूराम सैनी)।** अग्रवाल सेवा समिति रघुनाथपुरा के तत्वाधान में हर वर्ष की भांति रविवार को बेजुबान पक्षियों के लिये पानी के 11 परिन्डे लगाये गये। समिति अध्यक्ष एड. दिनेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुये बेजुबान पक्षियों के लिये पानी के परिन्डे लगाकर उनमें नियमित रूप से पानी भरने का संकल्प लिया गया। इस दौरान उपाध्यक्ष एड. विकास अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य शुभम मंगल, देव यादव, जीतू यादव, रवि जांगिड़ समेत अन्य मौजूद रहे।

## रन फॉर हैप्पीनेस : जयपुर को स्वच्छ रखने के लिए बच्चों ने लगाई दौड







### राम स्तुति प्रस्तुत कर बनाया विश्व वर्ल्ड रिकॉर्ड

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** आज की तनाव ग्रस्त व भागदौड़ भरी जिंदगी में ताज़गी भरने के उद्देश्य से द एजुकेशन कमेटी ऑफ माहेश्वरी समाज द्वारा रविवार को अल्बर्ट हॉल से मैराथन 2.0 'रन फॉर हैप्पीनेस' का भव्य आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ग्रेटर मेयर सौम्या गुर्जर, ईसीएमएस अध्यक्ष केदारमल भाला, उपाध्यक्ष बजरंग लाल बाहेती, महासचिव मधुसूदन बिहानी रहे। मैराथन को मेयर सौम्या गुर्जर ने फ्लैग दिखाकर रवाना किया। साथ सभी को स्वच्छता के लिए जयपुर को स्वच्छ रखने की शपथ दिलाई।

एमपीएस इंटरनेशनल के सचिव व मैराथन संयोजक दीपक सारडा ने बताया कि मैराथन के दौरान लगभग 8000 से अधिक लोगों द्वारा एक साथ राम स्तुति प्रस्तुत कर विश्व रिकॉर्ड बनाया गया। मैराथन से पहले पहलगाँव में जान गँवाने वाले सपूतों के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि भी अर्पित की गई। तीन चरणों में आयोजित हुए मैराथन में फिटनेस रन (21 किमी) कॉम्पिटेटिव रन (10 किमी) तथा फन रन (4 किमी) के साथ जुम्बा, एरोबिक्स, गीत गायन, सांस्कृतिक कार्यक्रम व आर्केस्ट्रा की प्रस्तुति ने कार्यक्रम में चार चाँद लगाए। फिटनेस रन (21 किमी) के प्रथम विजेता को 11,000 रुपए, द्वितीय को 7100 रुपए व तृतीय स्थान प्राप्तकर्ता को 5100 रुपए नकद से पुरस्कृत किया गया । साथ ही कॉम्पेटेटिव रन (10 किमी) के प्रतिभागियों में से प्रथम स्थान प्राप्तकर्ता को 7100 रुपए, द्वितीय को 5100 रुपए तथा तृतीय विजेता को 3100 रुपए पुरस्कार के रूप में प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, मेडल व रिफ्रेशमेंट वितरित किए गए। कार्यक्रम में ईसीएमएस के पदाधिकारी गण, विद्यालयों के प्राचार्य, अध्यापक वृंद, विद्यार्थियों, अभिभावक गण, मैराथन के स्पॉन्सर्स तथा अनेक जयपुर वासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर कार्यक्रम के को-कन्वीनर महेश चांड़क, वासु बंग व प्राचार्या मंजू शर्मा ने टीमवर्क की सराहना करते हुए कार्यक्रम की सफलता की बधाई दी।

## सम्पादकीय

# अब तो आतंक पर हो आर-पार

पहलगाम में आतंकियों ने जिस बर्बरता से हिन्दू पर्यटकों को निशाना बनाकर उनकी हत्या की है, वह कई बड़े सवाल खड़े करता है। सबसे पहला सवाल तो यही है कि क्या वास्तव में भारत में हिन्दू होना अपराध है, अगर नहीं तो पाकिस्तानी आतंकियों ने उन्हें केवल हिन्दू होने की सजा क्यों दी। वैसे भी पाकिस्तान हमेशा से हिन्दुओं के बारे जहर उगलता रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने हिन्दुओं के विरोध में जिस प्रकार की भाषा का प्रयोग किया, उससे ऐसा लगता है कि पाकिस्तान कभी सुधर नहीं सकता। उसे उसी की भाषा में समझाने की आवश्यकता है। आतंक के मुद्दे पर अब आर-पार करने का समय आ गया है। भारत में हर आतंकी घटना के बाद प्रायः यह सुनाई देता है कि आतंकवाद का कोई धर्म या संप्रदाय नहीं होता। यह निश्चित रूप से इस्लामिक आतंकवाद को सही ठहराने का कार्य करते हैं। यह उस स्थिति में सही माना जा सकता था, ज़ब आतंकी बिना धर्म पूछे गोली चलाते लेकिन पहलगाम में तो केवल हिन्दुओं को ही गोली मारी गई। जो संगठन या व्यक्ति हमेशा यह कहते रहे हैं कि आतंकियों का कोई धर्म नहीं होता, पहलगाम में हुई आतंकी घटना से उनकी आँखों से परदा हट जाना चाहिए। घटना में केवल हिन्दू पर्यटकों को धर्म पूछकर गोली मारी गई। पाकिस्तान द्वारा की गई इस आतंकी घटना के बाद स्पष्ट हो गया है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से तब तक बाज नहीं आएगा, जब तक उसे जैसे को तैसा जवाब नहीं दिया जाएगा। अब पाकिस्तान के विरोध में कठोर कदम उठाने का समय आ गया है। क्योंकि बार-बार मुंह की खाने के बाद पाकिस्तान, कश्मीर में अशांति फैलाने का कायरता पूर्ण कार्य करता है। यह सारा खेल पाकिस्तान में आश्रय लेने वाले आतंकी आकाओं के इशारे पर किया गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि पाकिस्तान के इशारे पर आतंकवादियों को कश्मीर में आश्रय कौन देता है, यह जांच का विषय है। कोई भी विदेशी आतंकी तब तक अपने कार्य में सफल नहीं हो सकता, ज़ब तक उसे स्थानीय स्तर पर सहयोग न मिले। इसलिए ऐसी आतंकी घटनाओं को रोकने के लिए स्थानीय आतंकी तत्वों की पहचान भी जरुरी है। अभी कुछ दिन पूर्व पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने भारत और हिन्दुओं के विरोध में जहर उगला, उससे साफ हो गया कि वे अपनी सेना और आतंकियों को भारत के विरुद्ध भड़का रहे हैं। हो सकता है यह आतंकी घटना उसी का परिणाम हो। हालांकि सेना प्रमुख के जहरीले बयान के बाद उनके ही देश पाकिस्तान के उन नागरिकों की ओर से कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी, जो पाकिस्तान के वर्तमान हालातों में समस्याओं का सामना कर रहे हैं। इसके बाद भी आतंकी सरगनाओं के इशारों पर आतंक फैलाने वालों के लिए यह बयान एक प्रकार से हौसला बढ़ाने वाला ही रहा। जहां एक ओर पूरी दुनिया आतंक की समाप्ति के कदम का समर्थन कर रही है, वहीं पाकिस्तान इसे रोकने के बजाय बढ़ाने में लगा है। अमेरिका भी पाकिस्तान को कई बार आतंक पर लगाम लगाने की चेतावनी दे चुका है, लेकिन ऐसा लगता है कि पाकिस्तान सरकार का आतंकी आकाओं पर किसी प्रकार का नियंत्रण नहीं बचा, इसके विपरीत कभी-कभी ऐसा लगता है कि आतंकियों के नियंत्रण में पाकिस्तान की सरकार कार्य कर रही है। अब तो विश्व के कई मुस्लिम देशों ने भी पाकिस्तान के साथ खड़े होने से इनकार कर दिया। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान अलग-थलग दिखाई दे रहा है। पाकिस्तान सरकार आतंकियों के सामने बेबस इसलिए है क्योंकि आज पाकिस्तान के अंदरूनी हालात ऐसे हो चुके हैं, जो बिखराव का रास्ता ही निर्मित करता है। बलूचिस्तान में पाकिस्तान के विरोध में लम्बे समय से स्वर उठ रहे हैं, आज इन स्वरों में और तेजी आती जा रही है। पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के नागरिक भारत के साथ अपने सुखद भविष्य का सपना देखने लगे हैं।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 28 अप्रैल के महत्वपूर्ण घटनाएँ

- मैरी लैंड अमेरिकी संविधान की पुष्टि करने वाला 1788 में सातवां राज्य बना।
- यूरोपीय देश नीदरलैंड की संसद ने 1829 में नये प्रेस कानून पारित किये।
- जार्ज बी. वेशन 1847 में अमेरिका के न्यूयॉर्क न्यायालय में जाने वाले पहले अश्वेत नागरिक बने।
- इंग्लैंड में क्लोड ग्राहम व्हाइट नाम के पायलट ने 1910 में पहली बार रात में विमान उड़ाया।
- अमेरिका में वेस्ट वर्जीनिया के एस्सेल्स इलाके में 1914 में एक कोयला खदान हादसे में 181 लोगों की मौत।
- बीजी तिलक ने 1916 में भारतीय गृह नियम लीग की स्थापना की।
- इंसानों के लिए पीत ज्वर का टीका विकसित करने की घोषणा 1932 में की गई।
- रूस की राजधानी मास्को में 1935 में अंडरग्राउंड ट्रेन 'मेट्रो' की शुरुआत।
- इटली के तानाशाह बेनितो मुसोलिनी, उनकी प्रेमिका क्लारा पेटाची और उनके कुछ सहयोगियो की 1945 में हत्या हुई थी।
- फ्रांस के आखिरी सैनिक ने 1956 में वियतनाम छोड़ स्वदेश वापसी की।
- जापान 1964 में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (ओईसीडी) में शामिल हुआ।
- फ्रांस के तत्कालीन राष्ट्रपति चार्ल्स डी। गॉल ने 1969 को अपने पद से इस्तीफा दिया।
- जाम्बिया के एक विमान के गेबोन के लिबरविले में 1993 में दुर्घटनाग्रस्त होने से 30 फुटबाल खिलाड़ियों की मौत।
- दक्षिण कोरिया में 1995 में मेट्रो में हुए गैस विस्फोट में 103 की मौत।
- सन 1995 में श्रीलंका के पलाली में विमान दुर्घटना में 52 यात्रियों की मौत।
- अमेरिका वैज्ञानिक डाक्टर रिचर्ड सीड व्दारा 1999 में एक वर्ष के अन्दर मानव क्लोन बनाने की घोषणा।
- पहला अंतरिक्ष सैलानी टेनिस टीटो 2001 में अंतरिक्ष स्टेशन के लिए रवाना।
- बुकर पुरस्कार का 2002 में नया नाम मैन प्राइज फार फिक्शन रखा गया।
- श्रीलंका को हराकर 2007 में ऑस्ट्रेलिया चौथी बार विश्व चैंपियन बना।
- भारतीय अन्तरिक्ष अनुसन्धान संगठन ने 2008 में पीएसएलवी-सी9 के साथ छोड़कर एक नया इतिहास रचा।
- पाकिस्तान की प्रधानमंत्री रहीं बेनजीर भुट्टो को 2008 में मरणोपरान्त प्रतिष्ठित टिपरी इंटरनेशनल पुरस्कार प्रदान किया गया।

### 28 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- 1791 में महाराजा रणजीत सिंह के सेनाध्यक्ष हरि सिंह नलवा का जन्म हुआ।
- 1897 में चीन में सेना प्रमुख के अध्यक्ष ये जियानयिंग का जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

# जहरीली हुई जीवनधारा-उद्योगों के प्रदूषित पानी से खेत सूखे, गाँव उजड़े, ग्रामीण बेहाल

## जान पर कहर बनता जोजरी का जहर

**जोजरी नदी में जोधपुर के औद्योगिक इलाके की कई फैक्ट्रियों का अवशिष्ट आता है। इनमें स्टील और टेक्सटाइल इंडस्ट्रीज का तेजाबी और केमिकल युक्त पानी भी शामिल है। जोधपुर की वैध के अलावा अवैध फैक्ट्रियां टेक्सटाइल के केमिकल युक्त पानी को नदी में छोड़ देती हैं। नदी में बह रहे इस खतरनाक रसायन की जद में सालावास, नंदवान, राजेश्वर नगर, मेलबा, डोली और कल्याणपुर गांव के ग्रामीण त्रस्त हैं। करीब 40-50 किलोमीटर तक इस पानी के आसपास की जमीनें बंजर हो रही हैं। इन गाँवों के ग्रामीणों की जान पर कहर बन गया है जोजरी का ज़हर।**



हरीश शिवनानी

पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े शहर जोधपुर के अनेक गांवों के ग्रामीण अपनी जान हथेली पर रखकर जीने को मजबूर हैं। विडंबना यह है कि उनकी जान के लिए कहर वही नदी बन गई है जो सदियों तक उनके लिए जीवनदायिनी थी। मारवाड़ की मरु गंगा कहलाने वाली लूणी नदी और उसकी सहायक नदी जोजरी लंबे समय से प्रदूषण और अतिक्रमण की चपेट में हैं।

जोधपुर और बालोतरा ज़िले के कई गांव जोजरी में छोड़े जा रहे औद्योगिक कचरे से जल प्रदूषण की चपेट में आ गए हैं। इन गांवों के खेत सूख रहे हैं, मवेशी मर रहे हैं और ग्रामीणों का जीना मुहाल हो गया है। गांव-गांव में दुर्गंध, बीमारियां और ख़ौफ फ़ैलता जा रहा है। करीब 83 किलोमीटर लंबी जोजरी लूणी की सहायक मौसमी नदी है, जो नागौर के पंदलू गांव से निकलकर जोधपुर होते हुए कल्याणपुर से बालोतरा के पास तिलवाड़ा में लूणी नदी में मिलती है। जोधपुर में लगभग 250 कपड़ा उद्योग हैं। जोधपुर के कपड़ा उद्योग ज्यादातर स्क्रीन प्रिंटिंग प्रक्रियाओं से संबंधित है। क्षेत्र में अन्य औद्योगिक इकाइयां सीमेंट, औद्योगिक गैसों, वस्त्र, ग्वारगम, रसायन, प्लास्टिक, इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रिकल, खनिज आधारित आदि के निर्माण में लगी हैं।

एक रिपोर्ट के अनुसार नदी में प्रतिदिन 180 एमएलडी प्रदूषित अपशिष्ट छोड़ा जाता है। जोजरी में आ रहे इस केमिकल युक्त प्रदूषित पानी जोधपुर और बालोतरा ज़िले के पचास से ज़्यादा गांव-ढाणियों के लोगों, उनके खेतों और पशुधन को प्रभावित कर रहा है। इनमें धवा, मेलबा, लोनावास, कल्याणपुर, आरबा और डोली, राजेश्वर नगर और दूदावता जैसे गांवों में लोग जोजरी नदी से बहते काले और बदबूदार पानी से बेहाल हैं। यह ज़हरीला पानी खेतों में भरकर किसानों की फसलें नष्ट कर रहा है और बीमारियां फैला रहा है। उद्यमियों का कहना है कि ज़्यादा समस्या इसलिए है क्योंकि जोधपुर के सीईटीपी (इंडस्ट्रीज़ के पानी का ट्रीटमेंट प्लांट) की कैपेसिटी कम है। जोधपुर के रीको इंडस्ट्रियल एरिया में क़रीब दो हजार फैक्ट्रियां हैं। एम्स अस्पताल का पानी भी रीको ड्रेन से होकर जोजरी नदी में मिल जाता है। जोजरी के विषैले पानी की वजह से जल स्रोत, कुएं-तालाब, स्कूल,अस्पताल, तक भी दूषित चुके हैं। हालांकि उद्योगों का प्रदूषित पानी लगभग डेढ़ दशक से बहाया जा रहा है। लेकिन तीन -चार साल से यह समस्या गहराती जा रही है। जैसे-जैसे प्रदूषित पानी की समस्या बढ़ी है, तो उसका प्रभाव स्कूलों में बच्चों के नामांकन पर भी हुआ है। स्कूलों में बच्चों की संख्या घटने लगी है। जो बच्चे हैं वो दुर्गंध से खांसते रहते हैं, बीमार रहते हैं। रात में गांव गैस के चैंबर बन जाते हैं। घरों में दरारें आ गई हैं और पानी के टांके से गंदा पानी निकल रहा है। जिन घरों के पास ये पानी बहता है, वहां दीवारों और फ़र्श में दरारें आ चुकी हैं। जोजरी में फैल रहे ज़हर को लेकर जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय,जोधपुर के केमिस्ट्री विभाग की वंदना कछवाहा, गरिमा शर्मा, प्रिया तंवर और पल्लवी मिश्रा ने 'एसेसमेंट ऑफ़ वाटर क्वालिटी इंडिसेज़ ऑफ़ हैवी मेटल पॉल्यूशन इन जोजरी रिवर' पर शोध किया है। उनकी रिपोर्ट में कहा गया है कि जोजरी नदी के सिंचाई के लिए उपयोग किए जाने वाले औद्योगिक अपशिष्ट पानी में सीसा, क्रोमियम और कैडमियम की उच्च सांद्रता आसपास रहने वाले लोगों में सांस संबंधी विकार, लीवर, गुर्दा, तंत्रिका संबंधी समस्याएं, पेट संबंधी समस्याएं और कैंसर का कारण बन सकती हैं, जो इस पानी से उगाई गई सब्जियां, अनाज और दालें खा रहे हैं। मनुष्य के अलावा इसका नकारात्मक प्रभाव पशुओं पर भी पड़ रहा है। जोजरी के विषैले पानी में नाइट्रेट की मात्रा बहुत ज़्यादा है। ये नाइट्रेट पानी या चारे के माध्यम से पशुओं के पेट में जाता है जो नाइट्राइट बनता है जिससे पशुओं की प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है, उनकी ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता भी बेहद कम हो जाती है। उनके खुर सड़ने लगते हैं।

पशु प्रदूषित पानी पीने को मजबूर हैं। इसके कारण कई पशुओं की मौत भी हो चुकी है। केमिकल युक्त पानी से रोहिड़ा, खेजड़ी जैसे सैकड़ों पेड़ सूख गए हैं। प्रदूषित पानी से गाँवों में किसानों की खेती उजड़ने लगी है, पेड़ सूखने लगे हैं । खेतों में सफेद परत जम चुकी है और उपजाऊपन कम हो रहा है। फसलों में विषाक्त अवयवों की अधिकता पाई जा रही है इससे ज़मीन भी बंजर होती जा रही है। डोली गाँव की भूमि कई स्थानों पर औद्योगिक अपशिष्टों से भर गई है इससे खेती की जमीन खराब हो रही है। इन सब हालात में करीब आधा दर्जन से ज्यादा लोग गांव से पलायन कर गए हैं। हालांकि इस समस्या के समाधान के लिए बजट में 176 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है लेकिन यह नाकाफ़ी है।

दूषित पानी से जैव विविधता भी नष्ट होने लग गई है। धवा और डोली गांव सहित आसपास के क्षेत्र में पहले बड़ी संख्या में चिंकारा, नीलगाय, खरगोश, पोक्योपाइन, रेगिस्तानी लोमड़ी और कुछ अन्य दुर्लभ रेगिस्तानी सरीसृप रहते थे,लेकिन अब उनके जीवन पर जोजरी नदी के दूषित पानी की वजह से संकट पैदा हो गया। ऐसे में समय रहते अगर सरकार और स्वयं उद्यमियों ने कदम नहीं उठाए तो स्थिति ज़्यादा भयावह हो सकती है।

# यूपीएससी टॉपर या जाति टॉपर : प्रतिभा गुम, जाति और पृष्ठभूमि का बाज़ार गर्म

**देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा अब जातीय गौरव का तमाशा बन चुकी है। जैसे ही रिज़ल्ट आता है, प्रतिभा और मेहनत को धकिया कर जाति, धर्म और 'किसान की झोपड़ी' की स्क्रिप्ट सोशल मीडिया पर दौड़ने लगती है। एसी कमरों में पढ़ने वाले अब खुद को किसान का बेटा घोषित करते हैं, ताकि संघर्ष बिके। टॉपर बनने के बाद सेवा की बजाय सेल्फी और सेमिनार का मोह शुरू हो जाता है।**



डॉ सत्यवान सौरभ

हर साल जब संघ लोक सेवा आयोग के परिणाम आते हैं, तो देश का एक बड़ा वर्ग उत्साहित होता है — कहीं उम्मीदें टूटती हैं, कहीं सपने पूरे होते हैं। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से एक नया और खतरनाक ट्रेंड भी देखने को मिल रहा है — सफल अभ्यर्थियों की प्रतिभा और मेहनत पर चर्चा करने के बजाय, उनकी जाति, धर्म और आर्थिक पृष्ठभूमि को माइक्रोस्कोप से जांचा जा रहा है। और फिर उसी के आधार पर उनके संघर्ष की कहानी गढ़ी जाती है, सोशल मीडिया पर महिमामंडन या विवाद खड़ा किया जाता है। एक तरफ़ सफल अभ्यर्थी अपनी मेहनत को सेलिब्रेट करना चाहते हैं, दूसरी तरफ़ समाज उन्हें एक 'ट्रॉफी' बना देता है — या तो जातीय गौरव के नाम पर, या भावनात्मक बाज़ार के नाम पर।

**जब प्रतिभा गौण हो जाए और पहचान प्राथमिक**

क्या हम इतने खोखले हो गए हैं कि अब सफलता भी जाति की चश्मे से देखनी पड़ती है? एक छात्र जिसने वर्षों तक दिन-रात एक कर दिए, जो असफलताओं के बावजूद डटा रहा, जिसने निजी सुखों को छोड़ तपस्या की — उसकी कहानी अब उसकी प्रतिभा नहीं, उसकी जातीय पहचान से मापी जाएगी?

सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और न्यूज़ चैनल्स अब सबसे पहले पूछते है- यह टोपर किस जाति से है?

**उसके बाद आता है सवाल-पिता क्या करते हैं?**

फिर, अगर कहीं से भी किसान, मजदूर या निम्नवर्गीय पृष्ठभूमि जुड़ जाए, तो सफलता की कहानी में संघर्ष का मसाला डालकर उसे और अधिक बिकाऊ बना दिया जाता है।

**किसान का बेटा ब्रांडिंग का नया ट्रेंड**

यह एक विचित्र विडंबना है कि अब बड़े-बड़े शहरों के पॉश इलाकों में एसी कमरों में पढ़ने वाले भी खुद को किसान का बेटा बताने लगे हैं। परिवार में कभी पुरखों ने खेती की हो, या मामूली ज़मीन हो, तो भी उसे किसान परिवार का बेटा घोषित कर दिया जाता है। असलियत यह है कि जिन किसानों की हालत आज भी बैंकों के कर्ज में दबी है, जिनके बच्चे आज भी टूटी हुई पाठशालाओं में पढ़ रहे हैं, वे इस किसान परिवार की ब्रांडिंग का हिस्सा नहीं बन पाते।

यह नया संघर्ष बेचो मॉडल दरअसल एक बड़े मध्यमवर्गीय या उच्चवर्गीय तबके का सोशल इमोशनल इंजीनियरिंग है।

सफलता का नया मकसद- सेवा या सेल्फ ब्रांडिंग?

जहां एक समय सिविल सेवा का मतलब होता था — समाज की बेहतरी के लिए समर्पित जीवन। अब इसका अर्थ बदलता दिख रहा है। अब टॉपर्स बनने के बाद तुरंत यूट्यूब चैनल खोलना, इंस्टाग्राम पर 'Ask Me Anything' सेशन करना, कोचिंग ब्रांड्स के विज्ञापनों में चमकना, किताबें लिखना और मोटिवेशनल स्पीच देना, ट्रेंड बन गया है।

इसमें कोई बुराई नहीं है कि युवा अपनी सफलता का जश्न मनाएं या दूसरों को प्रेरित करें। लेकिन सवाल तब उठता है जब सेवा का भाव पीछे छूट जाए, और सेल्फ ब्रांडिंग ही प्राथमिक एजेंडा बन जाए।

## शख्सियत | बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान बडौदा ग्रामीण बैंक के कनिष्ठ लिपिक भगवती बाबू सांवरिया। जीवन के उतार चढ़ाव संघर्ष भरी जिंदगी लेकिन अपने माता-पिता से सीखा हुआ संस्कार और परवरिश में पाई नैतिक शिक्षा उनके जीवन का आज भी अहम पहलू बना हुआ है। साधारण परिवार में जन्मे भगवती बाबू सांवरिया ने शुरुआती दौर से ही संघर्ष का जीवन जिया। उतार-चढ़ाव का जीवन था परिवार में तीन भाई एक बहन है। ऐसे में पिताजी के रिटायरमेंट के बाद खुद को पैरों पर कम उम्र में खड़ा करना एक चुनौती से कम ना था, ऐसे में कहीं वीडियो गेम की दुकान खोली तो कहीं सेकंड हैंड टेंपो लेकर रातों-रात पैसे कमाने के लिए जी तोड़ मेहनत करना शुरू किया। पक्षियों को चुग्गा और वन्य जीवों को फल और सब्जी खिलाना एक बड़े पुण्य का काम होता है। इसलिए 19 सालों से मैं लगातार भगवती बाबू को यह काम करते देख रहा हूं। शायद इसी पुण्य प्रताप और अपने माता-पिता के आशीर्वाद के कारण बिना किसी चेक और जैक के राजस्थान बड़ौदा ग्रामीण बैंक में सहायक कर्मचारी के पद पर लग गए और आज प्रमोट होकर बैंक में लिपिक बन गए हैं। सभी लोग इन्हें बेहद प्यार करते हैं सबकी इज्जत सम्मान करना उनकी परवरिश का एक हिस्सा है। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे संघर्षील नौजवान की उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



भगवती बाबू
( बैंक लिपिक )

रूपक शर्मा

## 2025_0112 | बढ़ता राजस्थान

Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 3 | | 7 | | 5 |
| 1 | 2 | 5 | | | 4 | 3 | | |
| | 8 | | | 1 | | 9 | | 4 |
| 7 | 3 | | 1 | 9 | 5 | | 8 | 6 |
| 5 | 9 | 4 | 8 | | 7 | 2 | | 1 |
| 6 | 1 | | | | 3 | 5 | 7 | |
| | | 1 | | 8 | | | | |
| 2 | 5 | 6 | 3 | 4 | | 8 | 9 | |
| | | | | 5 | 9 | | | |

Ans_2025_0111

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 5 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 2 | 8 | 5 | 7 | 1 | 6 | 4 |
| 1 | 7 | 6 | 3 | 4 | 2 | 5 | 8 | 9 |
| 7 | 6 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 | 8 |
| 9 | 1 | 3 | 6 | 8 | 4 | 2 | 5 | 7 |
| 8 | 2 | 4 | 7 | 3 | 5 | 9 | 1 | 6 |
| 5 | 4 | 9 | 2 | 7 | 8 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 8 | 7 | 5 | 1 | 3 | 4 | 9 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 9 | 6 | 8 | 7 | 5 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताप और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी। आपका आर्थिक स्तर मजबूत बनेगा।

**वृष**
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

**मिथुन**
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

**कर्क**
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

**सिंह**
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

**कन्या**
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

**तुला**
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

**वृश्चिक**
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

**धनु**
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी।

**मकर**
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आर्थिक योजना में आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

**कुंभ**
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

**मीन**
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। खर्च ज्यादा होगा। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे। काम समय से पूरा नहीं होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# सूने मकान के तोड़े ताले

## जेवरात सहित 40 हजार रूपए की नकदी चोरी,

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** श्याम मन्दिर के पीछे स्थित जैन कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोडक़र जेवरात सहित 40 हजार रूपए की नकदी चुराकर ले गए। चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि जैन कॉलोनी निवासी शिवकुमार अग्रवाल दतवास वाले के मकान का ताला तोडक़र अज्ञात चोर जेवरात सहित 40 हजार रूपए की नकदी चुराकर ले गए। पीडित अग्रवाल ने बताया वह तीन दिन से अपने परिवार के साथ गांव दतवास गए हुए थे। तीन दिन से घर पर कोई नही था। रविवार को घर आए तो मकान के मेन गेट का ताला टूटा हुआ था। उसने पड़ोसियों को बुलाकर अंदर जाकर देखा तो आलमारी खुली हुई थी और सामान बिखरा हुआ था। आलमारी की तलाशी करने पर आलमारी में रखे दो सोने के टॉप्स, 40 हजार रूपए, चार ब्रांडेड घड़ी व एक मोबाइल सहित कई कपड़े गायब मिले। वार्ड पार्षद महेंद्र जैन ने पीडित शिवकुमार की मदद कर चोरों को शीघ्र गिरफ्तार करने व चोरी हुए सामान को वापस दिलवाने की मांग की। पुलिस ने मामला दर्ज कर चोरों की तलाश करने में जुट गई है। इस दौरान पुलिस ने मौके पर लगे सीसीटीवी केमरों को भी खंगाला।

# शांति समिति की बैठक

# आतंकी साजिशों को विफल करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी : शुभम

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर, ( राकेश शर्मा )।** हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की पृष्ठभूमि में जिले में कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए रविवार को जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट शुभम चौधरी तथा पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की संयुक्त अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई।


बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने की आतंकी साजिशों को विफल करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। समाज में सौहार्द और भाईचारे की भावना को हर हाल में बनाए रखा जाए। उन्होंने प्रशासन एवं पुलिस को निर्देश दिए कि किसी भी भ्रामक सूचना या अफवाह पर त्वरित संज्ञान लें और आवश्यक कार्रवाई करें। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट, अफवाहें एवं आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार को रोकने हेतु सतर्कता बरती जाए तथा संवेदनशील पोस्ट को साझा करने से बचा जाए। जिला कलक्टर ने सभी नागरिकों से अपील की कि वे जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए किसी भी संवेदनशील सूचना को तुरंत प्रशासन एवं पुलिस के साथ साझा करें। उन्होंने निर्देश दिए कि युवाओं को जागरूक किया जाए कि वे बिना जांचे-परखे कोई भी उत्तेजक सामग्री पोस्ट न करें तथा सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने वाली किसी भी गतिविधि से बचें। जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने कहा कि सभी शांति समिति सदस्य संबंधित थानाधिकारियों के साथ आपसी संवाद एवं समन्वय मजबूत रखे। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक आयोजन, जुलूस या रैली के आयोजन से पूर्व अनुमति अवश्य ले। साथ ही उन्होंने बाल विवाह, नशा, मृत्युभोज सहित अन्य कुप्रथाओं के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने तथा किसी भी अप्रिय घटना घटित होने की संभावना की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम नंबर 9530437072 या दूरभाष नंबर 07462-222999, 07462-220201 एवं संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों को देने की अपील की। बैठक में सभी शांति समिति सदस्यों ने जिले में पूर्ण शांति एवं भाईचारा बनाए रखने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।



साथ ही बाल विवाह, नशा, कुप्रथाओं के खिलाफ जनजागरूकता फैलाने तथा किसी भी अप्रिय घटना की सूचना तत्काल कंट्रोल रूम या संबंधित अधिकारियों को देने का आह्वान किया गया। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां, एसडीएम अनूप सिंह, तहसीलदार विनोद शर्मा, आबकारी अधिकारी सुरेश यादव, शांति समिति सदस्य महेश छाबड़ा, कानजी मीना, किशनलाल, अनिश खान, मुख्तयार खान, नाथूलाल शर्मा, रामकरण मीना, बदरूउद्दीन, अफजल अली सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# अंधेरी पोल के पास आया भालू, अफरा-तफरी

बढ़ता राजस्थान



**सवाईमाधोपुर, ( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर दुर्ग पर विगत दिवस बाघ के बाद अब भालू का डर बना हुआ है। जानकारी के अनुसार सुबह करीब नौ बजे दुर्ग के अंधेरी पोल के पास सुबह श्रद्धालुओं को भालू नजर आया। भालू को रास्ते में देखकर एक बारगी श्रद्धालु घबरा गए। वहीं भालू भी श्रद्धालुओं को देखकर इधर-उधर भागने लगा। ऐसे में मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार करीब दस मिनट तक भालू ने दुर्ग के रास्ते पर ही चहलकदमी की। इससे त्रिनेत्र गणेश के दर्शनों के लिए जाने वाले श्रद्धालुओं में खौफ रहा। हालांकि, दस मिनट बाद भालू का रुख फिर से जंगल की ओर हो गया। इससे वन विभाग और श्रद्धालुओं ने राहत की सांस ली।

### वन विभाग की मॉनिटरिंग पर उठ रहे सवाल

गत दिनों बाघिन के हमले में त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर सात वर्षीय बालक की मौत के बाद विभाग की ओर से एहतियात के तौर पर मार्ग पर श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद कर दिया था। हालांकि अब वन विभाग की ओर से प्रवेश को एक बार फिर से शुरू कर दिया गया है। लेकिन विभाग की ओर से आधे अधूरे इंतजामों के साथ ही यह व्यवस्था शुरू कर दी गई है। विभाग की ओर से भले ही मॉनिटरिंग और ट्रेकिंग के नाम पर रास्ते में वनकर्मियों को तैनात किया गया है। लेकिन इसके बाद भी यदि रणथम्भौर दुर्ग और त्रिनेत्र गणेश मंदिर मार्ग पर वन्यजीवों का मूवमेंट बना हुआ है तो हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। इससे श्रद्धालुओं को भी खतरा रहता है।

# जिले में कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखें

## जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने वर्चुअल बैठक कर दिए सख्त निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर, ( राकेश शर्मा )।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था एवं साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से जिला कलक्टर एवं मजिस्ट्रेट शुभम चौधरी की अध्यक्षता एवं जिला पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता की उपस्थिति में रविवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र के वीसी कक्ष में वर्चुअल बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि आतंकी घटनाओं का मकसद देश में साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ना है, जिसे किसी भी सूरत में सफल नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने समस्त उपखंड मजिस्ट्रेटों, वृताधिकारियों, तहसीलदारों और थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्थापित सभी कन्ट्रोल रूम को सक्रिय रखने, साईबर सेल के माध्यम से सोशल मीडिया पर भड़काऊ टिप्पणियों, अफवाहों अथवा संदिग्ध पोस्टों पर कड़ी निगरानी रखते हुए त्वरित सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। यह सुनिश्चित किया जाए कि किसी भी समुदाय विशेष के व्यक्तियों के साथ किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित न हो।

पुलिस थानों को नियमित रूप से शांति समिति एवं सीएलजी मीटिंग आयोजित कर साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखने हेतु समन्वय बनाए रखने को कहा गया। साथ ही संदिग्ध व्यक्तियों एवं स्थलों की पहचान कर निगरानी बढ़ाने तथा समय-समय पर ड्रोन से गश्त करने के निर्देश भी प्रदान किए गए। उन्होंने निर्देश दिए कि धार्मिक स्थलों, बाजारों, पर्यटन स्थलों, बस स्टैंडों, रेलवे स्टेशनों सहित भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। सभी संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरती जाए।

जिला कलक्टर ने कहा कि किसी भी आयोजन, जुलूस अथवा रैली से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य रहेगा तथा आयोजन की पूर्व जांच एवं रैली के दौरान वीडियोग्राफी कराना भी आवश्यक होगा। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे बिना पूर्व अनुमति मुख्यालय न छोड़ें एवं सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।

बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार कस्वां, एसडीएम अनूप सिंह, तहसीलदार विनोद शर्मा सहित वीसी के माध्यम से समस्त उपखंड अधिकारी, वृताधिकारी, तहसीलदार, थानाधिकारी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुर्जर समाज का सामूहिक विवाह समेलन

## 61 जोड़ों ने थामा एक-दूसरे का हाथ, बने हमसफर

# मुस्लिम तेली समाज के इज्तिमाई शादी समेलन में 22 जोड़ों ने कबूला निकाह



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर, ( राकेश शर्मा )।** चौथ का बरवाड़ा कस्बे में विगत दिवस मुस्लिम तेली समाज का चौथा इज्तिमाई शादी सम्मेलन हुआ। समेलन में 22 जोड़ो ने निकाह कबूल कर एक दूसरे का हाथ थामा। इस दौरान बड़ी संया में लोगों ने सम्मेलन में शिरकत की। जिनकी व्यवस्थाओं के लिए सभी समाज के लोगों ने बढ़-चढ़कर व्यवस्थाओं को अंजाम दिया। इसके साथ ही गर्मी के मौसम को देखते हुए छाया में पानी के विशेष बंदोबस्त किए गए। साथ ही अन्य व्यवस्थाएं भी की। सम्मेलन में शाम तक करीब 15000 लोगों ने भाग लिया। सम्मेलन को लेकर सुबह से ही लोगों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। जिसके चलते सुबह 9 से ही ईदगाह में भोजन की व्यवस्था शुरू कर दी गई। भोजन की व्यवस्था में सभी समाज के लोगों ने जबरदस्त सहयोग किया। इसके साथ ही सभी व्यवस्थाएं बनाए रखी। दूसरी ओर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेल मैदान में निकाह एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें कई स्थानों से आए शहर काजी ने निकाह पढ़ाकर शादी मुकमल करवाई। इस दौरान पूरे ग्राउंड में लोगों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली। वहीं समेलन में आए लोगों का समिति की ओर से ड्रोन की सहायता से पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।जिनके लिए समिति के लोगों द्वारा जगह-जगह पाने के इंतजाम किए गए। समेलन में समिति की ओर से मोटरसाइकिल के साथ-साथ अन्य घरेलू सामान दिया गया। साथ ही विधायक जितेंद्र गोठवाल, नलिनी फाउंडेशन के अध्यक्ष राधा गोविंद माथुर, प्रधान संपत पहाड़िया, सरपंच सीता सैनी, समाज से भी पूरणमल बाबा आदि लोगों द्वारा भी नव विवाहित जोड़ों को उपहार दिए गए।

छाण. गुर्जर समाज परिक्षेत्र दूमोदा के दूमोदा एवं कैलाशपुरी गांव के तत्वाधान में सामूहिक विवाह समेलन का आयोजन किया गया। आयोजन से जुड़े रामस्वरूप गुर्जर एवं सुरेश गुर्जर ने बताया कि समेलन में 61 जोड़ों ने अग्नि को साक्षी मानकर एक दूसरे का हाथ थामा। समेलन समिति की ओर नव जोड़ों को सोने चांदी के आभूषण सहित घरेलू सामान आदि उपहार स्वरूप दिए गए। समेलन कार्यक्रम के मुय अतिथि गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति राजस्थान के संयोजक विजय सिंह बैसला रहे। अध्यक्षता खंडार विधायक जितेंद्र गोठवाल ने की।

# 19 नाबालिग रेस्क्यू, हार्मोनल इंजेक्शन देकर देह व्यापार कराते

## चार महिलाएं लाती थी ग्राहक

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** खबर सवाई माधोपुर जिले से है और पूरे प्रदेश को चौकाने वाला मामला है। जिला पुलिस ने दिल्ली से आई एक सूचना के बाद कोतवाली इलाक में स्थित एक बस्ती में छापा मारा है और वहां से 19 लड़कियों को रेस्क्यू किया गया है। सभी नाबालिग हैं और लगभग उम्र 15 से 17 साल के आसपास है। इनसे वैश्यावृति कराई जाती थी और इनके लिए ग्राहकों का बंदोबस्त करने के लिए चार महिलाओं को रखा गया था। इस खुलासे के बार पूरे प्रदेश में हड़कंप मच गया है। कोतवाली पुलिस, क्यूआरटी टीम, एनजीओ और अन्य संस्थाओं की मदद से इन सभी को रेस्क्यू कर फिलहाल चाइल्ड लाइन में रखा गया है। अब ये पता करने की कोशिश की जा रही हैं कि ये रहने वाली मूलत: कहां की है और इनके परिवार को क्या इस बारे में पता है। बताया जा रहा है कि दिल्ली की एक संस्थान ने सवाई माधोपुर पुलिस को सूचना दी थी कि इस तरह से देह व्यापार हो रहा है और उसके लिए कम उम्र की लड़कियों को काम में लिया जा रहा है। माना जा रहा है अन्य राज्यों से तस्करी कर इन्हें यहां लाया गया है। पुलिस और अन्य संस्थाओं ने मिलकर जब छापा मारा तो वहां पर कुछ लड़कियां तो मदहोश हालात में मिलीं। लगभग सभी कमरों में अश्लील साहित्य और शराब की बोतलें मिलीं। इन लड़कियों के के लिए चार महिलाओं को भी लगाया गया था। कोतवाली पुलिस ने चारों को अरेस्ट कर लिया है। दिल्ली से आई संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि लड़कियों को जल्द बड़ा करने के लिए उनको खास तरह के हार्मोनल इंजेक्शन भी लगाए जा रहे थे। जिनसे वे बड़ी दिख सकें। पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता ने कहा कि सूचना के बाद रेड की गई है और वहां से कई लड़कियां मिली हैं। अब पूरी जानकारी जुटाई जा रही है।

# अधिकाधिक सदस्यों को शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) से जोड़े

बढ़ता राजस्थान




**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** यहां राजस्थान शिक्षक संघ (राष्ट्रीय) उप शाखा,देवली के समस्त प्रदेश जिला एवं उप शाखा कार्यकारिणी पदाधिकारियों, संकुल संयोजक, सह संयोजकों की बैठक अजीम प्रेमजी फाउंडेशन परिसर देवली में आयोजित की गई। मंत्री भँवर लाल वैष्णव ने बताया की सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा की गई एवं संकुल संयोजकों को रसीद बुक का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रभारी जिला महिला संगठन मंत्री श्रीमती संगीता सिंह, मंडल संयुक्त मंत्री श्री सुरेंद्र कुमार नामा, प्रधानाचार्य प्रतिनिधि श्री चंद्र प्रकाश माहेश्वरी, अति. जिला मंत्री भगत सिंह मीणा, अध्यक्ष द्वारका प्रसाद मेघवंशी, सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अध्यक्ष द्वारका प्रसाद मेघवंशी ने प्रत्येक ग्राम ताज पहुच कर प्रत्येक शिक्षक को संगठन से जोड़ने हेतु संकुल संयोजकों को प्रेरित किया।

# नटवाड़ा में नव दिवसीय 108 कुंडीय श्री चंडी महायज्ञ में आज से गूंजेंगे वेदमंत्र



बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा ( नि.स. )।** कस्बे में स्थित श्री बद्रीनाथ भगवान के मंदिर परिसर में मानव के कल्याण के लिए आयोजित होने वाला नव दिवसीय 108 कुंडीय श्री चंडी महायज्ञ सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरू होगा। गाँव नटवाड़ा में 28 अप्रेल से 6 मई 2025 तक श्री पंचदशनाम जूनापीठ सन्यास आश्रम घाटा कररिया गद्दीपति स्वामी कर्मानन्द गिरी महाराज के सानिध्य में 108 कुण्डीय श्री चंडी महायज्ञ होगा। प्रधान यजमान पुण्यप्रताप करण एवं प्रशासक नीता कंवर ने बताया कि महायज्ञ को लेकर यज्ञ मंडप, परिक्रमा स्थल, देवी-देवताओं की प्रतिमा, प्रवचन स्थल, संतों की कुटिया समेत अन्य कार्यक्रमों के लिए निर्माण कार्य पूरा हो गया है। वैदिक संस्कृति के शंखनाद से विश्व शांति को लेकर श्री चंडी महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। 28 अप्रेल को कलश यात्रा के बाद मंडप प्रवेश व 6 मई को पूर्णाहुति होगी। पूरे नौ दिन भक्त एवं श्रद्धालु भक्ति एवं ज्ञान की गंगा का आनंद लेंगे। 108 जोड़े प्रतिदिन हवन में भाग ले सकेंगे। ऐसी व्यवस्था की गई है कि एक नौ दिन में 972 जोड़े यज्ञ में हवन पर अपनी आहुतियां देंगे। महायज्ञ में रोजाना मथुरा-वृंदावन के कलाकार श्री कृष्ण रासलीला का आयोजन करेंगे। यज्ञ के अवसर पर में अयोध्या, बनारस, वृन्दावन एवं हरिद्वार के विद्वान एवं धर्माचार्य भाग लेगें। महायज्ञ की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए दिन-रात कारीगर एवं स्थानीय लोग लगे हुए हैं। यज्ञ समिति के द्वारा प्रचार प्रसार किया जा रहा है। यज्ञ समिति के प्रतिनिधिमंडल के सदस्य यज्ञ में आने के लिए कस्बे सहित राज्य व पड़ोसी राज्यों के साधु महाराज, मुख्य अतिथियों, गणमान्य लोगों व राजनीतिक दल के नेताओं को आमंत्रित करने में जुटे हुए हैं। रविवार को यज्ञ संचालन की तैयारियो को लेकर विशेष बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक में यज्ञ समिति द्वारा अलग-अलग कमेठियो का गठन कर सभी कार्यकर्ताओ को जिम्मेदारिया दी गई। यज्ञ में खामियों को दूर करने के साथ ही व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने के लिए काम शुरू कर दिया हैं। यज्ञ स्थल पर छाया, पानी एवं श्रद्धालुओ की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए है। यज्ञ में आने वाले श्रद्धालु एवं आम जन को किसी प्रकार की परेशानियो का सामना न करना पड़े इसके लिए कार्यकर्ता पूरी लगन के साथ जुटे हुए हैं।

# साधना नहीं करने पर भोगने पड़ते हैं कष्ट -संत रामपाल महाराज



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** गंगा जमुना गार्डन में रविवार को तत्वदर्शी संत रामपाल महाराज के सान्निध्य में एक दिवसीय विशाल सत्संग आयोजित हुआ। जिसमें ऑनलाईन प्रवचनों में संत रामपाल महाराज ने बताया कि पवित्र शास्त्रों के अनुसार साधना नहीं करने पर जीव को कष्ट व दंड भोगने पड़ते हैं। सत्संग का उद्देश्य शास्त्रानुकूल भक्ति के माध्यम से समाज में शांति, भाईचारा और नैतिकता को बढ़ावा देना है। नशा, रिश्वतखोरी व दहेज जैसी कुरीतियों के खिलाफ संदेश देना है। श्रद्धालु ऋषिपाल ने बताया कि श्रद्धालुओं ने संत रामपाल महाराज के सानिध्य में आयोजित सैकड़ों दहेजमुक्त विवाहों की सराहना की एवं समाज सुधार में उनके योगदान को महत्वपूर्ण बताया।

# भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा मीडिया के लिए एडवाइजरी जारी

## सुरक्षा अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी की आवश्यकता

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर, ( राकेश शर्मा )।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा मीडिया के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। इसमें बताया गया है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सभी मीडिया प्लेटफॉर्म, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया उपयोगकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि वे रक्षा और अन्य सुरक्षा संबंधी अभियानों, सशस्त्र बलों के मूवमेन्ट व सुरक्षा बलों के ऑपरेशन्स की कवरेज संबंधित मामलों पर रिपोर्टिंग करते समय अत्यधिक जिम्मेदारी का प्रयोग करें और मौजूदा कानूनों और विनियमों का सख्ती से पालन करें।

एडवाइजरी में बताया गया है कि विशेष रूप से रक्षा अभियानों या आवाजाही से संबंधित कोई भी वास्तविक समय कवरेज, दृश्यों का प्रसार या 'स्रोत-आधारित' जानकारी के आधार पर रिपोर्टिंग नहीं की जानी चाहिए। पिछली घटनाओं ने जिम्मेदार रिपोर्टिंग के महत्व को रेखांकित किया है। कारगिल युद्ध, मुंबई आतंकवादी हमले (26/11) और कंधार अपहरण जैसी घटनाओं के दौरान, अप्रतिबंधित कवरेज ने राष्ट्रीय हितों पर अनपेक्षित प्रतिकूल परिणाम दिए। मीडिया, डिजिटल प्लेटफॉर्म और व्यक्ति राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने पहले ही सभी टीवी चैनलों को केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 के नियम 6(1) (पी) का पालन करने के लिए सलाह जारी की है। नियम 6(1) (पी) में कहा गया है कि ऽकेबल सेवा में ऐसा कोई कार्यक्रम नहीं दिखाया जाना चाहिए, जिसमें सुरक्षा बलों द्वारा किसी आतंकवाद विरोधी अभियान का लाइव कवरेज हो। ऐसा प्रसारण केबल टेलीविजन नेटवर्क (संशोधन) नियम, 2021 का उल्लंघन है और इसके तहत कार्रवाई की जा सकती है। इसलिए, सभी टीवी चैनलों को सलाह दी जाती है कि वे राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान और आंदोलन का सीधा प्रसारण न करें।

# सामाजिक सेवाधर्मियों का सम्मान एवं गायत्री महायज्ञ सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** गायत्री परिवार अलवर से जुड़कर दिवाकरी नई बस्ती के नागरिक बंधुओ के द्वारा प्रतिवर्ष रक्तदान, सन्त शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज जी की जयंती समारोह एवं समाज के उत्थान में सहयोग किया जाता है । ऐसे सामाजिक सहयोग करने वाले भाई -बहनों का सम्मान एवं उत्साह वर्धन करने हेतु एक कुंडिय गायत्री महायज्ञ नई बस्ती दिवाकरी में दिनांक 27/4/25 रविवार को सुबह 6.30 यज्ञ किया गया । यज्ञ का संचालन गायत्री परिवार के श्री नवल किशोर चौहान जी ने किया। यज्ञ में विश्व शांति,भाईचारे में वृद्धि, नशा मुक्त समाज की स्थापना के लिए गायत्री महामंत्र, महामृत्युंजय मंत्र आदि मंत्रों से आहूति देकर समाज एवं राष्ट्रीय उन्नति की कामना की गई। यज्ञ के पश्चात् समाज सेवियों का सम्मान किया गया। सर्व प्रथम गायत्री परिवार ट्रस्ट अलवर की ओर से श्रीमती किरण देवी को उपजोंन प्रभारी श्री दिनेश गुप्ता जी, सहायक प्रबंधक ट्रस्टी श्रीमती ममता गुप्ता जी, कार्यकारिणी के संयोजक श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता जी ट्रस्टी श्रीमती प्रतिभा सिंह आदि ने दुशाला उड़ाकर सम्मान किया, श्रीमती किरण देवी ने अपने पति के देवलोकगमन के बाद अपने पांच छोटे बच्चों का मेहनत, मजदूरी कर सच्चाई और ईमानदारी का जीवन जीते हुए बालकों को सही शिक्षा और संस्कार दिए। आज सभी बालक प्रसन्न,खुशहाल और समाजनिष्ठ हैं। इसके पश्चात् रक्तदानियों और समाज सेवियों का जिन्होंने वृक्षारोपण, नशामुक्ति, संस्कारशाला, स्वच्छता , सन्त शिरोमणी श्री रविदास जयंती समारोह, गायत्री यज्ञ व अन्य सामाजिक कार्यों में सहयोग किया सभी सदस्यों को गायत्री मंत्र का दुपट्टा एवं मंत्र पट्टिका तथा चन्दन, तिलक लगाकर उनका उत्साहवर्धन किया।समारोह का शुभारंभ युग चेतना की प्रतीक गायत्री परिवार की मशाल पर पुष्पांजली अर्पित करने के साथ हुआ।

पुष्पांजली में क्षेत्र के समाजसेवी और सेवानिवृत प्रधानाचार्य श्री श्री धर्मपाल जी, डॉ अंबेडकर पब्लिक स्कूल के संचालन श्री रमेश बड़गूजर जी, उपजोंन संयोजक श्री दिनेश गुप्ता जी, श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता जी, श्रीमती ममता गुप्ता जी, श्रीमती प्रतिभा सिंह जी, श्री चंद्रपाल जी एवं श्री नवल किशोर चौहान जी सम्मिलित हुए। समारोह में शिवालय में घड़ियाल लगाकर लोकार्पण किया। समारोह का समापन श्री जगदीश प्रसाद गुप्ता जी के द्वारा उपस्थित नागरिकों के साथ पहलगांव में हुए भीषण नरसंहार करने वालों और उनका पोषण करने वालों की घोर निंदा कर, संगठित रहने की भावना को बल देते हुए शहीद हुए देशवासियों की आत्मा की शांति तथा उनके परिवारों को मनोबल बढ़ाने की भावना करते हुए दो मिनिट के मोन के साथ हुआ ।समारोह में युवा मण्डल, प्रज्ञा मंडल व महिला मंडल के अन्य स्वयंसेवक भी शामिल हुए।




# राईखेड़ा में प्रथम स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**तिजारा,( मुकेश शर्मा )।** तिजारा राईखेड़ा में रविवार को शहीद रोहिताश राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय , राईखेडा में सरपंच विक्रम यादव की अध्यक्षता में प्रथम स्वैच्छिक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। संयोजक रक्तवीर रामनिवास समाजसेवी व अखिलेश यादव के नेतृत्व में आयोजित इस स्वैच्छिक रक्तदान शिविर में एस जे एम चैरिटेबल जन सेवा ब्लड सेंटर भिवाड़ी की ब्लड बैंक टीम प्रभारी मलिक मां जी के नेतृत्व में 98 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। महिलाओं ने भी रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें आरती व मोनू पति-पत्नी ने एक साथ ब्लड डोनेट किया। रक्तवीर रामनिवास यादव समाजसेवी के द्वारा यह दसवां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का संयोजन किया गया। सलोना यादव , इंदर सिंह दहिया , कुलदीप , राकेश यादव , नितेश यादव , पार्षद राधे सैनी , पूर्व पार्षद शिवचरण सैनी , अजय यादव , अरविंद शर्मा , समुद्र सिंह , अतिथि के रूप में मौजूद रहे जिन्होंने फीता काटकर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। सभी रक्तदाताओं को सम्मान पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर नरपाल , संदीप , देवेंद्र , गजराज , नवल , विरेन्द्र , कुलदीप , राजेन्द्र सैनी , पवन ,अनिल आदि मौजूद रहे।

# जरूरतमंद महिलाओ को किया राशन वितरण

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ( का.स. )।** संतोष कुमार जानकी देवी अरोड़ा धर्मार्थ ट्रस्ट की ओर से रविवार को अपनाघर आश्रम विवेकानंद नगर अलवर में 135 जरूरतमंद महिलाओं को 300 रुपये की सहायता राशि और खाद्य सामग्री का वितरण किया। सभी को भोजन भी कराया गया। संतोष कुमार जानकी देवी अरोड़ा धर्मार्थ ट्रस्ट के द्वारा हर माह के अंतिम रविवार को 125 से 150 चयनित जरूरतमंदों को सहायता राशि/सामग्री का वितरण किया जाता है। इस अवसर पर संतोष कुमार अरोड़ा, शिव कुमार दुआ, अर्जुन तख्तानी, गजेंद्र यादव, अशोक कुमार गुप्ता, के के खण्डेलवाल, अशोक मेरी तथा अपनाघर आश्रम की कार्यकारिणी के सदस्य भी उपस्थित रहे। अगली किस्त का वितरण 25 मई को किया जायेगा। सहायता राशि वितरण के पश्चात संतोष कुमार जानकी देवी गुरुकृपा अपनाघर आश्रम अलवर की कार्यकारिणी की संतोष कुमार अरोड़ा की अध्यक्षता में बैठक हुई जिसमें आश्रम की व्यवस्थाओं एवं 24 जून 2025 को आश्रम के 14 वें स्थापना दिवस के संबंध में चर्चा की गई। आश्रम के अध्यक्ष सतीश सारस्वत ने बताया कि कार्यकारिणी की बैठक का समापन पहलगाम के हमले में दिवंगत आत्माओं को श्रधांजलि हेतु दो मिनट का मौन रखकर और उनकी शान्ति की कामना के साथ हुआ।

# खैरथल में पुलिस की बड़ी कार्रवाई 190 पेटी अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार, मुख्य सप्लायर फरार

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल/ तिजारा।** जिले के निकटवर्ती कस्बे सोडावास रोड पर पुलिस ने नाकाबंदी के दौरान बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध देशी शराब की 190 पेटियां बरामद की हैं। इस मामले में पुलिस ने वाहन चालक वेद प्रकाश यादव को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी वेद प्रकाश यादव, पुत्र होशियार सिंह यादव, निवासी बेरोज की बड़ी ढाणी (थाना ततारपुर), एक पिकअप वाहन (ऋछ 32 लष्ट 1644) में हीर-रांझा ब्रांड के कुल 9120 पव्वे लेकर जा रहा था। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि यह शराब राम अवतार गुर्जर को सप्लाई की जानी थी, जो शिवा होटल, शामदा गेट पर रहता है। पुलिस को आरोपी के पास से शराब से संबंधित कोई वैध कागजात नहीं मिले। मामले में पुलिस ने शराब और वाहन जब्त कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, मुख्य सप्लायर राम अवतार गुर्जर की तलाश जारी है। यह पूरी कार्रवाई डीसीपी राजेन्द्र सिंह निर्वाण और थाना अधिकारी महावीर सिंह शेखावत के निर्देशन में की गई।

# पुत्र ने किये अपने पिता के नेत्रदान

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** शहर मे छाजू सिंह की गली,अलवर निवासी श्री रामप्रकाश चुटानी (मैसर्स- पूनम स्टूडियो) के आकस्मिक निधन के उपरान्त उनके नेत्रदान कर दिए गए। नारायण सेवा संस्थान के अलवर शाखा अध्यक्ष आर एस वर्मा ने बताया कि गांधी जूस सेंटर से प्रेम गांधी ने अपने जीजा जी के निधन के उपरांत उनके नेत्रदान के लिए फोन किया ।तदउपरांत उनकी सूचना पर डा0 श्रॉफ हॉस्पिटल आई डोनेशन सेंटर की डॉक्टर की टीम ने उनके निवास पर पहुँच कर परिवार की सहमति के बाद आई डोनेशन की प्रक्रिया को पूरा किया ।गांधी परिवार एवं उनके पुत्र अतुल चुटानी ने उनकी अंतिम इच्छा अनुसार उनके नेत्रदान कर बहुत पुण्य का काम किया है। इस नेत्र दान से किन्ही दो नेत्रहिनो की आँखों को रोशनी मिलने से उनकी जिन्दगी संवर जायेगी उनकी इस पहल से अन्य लोगों को भी प्रेरणा मिलेगी। और मानवता के लिए परोपकार हेतु इस पुण्य कार्य को और अधिक बल मिलेगा।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** रविवार को कस्बे के समीपवर्ती बावड़ी गांव के पास स्थित पैट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। सूचना पर कोठी नारायणपुर पुलिस मौके पर पहुंची। कोठी नारायणपुर पुलिस चौकी के हेड कांस्टेबल रमेश मीना ने बताया कि बावड़ी गांव के रिलायंस पेट्रोल पंप के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार एक युवक को टक्कर मार दी। युवक की मौके पर ही मौत हो गई। युवक की पहचान हरकेश मीना(24) पुत्र मुरारीलाल मीना निवासी कांदोली, राजगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए राजगढ़ सामुदायिक चिकित्सालय लाया गया।

# भिवाड़ी की फैक्ट्री में संदिग्ध हालातों में श्रमिक की मौत, परिजनों ने कंपनी और पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप

बढ़ता राजस्थान



**भिवाड़ी ( मुकेश शर्मा )।** भिवाड़ी की एक कंपनी श्री बालाजी में संतोष कुमार विश्वकर्मा करीब 10 वर्षों से काम कर रहा था परिजनों के अनुसार कल दोपहर 3.00 बजे उसकी मृत्यु की सूचना दी गई संचालको व पुलिस द्वारा बताया गया कि हृदय गति थमने से संतोष की मौत हो गई परिजनों ने शव को देखने की इच्छा जाहिर की तो पुलिस ने उन्हें शव नहीं देखने दिया परिजनों ने बताया कि बड़ी मुश्किल से हमे शव दिखाया गया जिसे देखकर मालूम होता है कि संतोष की मृत्यु का कारण हृदय गति थमना ना होकर कुछ और ही है इस पर परिजनों के साथ आए सैकड़ो श्रमिकों नेविरोध प्रदर्शन करते हुए सड़क पर जाम भी लगा दिया तीन थानों की पुलिस ने आकर मुश्किल से जाम खुलवाया परिजनों का कहना है कि पुलिस उन्हें धमका रही है जेल में बंद करने की धमकी दे रही है श्रमिकों ने आरोप लगाए की कंपनी में आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है श्रमिकों की सुरक्षा के कोई उपाय संचालकों द्वारा नहीं किए गए हैं अनेक बार सिलेंडर फटने जैसी दुर्घटनायें हो चुकी है और पुलिस प्रशासन से न्याय की मांग कर रहे हैं। सनमाइका ने पुलिस में मामला दर्ज करवाना चाहा तो बताया कि कल 9.00 बजे के बाद जाकर मामला दर्ज करवाना।

# ब्राह्मण समाज की 30 अप्रैल को परशुराम जयंती पर निकलने वाली शोभायात्रा स्थगित

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर ( राजकुमार गुप्ता )।** श्री ब्राह्मण समाज की बैठक श्री ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष राजेश शर्मा ठेकेदार की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सचिव मनोज जैमन ने बताया कि श्री ब्राह्मण समाज की बैठक में सर्व प्रथम श्री ब्राह्मण समाज के अभिन्न अंग रहे स्वर्गीय मदनलाल शर्मा को पुष्प व अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित कर उनकी आत्मशांति के लिए दो मिनिट का मौन रखा गया। तत्पश्चात 30 अप्रैल को होने वाली परशुराम शोभायात्रा के बारे में चर्चा की गई। सभी विप्रजनों से अपने अपने विचार लिए गए। अंत में सभी की सहमति से अक्षया तृतीया पर होने वाली शोभायात्रा को स्थगित किया गया और उसी दिन सुबह 8.15 बजे भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का समापन करने का निर्णय लिया गया।

बैठक में अशोक पालीवाल, दिनेश शास्त्री, प्रदीप शर्मा, सुर्वेश्वर दयाल शर्मा, विवेक दीक्षित संजय शर्मा, मुकेश जैमन, विपिन भारद्वाज, राकेश शर्मा, मोनू शर्मा, कपिल जैमन, राकेश शर्मा, मिथलेश जैमन, कृपा शर्मा, संतोष गौड़, उर्मिला शर्मा, किरण शर्मा व काफ़ी संख्या में विप्रजन मौजूद रहे।

# दलित उत्थान संघर्ष सेवा समिति की बैठक सम्पन्न, कोर टीम और जिला समिति का गठन



बढ़ता राजस्थान

**खैरथल ( नि.स. )।** दलित उत्थान संघर्ष सेवा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक समिति के अध्यक्ष श्री श्यामलाल जाजोरिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से खैरथल क्षेत्र में 11 सदस्यीय जिला समिति और कोर टीम का गठन किया गया। सभी सदस्यों ने संकल्प लिया कि समिति सदैव दलित और पिछड़े वर्ग के अधिकारों एवं सेवा के लिए तत्पर रहेगी। किसी भी प्रकार की आपत्ति या अन्याय की स्थिति में समिति मजबूती से खड़ी रहेगी और सामूहिक रूप से संघर्ष करेगी। इस बैठक में रोहिताश कुमार, सीताराम, शीशराम, मुन्ना राम, रतन सिंह, लालाराम, दर्शन सिंह, पूर्णचंद, प्रेमराज, बनवारीलाल, सुखदेव, प्रकाशचंद, यादराम, संतराम, नंदराम, भीम सिंह, विजेंद्र आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# कोटा के प्राचीन शिव मंदिर में चोरी:तांबे की चरी और पीतल के बर्तन ले गए बदमाश; तीन महीने में तीसरी वारदात

बढ़ता राजस्थान

कोटा (का .स .)। कोटा में चोरों ने अब मंदिर को निशाना बनाया है। रामपुरा जिला हॉस्पिटल के नजदीक स्थित प्राचीन शिव मंदिर में अज्ञात बदमाश लोहे का गेट तोड़कर तांबे की चरी, पीतल के बर्तन और आरती समेत कीमती सामान चुराकर ले गए। स्थानीय निवासी कैलाश अग्रवाल ने बताया कि तड़के ढाई बजे के बाद बदमाशों ने सरिये से मंदिर का गेट तोड़ा। शिवलिंग पर चढ़े हुए नाग समेत कई सामान चोरी कर लिए। बदमाशों ने आसपास की दुकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की केबल भी काट दी। वारदात के समय इलाके में बिजली गुल थी।कैलाश ने बताया कि इस मंदिर में पिछले तीन महीने में यह तीसरी चोरी है। मामले की शिकायत कोतवाली रामपुरा थाने में दर्ज कराई गई है।

# गिरफ्तारी की मांगों को लेकर सौंपा ज्ञानन

बढ़ता राजस्थान

चौमहला, (आबिद हुसैन)। झालावाड जिले के डग मे 24 अप्रेल को हुए शम्भू सिंह मर्डर मामले मे सौंधिया राजपूत समाज द्वारा गंगधार उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर फरार आरोपी सोहेल खान को जल्द गिरफ्तार करने, डग मस्जिद से भड़काऊ भाषण देने वाले को गिरफ्तार करने, अवैध संपत्ति, मकान पर बुलडोजर चलाने, डग खेल मैदान के पास अवैध तरीके से बसे हुए रोहिंग्याओ को हटाने की मांग की गई, मांगे नहीं माने जाने पर ऐसा समाज द्वारा बड़े आंदोलन की चेतावनी भी दी गयी, ज्ञापन देते समय राष्ट्रीय अध्यक्ष मान सिंह, प्रदेश अध्यक्ष गोविन्द सिंह,रघुनाथ सिंह,लक्ष्मण सिंह, हड़मत सिंह, शंकर सिंह सहित कई वरिष्ठजन मौजूद थे।

# जिला कलेक्टर ने किशनगढ़बास के संवेदनशील क्षेत्रों का किया निरीक्षण, सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा

बढ़ता राजस्थान



**खैरथल-तिजारा, ( मुकेश शर्मा )।** पेहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के मद्देनज़र जिले में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने रविवार को किशनगढ़बास के संवेदनशील क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने किशनगढ़बास थाना परिसर का भी दौरा कर सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार एवं एएसपी राजेंद्र निर्वाण भी मौजूद रहे। जिला कलेक्टर ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की अफवाह फैलने से पहले उसे रोकने के लिए तत्परता से कार्रवाई करें। उन्होंने शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विशेष बल दिया और संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त निगरानी बढ़ाने के आदेश दिए।

मुख्यमंत्री के निर्देशों के तहत किए गए इस निरीक्षण में जिला कलक्टर ने क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी भ्रामक सूचना पर ध्यान न दें और शांति एवं सद्भाव बनाए रखने में सहयोग करें।

# बाइक अनियंत्रित होकर गिरी दो जने गंभीर रूप से हुए घायल कवरेज छोड़ घायलों के उपचार की मदद में लगे पत्रकार विष्णु सोनी

बढ़ता राजस्थान

**सरमथुरा, ( राजू शर्मा )।** उपखंड से होकर गुजर रहे नेशनल हाईवे संख्या 11 बि पर आज रविवार को एक बाइक डोमपुरा गांव के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई जिसमे बाइक सवार दो जने गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सरमथुरा थाना पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया जहां से डॉक्टरों ने दोनों की हालत गंभीर होने पर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया वही मिली जानकारी के अनुसार दोनों घायल लवकुश पुत्र अक्षय निवासी बसंतपुरा एवं बृजराज पुत्र रघुवीर निवासी धनौरा के निवासी बताए गए हे जो के रह टोटी से सरमथुरा की तरफ आ रहे थे वहीं हादसे की कबरेज करने पहुंचे सरमथुरा निवासी पत्रकार विष्णु कुमार सोनी ने जैसे ही देखा के एक घायल जिसे सांस लेने में तकलीफ हो रही हे उन्होंने तुरंत कवरेज छोड़ घायल व्यक्ति के उपचार में मदद की वही पूर्व में भी पत्रकार सोनी के द्वारा अन्य दुर्घटनाओं में भी घायल हुए लोगों की मदद कर मानवता की मिशाल पेश की हे

# राजस्थान पुलिस में चयन पर मनोज का स्वागत

बढ़ता राजस्थान




**पावटा।** प्रागपुरा पुलिस थाने स्थित एमएस लाइब्रेरी संचालक संदीप सैनी (फायरवाला) के नेतृत्व में रविवार को एमएस लाइब्रेरी पर सम्मान समारोह आयोजित हुआ।

इस मौके पर लाइब्रेरी में अध्ययन्तर छात्र छात्राओं द्वारा प्रागपुरा कस्बा निवासी मनोज पुत्र महावीर यादव का राजस्थान पुलिस में चयन होने पर माला व साफा पहनाकर स्वागत एवं अभिनन्दन किया गया। यादव ने झालावाड़ जिले से सामान्य सीट से 87 वीं रैंक हांसिल की। यादव के पिता महावीर कृषक माता कोशल्या गृहणी है। लाइब्रेरी संचालक संदीप सैनी (फायरवाला) ने पूर्व में मनोज यादव इसी लाइब्रेरी में रहकर तैयारियां कर रहा था। सैनी ने यादव के चयन होने पर उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें भी दी। इस दौरान बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

## नम आंखों से कॉलोनीवासियों ने दी पहलगाम आतंकी हमले में मारे गए निर्दोष पर्यटकों को श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों को गोली मार कर हत्या कर दी गई थी जिसे लेकर देश भर में विरोध एवं गुस्सा हैं पार्षद मनीष गिरी ने बताया कि आतंकवादी हमले में जान गवाने वाले बेकसूर भारतीय पर्यटकों को श्रद्धांजलि देने हेतु स्मार्ट किड्स ग्रुप की ओर से परमाणु बिजलीघर की आवासीय कॉलोनी के टाइप 3 फाऊंटेन गार्डन में बड़ी संख्या में बच्चे एवं परिजन एकत्रित हुए सभी ने हमले में जान गवाने वाले बेकसूर लोगों की आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा, कैंडल जलाई एवं श्रद्धासुमन अर्पित किए और इस हमले में घायल होने वाले पर्यटकों के जल्दी स्वस्थ होने को प्रार्थना की।पार्षद मनीष गिरी ने कहा कि इस घटना ने प्रत्येक भारतीय को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने कहा कि हम सब भगवान से प्रार्थना करते हैं कि भविष्य में कभी इस तरह का पाप न हो। फाउंटेन गार्डन में सैकड़ों की संख्या में इकठ्ठा हुए कॉलोनीवासियों ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए हमले में जान गवाने वाले निर्दोष पर्यटकों के लिए 2 मिनट का मौन रख कर पुष्प अर्पित किए।

### आतंकवाद के खिलाफ एकजुटता का संदेश

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन कोटा रीजन ने निकाला कैंडल मार्च

## बैसरन घाटी हत्याकांड के शहीद पर्यटकों को दी गई श्रद्धांजलि, रखा मौन

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** बैसरन घाटी (पहलगाम) में आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या से पूरे देश में शोक की लहर व्याप्त है। इस अमानवीय घटना के खिलाफ दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन कोटा रीजन के तत्वावधान में शनिवार, एक भावभीना कैंडल मार्च आयोजित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दादाबाड़ी छोटे चौराहे से बड़े चौराहे तक किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के संयोजक मनोज नैना सोनी और राजेंद्र रेखा जैन (एसबीबीजे) ने इस आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

मार्च के समापन पर उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर मृतकों को श्रद्धांजलि दी और आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने का संकल्प लिया।




**एक तिथि, एक समय पर कैंडल मार्च का आयोजन :** कोटा रीजन अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि फेडरेशन के निर्णयानुसार देशभर के सभी रीजन व ग्रुप्स ने एक ही तिथि और एक ही समय पर अपने-अपने नगर में कैंडल मार्च निकालकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कोटा में भी रात्रि 8:00 बजे शांतिपूर्वक मोमबत्तियाँ जलाकर मृतकों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। ड्रेस कोड में दिखा अनुशासन और एकता कैंडल मार्च में पुरुषों ने सफेद वस्त्र एवं महिलाओं ने क्रीम रंग के वस्त्र धारण किए, जिससे कार्यक्रम में एकता और अनुशासन का सुंदर उदाहरण प्रस्तुत हुआ। शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित इस मार्च ने समूचे वातावरण को श्रद्धा और करुणा से भर दिया। दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन कोटा रीजन के अध्यक्ष अनिल ठोरा ने कहा,आतंकवाद न केवल निर्दोष लोगों की जान लेता है, बल्कि मानवता को भी लहूलुहान करता है। आज हम सब एकजुट होकर इस कृत्य की निंदा करते हैं और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। हमारा यह कैंडल मार्च संदेश है कि हम आतंकवाद के सामने कभी नहीं झुकेंगे और मानवता की रक्षा के लिए हमेशा संगठित रहेंगे।

### प्रमुख गणमान्य उपस्थित

कैंडल मार्च में अनेक प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें विमल जैन नाता, राकेश मडिया, विमल जैन वर्धमान, पदम बडला, राजेंद्र जैन बैंक, मनोज जैन सोनी, हेमंत पाटनी, पीयूष जैन, अनिल ठोरा, जे.के. जैन, सुरेश चांदवड, सुरेश हरसोरा, उमेश अजमेरा, विजय दुगरिया, जीवनधर सोगानी, मधु शाह, नैना जैन, रेखा ठग और सीमा बगड़िया के नाम प्रमुख हैं।

### दिगंबर जैन सोशल ग्रुप 'अतिवीर' ने लिया पक्षी सेवा का संकल्प

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप 'अतिवीर' कोटा ने पक्षियों के लिए चलाया जीवदया अभियान

## अतिवीर ग्रुप ने लिया प्रतिदिन पक्षियों को दाना-पानी देने का संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप अतिवीर कोटा के सदस्यों ने परम पूज्य मुनि 108 श्री अरह सागर जी महाराज के सान्निध्य में पक्षियों के लिए परिंडे बांधकर दाना-पानी की जिम्मेदारी लेने की शपथ ली। यह आयोजन तलवण्डी दिगम्बर जैन मंदिर के सामने स्थित पार्क में किया गया, जहां ग्रुप के दम्पती सदस्यों ने जीवदया के इस महत्वपूर्ण कार्य में सक्रिय भागीदारी निभाई।



**प्रतिदिन पक्षियों को दाना-पानी देने का संकल्प :** ग्रुप के अध्यक्ष निकुंज जैन ने बताया, परम पूज्य मुनि 108 श्री अरह सागर जी महाराज के मार्गदर्शन में हमने पक्षियों के कल्याण के लिए यह अभियान शुरू किया है। तलवण्डी दिगम्बर जैन मंदिर के सामने पार्क में कई परिंडे लगाए गए हैं, जिनमें प्रतिदिन पानी भरने का संकल्प हमारे सदस्यों ने लिया है। सचिव शुभम लुहाड़िया ने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेश चांदवाड़, राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव जे.के. जैन, रीजन के पूर्व अध्यक्ष अनुराग सेठी और ग्रुप के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार लुहाड़िया,सुरेश हरसौरा ने मिलकर मंदिर में आने वाले दर्शनार्थियों एवं ग्रुप सदस्यों को 108 परिंडे वितरित किए और 11 परिंडे पार्क में स्थापित किए साथ ही,पक्षियों के आहार के लिए ज्वार पैकेट भेंट की गई। समस्त सदस्यों ने पक्षियों को नियमित रूप से दाना और पानी उपलब्ध कराने का संकल्प लिया है।

**जीवदया परम धर्म :** इस अवसर पर मुनिश्री 108 श्री अरह सागर जी महाराज ने अपने उद्बोधन में समाज के लोगों को जीवदया के कार्यों के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा, जीवदया परम धर्म है। पशु-पक्षियों की सेवा करना हमारी नैतिक ज़िम्मेदारी है। गर्मी के इस मौसम में पक्षियों को दाना-पानी देना एक महत्वपूर्ण सेवा कार्य है। गुरुदेव ने आचार्य 108 विद्यासागर जी महाराज के विचारों को आत्मसात करने की बात कही और समाज के लोगों से अहिंसा और जीवदया के सिद्धांतों का पालन करने का आग्रह किया। राष्ट्रीय अतिरिक्त महासचिव जे.के. जैन ने इस अवसर पर कहा, जीवदया हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है। पर्यावरण संरक्षण और जीव-जंतुओं के प्रति करुणा रखना हमारे जीवन मूल्यों में शामिल है। अतिवीर ग्रुप द्वारा की गई यह पहल सराहनीय है और अन्य संगठनों के लिए प्रेरणादायक होगी। फेडरेशन के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष सुरेश चांदवाड़ ने अपने उद्बोधन में कहा, पक्षियों की संख्या में निरंतर गिरावट एक चिंता का विषय है। ऐसे में, परिंडे लगाना और पक्षियों के लिए भोजन-पानी की व्यवस्था करना एक सराहनीय कदम है। अतिवीर के पदाधिकारियों ने गुरुदेव से आशीर्वाद प्राप्त किया और भविष्य में भी ऐसे जीवदया कार्यक्रम जारी रखने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ग्रुप कार्याध्यक्ष सुदर्शन जैन,कोषाध्यक्ष कमल गोधा, जीवनधर सौगानी, कमल बोहरा तथा वर्षा पाटनी, नीना चांदवाड़, बीना जैन, मीनल लुहाड़िया सहित कई महिला सदस्य भी उपस्थित रहीं।



## एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में वांछित 05 वर्षों से फरार आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**छोटीसादड़ी।** थाना छोटीसादडी के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा थाना छोटीसादडी पर एनडीपीएस एक्ट के प्रकरण में 05 वर्षों से फरार आरोपी बालाराम पिता उदाराम जाति जाट उम्र 29 साल निवासी हाथीतला थाना सदर बाडमेर जिला बाडमेर को गिरफ्तार किया गया। सीआई प्रवीण टांक ने बताया कि 22 दिसंबर 2021 को पुलिस थाना छोटीसादडी टीम को गश्त के दौरान गजपुरा रास्ते पर एक स्कॉर्पियों व एक फॉरच्यूनर गाडी में एक पीकअप गाडी में भरे डोडाचूरा को अपनी गाडियों में भरते हुए नजर आये, जो पुलिस जाप्ता को देख कर मौके से भाग गये। जिनमें से दो व्यक्ति डोडाचूरा से भरी एक फॉरच्युनर लेकर व चार व्यक्ति पैदल भागे गये। भागने वाले व्यक्तियों की पहचान अशोक, बालाराम, कीरताराम उर्फ लादेन व तीन स्थानीय व्यक्ति के रूप में हुई है। मौके पर एक आरोपी कंवराराम के कब्जेशुदा स्कॉर्पियों गाडी व पीकअप में भरा कुल 239 किलो 740 किलोग्राम डोडाचूरा व एक पिस्टल मय राउण्ड को जब्त किया जाकर आरोपी कंवराराम को गिरफ्तार किया गया। थाना छोटीसादडी पर प्रकरण एडीपीएस एक्ट व आर्म्स एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान किया गया।

अनुसंधान के दौरान मौके से फरार मुख्य आरोपी घनश्याम जटिया, भैरूलाल धाकड, वीरू उर्फ विरेन्द्र आंजना उर्फ किशन आंजना, किरताराम उर्फ लादेन, ललित आंजना तथा उक्त डोडाचूरा क्रेता पीराराम की तलाश कर गिरफ्तार किये जा चुके है। प्रकरण में मौके से फोरच्युनर गाडी लेकर फरार आरोपी बालाराम पिता उदाराम जाति जाट निवासी हाथीतला थाना सदर बाडमेर जिला बाडमेर को जरिये प्रोडक्शन वारण्ट के उप कारागृह बालोतरा से न्यायालय के आदेश से प्राप्त कर जुर्म प्रमाणित पाया जाने से गिरफ्तार किया जाकर एनडीपीएस कोर्ट प्रतापगढ के समक्ष पेश कर पुलिस रिमाण्ड प्राप्त किया गया। आरोपी से प्रकरण में जब्तशुदा डोडाचूरा व साथी अभियुक्तगणों के सम्बन्ध में अनुसंधान किया जा रहा है।

## अग्रवाल समाज ने दी पहलगाम में मृतक देशवासियों को श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

कोटा (विनोद गौड़)। पाकिस्तान परस्त आतंकवादियों द्वारा जम्मू-कश्मीर राज्य के पहलगांव क्षेत्र में हिन्दु पर्यटकों की निन्दनीय नृशंस हत्या के कुकृत्य के विरोध में कोटा अग्रवाल समाज द्वारा रविवार को शहीद स्मारक पर विरोध प्रदर्शन कर केण्डल जलाकर श्रद्धांजली दी गई। संभाग अध्यक्ष मोहनलाल अग्रवाल ने बताया कि पाकिस्तान निर्दोष व्यक्तियों और बच्चों की निर्मम हत्या करना भारत के लिए बहुत बड़ी घटना है। प्रधानमंत्री को कड़ी से कड़ी सजा देनी चाहिए। संभाग महामंत्री संजय गोयल, महामंत्री गजानंद सिंघल ने बताया कि श्रद्धांजलि में कोटा की इकाईयों के अध्यक्ष, महामंत्री और बड़ी संख्या में महिला और पुरुष ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजली दी। कार्यक्रम मे समाजसेवी संदीप अग्रवाल चांदी वाले, राजेन्द्र अग्रवाल महामंत्री भाजपा कोटा शहर, सुधीर गुप्ता, नवीन अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, प्रमोद अग्रवाल, राम निवास गर्ग, दिनेश अग्रवाल, महिला अध्यक्ष कमला मित्तल, महामंत्री रूपा अग्रवाल, राजकुमारी जैन, अनिता अग्रवाल, किरण अग्रवाल, भावना अग्रवाल, संगीता गर्ग, भारती जैन, टीना अग्रवाल, उमा सिंघल, सोनू गुप्ता, किशन अग्रवाल, लक्ष्मी गुप्ता व संस्था के कई सदस्य एवं गणमान्य की उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

## बाइक अड़ने की मामूली सी बात पर चाकू बाजी पर उतारू हुए दो युवक

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( विनोद गौड़ )।** मोटरसाइकिलों के आमने-सामने से टकराने की छोटी सी बाद चाकू बाजी की घटना तक पहुंच गई की कोई घायल नहीं हुआ यही नहीं बीच बस्ती में मामूली कहां सुनने के बाद दो युवकों ने जब से चाकू निवास चीज निकल कर एक युवक पर हमला करने का प्रयास किया जिसमें युवक ने भाग कर अपनी जान बचाई हालांकि थोड़ी देर तक बाइक सवार दोनों युवकों ने बालक का पीछा भी किया लेकिन बालक अपने घर में जाकर छुप गया जिससे उसकी जान बच गई मामला कोटा के नान्ता थाना क्षेत्र के नान्ता गांव के मालियों का मोहल्ला क्षेत्र का है । प्रत्यक्षदर्शियो के अनुसार घटना दोपहर 2.30 बजे के करीब की है। बीच बस्ती में आकर चाकूबाजी करने की हिम्मत करने वाले युवकों की हरकत से पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई एक-एक करके लोगों ने एकत्र होना शुरू किया । वही पीड़ित



मोहित सैनी ने बताया कि मैं घर से कलर के पेड़ लेकर दुकान जा रहा था घर से निकल ही था कि मोड पर ही दो युवकों ने आकर मेरी बाइक को टक्कर मार दी मैं कुछ कहता उसके पहले ही उन लोगों ने मारपीट चालू कर दी गाली गलौज करते हुए मुझे पिटने लगे। मैंने भाग कर अपनी जान बचाई और थोड़ी देर बाद पापा को फोन किया उन्होंने घर आकर मुझे संभाला और थाने जाकर हमने लिखित में रिपोर्ट दी। यह पूरी घटना एक मकान के बाहर लगे सीसीटीवी में कैद हो गयी।

## रावतभाटा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी हेतु निशुल्क इंटीग्रेटेड योग शिविरों का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**रावतभाटा ( नि.स. )।** पतंजलि योग समिति रावतभाटा द्वारा संचालित निशुल्क दैनिक इंटीग्रेटेड योग शिविर का आयोजन राणा प्रताप सागर बांध गार्डन में किया जा रहा है। समिति के तहसील प्रभारी योगाचार्य राधेश्याम शर्मा ने बताया कि आगामी 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने हेतु विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नारायणपुरी आश्रम में महिलाओं के लिए विशेष रूप से शाम 6:30 बजे से 7.30 बजे तक एक माह का निशुल्क योग शिविर चलाया जा रहा है। इस शिविर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के सभी आसनों का अभ्यास कराया जा रहा है, साथ ही जीवनशैली से



जुड़ी बीमारियों से बचाव हेतु सरल योग विधियों का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण राजकीय महाविद्यालय की डॉ. पूजा वार्ष्णेय के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है।

अनुआशा कॉलोनी में योग प्रशिक्षक सुनीत राठौर द्वारा प्रतिदिन प्रातःकाल निशुल्क योग कक्षा संचालित की जा रही है। वहीं, राजस्थान पश्चिम के प्रभारी स्वामी परमार्थ जी के नेतृत्व में उदयपुर में भी योग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।चित्तौड़गढ़ जिला प्रभारी सुरेश शर्मा ने जानकारी दी कि रावतभाटा में शीघ्र ही 15 दिवसीय सह-योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिससे योग शिक्षकों की नई पीढ़ी तैयार की जा सके।

### ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा सम्पन्न

# ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन की वार्षिक आम सभा में शंभुपुरा के निरस्त भूखण्डों की बहाली का मुद्दा छाया

बढ़ता राजस्थान

**कोटा ( का.स. )।** ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन, कोटा की वार्षिक आम सभा रविवार को पोरवाल भवन, सुभाष नगर में सफलतापूर्वक आयोजित की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में 157 सदस्यों ने भाग लिया, जिसमें शंभुपुरा ग्रोथ सेंटर में निरस्त किए गए भूखण्डों की बहाली का मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। बैठक में संरक्षक जेपी शर्मा,अध्यक्ष मधुसूदन खण्डेवाल,उपाध्यक्ष पंकज बजाज,सचिव प्रमोद कुमार गर्ग, कोषाध्यक्ष दीपक बाहेती सहित अन्य कार्यकारिणी सदस्य भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम आरंभ से पूर्व सभी सदस्यों ने बैसरन घाटी (पहलगाम) में आतंकवादियों द्वारा 26 निर्दोष पर्यटकों की निर्मम हत्या से पूरे देश में शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि दी और दो मिनट का मौन रखा।

**एकजुटता से संघर्ष का आह्वान :** सभा में सबसे अहम मुद्दा शंभुपुरा ग्रोथ सेंटर में आवंटित भूखण्डों के निरस्त होने का रहा। अध्यक्ष मधुसूदन खण्डेवाल ने इस समस्या पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए सभी सदस्यों से एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। वरिष्ठ सदस्यों पूर्व सचिव चंद्रखेशर रामचंदानी,जितेन्द्र जैन,सोहन लाल जैन,सुंदर लाल जैन, निगम शर्मा, महावीर बाहेती,मनोज रायका, और रमेश विजय ने भी निरस्त भूखण्डों के लिए आंदोलन की आवश्यकता पर बल दिया और सभी ट्रांसपोर्ट सदस्यों को




एक झंडे के नीचे संघर्ष करने की वकालत की।

**लोकसभा अध्यक्ष तक पहुंचेगी समस्या :** एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुसूदन खण्डेवाल एवं संरक्षक जे.पी. शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा, ट्रांसपोर्ट कंपनीज एसोसिएशन वर्ष 1969 से कोटा में कार्यरत है और हर ट्रांसपोर्ट कंपनी के सुख-दुख की साथी रही है। हमारा संगठन एक लोकतांत्रिक संस्था है, जहां पिछले चार कार्यकालों से निरंतर चुनाव के माध्यम से पदाधिकारियों का चयन किया जा रहा है।उन्होने सदस्यों को आश्वासन दिया कि वे एक संयुक्त संघर्ष समिति के माध्यम से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को इस समस्या से अवगत कराकर उचित समाधान निकालने का प्रयास करेंगे। मधुसूदन खण्डेवाल ने आशा व्यक्त करते हुए कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदैव कोटा की समस्या का निराकरण के सक्रिय रहे उन्होने पूर्व में भी कई समस्याओं के निदान में अपना अमूल्य सहयोग दिया है और वह शुंभापूरा का सटिक हल? निकालेंगे। उपाध्यक्ष पंकज बजाज ने सदस्यों से एकजुटता बनाए रखने का आग्रह करते हुए कहा, केवल संगठित प्रयासों से ही हम अपने अधिकारों की रक्षा कर सकते हैं और निरस्त भूखण्डों की बहाली सुनिश्चित कर सकते हैं।उपाध्यक्ष पंकज बजाज ने आमसभा में अपने विचार रखते हुए कहा कि भूखंड बहाली के लिए सभी सदस्यों से आह्वान किया कि वे एक झंडे के नीचे संगठित होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करें। बजाज ने कहा कि जब तक सभी सदस्य एक स्वर में अपनी मांग नहीं रखेंगे, तब तक कोई भी समस्या का समाधान संभव नहीं हो पाएगा।

**एसोसिएशन की गतिविधियों की समीक्षा :** सचिव प्रमोद कुमार गर्ग ने बताया कि आम सभा का मुख्य उद्देश्य वर्ष भर की गतिविधियों की समीक्षा करना, आगामी योजनाओं पर चर्चा करना तथा सदस्यों से सुझाव प्राप्त करना था। पूर्व महामंत्री चंद्रशेखर रामचंदानी ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों और भूखण्ड आवंटन संबंधी मुद्दों पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ सदस्य जितेंद्र जैन ने संगठन की मजबूती पर सवाल उठाए, जिस पर अध्यक्ष खण्डेवाल ने आश्वासन दिया कि सभी सुझावों को गंभीरता से लिया जाएगा। आम सभा में शंभुपुरा ग्रोथ सेंटर के निरस्त भूखण्डों के अलावा, ट्रांसपोर्ट नगर में अतिक्रमण, गंदगी और नाली पठान की समस्याओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष खण्डेवाल ने बताया कि इन समस्याओं के समाधान पर प्राप्त सुझावों को शीघ्र ही लागू किया जाएगा।

# धौलपुर में गूंजा संविधान का स्वर

## चंद्रज्योति अभियान में छात्रों ने दिखाई प्रतिभा और जागरूकता

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर, ( राजू शर्मा )।** जिला परिषद धौलपुर परिसर भारतीय संविधान के प्रति नई चेतना और ऊर्जा का गवाह बना। चंद्रज्योति अभियान के तहत आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में धौलपुर, बसेड़ी, बाड़ी और सैंपऊ क्षेत्र के विद्यालयों के छात्रों ने संविधान के मूल्यों को जीवंत कर दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री आल्हाद निवृत्ति सोमनाथ ने की। अपने प्रेरणादायक संबोधन में उन्होंने छात्रों के भीतर संविधान के आदर्शों के प्रति गर्व और प्रतिबद्धता का बीजारोपण किया। प्रतियोगिता में कक्षा 5, 6, 7, 9 और 11 के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज में कटैलपुरा विद्यालय के शौर्य, विनय और अंशी मुद्गल विजेता बने। पोस्टर मेकिंग में ओमकार, अनन्या, खुशी, गुंजन, हर्षिता और विवेक ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा से सबका मन मोह लिया। भाषण प्रतियोगिता में सिटी कोतवाली विद्यालय की खुशी, प्रांशु और वर्षा ने अपने प्रभावशाली व्यक्तित्व कौशल से सबको प्रभावित किया। वाद-विवाद में सिटी कोतवाली, विपरपुर और पुरानी छावनी विद्यालय के समूहों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। वहीं रोल-प्ले में भी छात्रों ने संविधान से जुड़े जीवंत प्रसंग प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया। प्रतियोगिताओं का मूल्यांकन रामदीन, बाल मुकुंद, लक्ष्मणचंद, वेद प्रकाश और अंजना जैसे अनुभवी निर्णायकों द्वारा किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन अतुल चौहान ने किया। प्रतियोगिताओं के बाद संविधान दीवार यात्रा का आयोजन किया गया, जहाँ छात्रों ने चित्रों और संदेशों के माध्यम से संविधान की आत्मा को महसूस किया। इस दौरान सीईओ जिला परिषद ए एन सोमनाथ ने भारतीय संविधान की यात्रा विषय पर छात्रों को रोचक तथ्यों और उदाहरणों के साथ संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान चंद्रज्योति अभियान की विशेष पुस्तिका का विमोचन भी किया गया, जिसमें विद्यालयों की गतिविधियों, प्रतियोगिताओं और छात्रों के अनुभवों को संकलित किया गया है। सीईओ जिला परिषद ने मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी महेश मंगल के साथ इस पुस्तिका का अनावरण किया। सक्रिय योगदान देने वाले शिक्षकों दर्शना (कटैलपुरा विद्यालय), गौरव (पीडावली विद्यालय) और अतुल चौहान (विपरपुर विद्यालय) को सक्रिय शिक्षक पुरस्कार से नवाजा गया। साथ ही सलेमपुर विद्यालय (बसेड़ी), पचगांव बालिका विद्यालय और पीएम श्री सरमथुरा विद्यालय को सक्रिय विद्यालय पुरस्कार प्रदान कर उनकी उत्कृष्ट सहभागिता को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संजय शर्मा, सूरज, यतीश, गौरव, अंकिता, मिन्हाज, रेनू एवं संतोष समेत कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समापन संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक वाचन के साथ हुआ, जिसने छात्रों में संविधान के प्रति सम्मान और अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों के प्रति गहरी जागरूकता का संचार किया।




भारत विकास परिषद सूरज प्रकाश शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह

## अध्यक्ष सहित सभी पदाधिकारियों को दिलाई पांच उद्देश्यों पर काम करने की शपथ

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी, ( राजू शर्मा )।** शहर के बसेड़ी रोड स्थित एक निजी मैरिज होम में शनिवार की रात भारत विकास परिषद की डॉ सूरज प्रकाश शाखा के अध्यक्ष एवं विभिन्न पदाधिकारी का दायित्व ग्रहण समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के क्षेत्रीय संयुक्त महासचिव डॉ शिवदयाल मंगल और प्रांतीय महिला संयोजिका सरोज मंगल के साथ पूर्व अध्यक्ष पप्पूमल जिंदल,प्रांतीय संगठन सचिव आदित्य भारद्वाज, प्रांतीय वित्त सचिव विष्णु माथुर ने महिला एवं पुरुष शाखा के विभिन्न पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उन्हें संस्थान के उद्देश्यों से परिचित कराया।

नवीन टीम में अध्यक्ष जगदीश पहाड़िया, सचिव संजीव गर्ग,कोषाध्यक्ष पंकज मंगल के साथ विभिन्न पदाधिकारी ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। समारोह कार्यक्रम के दौरान सेवा संयोजक उमेश सिंघल को, संस्कार संयोजक हरिओम सिंघल को,संपर्क संयोजक नरेंद्र मंगल को, पर्यावरण संयोजक राकेश शर्मा को और महिला सहभागिता संयोजक कृष्णा जिंदल को भी उनकी जिम्मेदारी के लिए दायित्व ग्रहण कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ शिवदयाल मंगल ने कहा कि भारत विकास पर पिछले 62 वर्ष से देश के विभिन्न भागो में अपनी संपर्क, संस्कार, सहयोग,सेवा और समर्पण के पांच उद्देश्यों को लेकर कार्य कर रहा है। वर्तमान में बाड़ी शहर में भी भारत विकास परिषद और डॉ सूरज प्रकाश शाखा दोनों की पदाधिकारी लगातार आमजन की सेवा और जनकल्याण के कार्यों में जुटे हैं।

ऐसे में भारत विकास परिषद की सूरज प्रकाश शाखा के नवीन पदाधिकारी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई है और संस्था के उद्देश्यों के लिए उनसे संकल्प लिया गया है। डॉ सूरज प्रकाश शाखा के नवीन अध्यक्ष बने जगदीश पहाड़िया ने बताया कि उनके परिवार लगातार संस्था के उद्देश्यों को पूरा करने के संकल्प के साथ काम करेंगे। मंच संचालन प्रांतीय पदाधिकारी एवं शिक्षाविद जितेंद्र जादौन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शहर की विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## सर्वोच्च न्यायालय आरक्षित वर्ग में उपवर्गीकरण व क्रिमीलेयर लागू करने के निर्देशों की पालना करें सरकार : केदार नाथ पाराशर

बढ़ता राजस्थान




**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** समता आंदोलन जातिगत आरक्षण का पुरजोर विरोध करता है लेकिन वर्तमान व्यवस्था में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा आरक्षित वर्ग में उपवर्गीकरण व क्रीमीलेयर को लागू करने के निर्देशों की पालना सरकारें करें समता आंदोलन इस निर्णय का स्वागत सम्मान व समर्थन करता है। यह कहना है समता आंदोलन समिति के जिला अध्यक्ष केदारनाथ पाराशर का। पाराशर भुसावर कस्बे के श्रीगंगा मंदिर परिसर में समता आंदोलन समिति की तहसील स्तरीय बैठक में बतौर मुख्य वक्ता मुख्य अतिथि अपना उद्बोधन दे रहे थे तहसील अध्यक्ष महेश चंद शर्मा जाति की अध्यक्षता में आयोजित बैठक को गोविंद माधव पांडे भुवनेश पाराशर मनीष सोनी राजेंद्र पांडे अशोक कुमार सारस ने अपने उद्बोधन में समता आंदोलन को जन-जन तक पहुंचाने के साथ संगठन को सर्व समाज का राष्ट्रवादी संगठन है बताते हुए, देश हित में काम करने वाला बताया। लोक सभा विधान सभा में लम्बे समय से सीटें आरक्षित हैं,तो बताया कि इसके लिए सर्वोच्च न्यायालय में समता आंदोलन द्वारा रिट दायर की हुई है इन आरक्षित सीटों को रोटेशन से लोकल बॉडी की तरह लागू करें या राजनैतिक दल टिकट आरक्षित करें। समता आन्दोलन के नीति पत्र पर विचार रखे। समता आंदोलन एससी, एसटी,ओबीसी व सामान्य वर्ग का वास्तविक हितकारी संगठन बताया समता आन्दोलन के स्थापना महोत्सव दस मई सायंकाल साढे पांच बजे गिरीश रिसोर्ट पर शामिल होने का आव्हान किया। कार्यक्रम के पश्चात पहलगांव में आतंकवादी संगठन द्वारा निर्दोष पर्यटकों की नृशंस हत्या का विरोध व निंदा प्रस्ताव पारित किया व दिवंगत आत्माओं को ईश्वर अपने चरणों में स्थान दें व शोक संतप्त परिवार के परिजनों को धैर्य धारण करने की सामर्थ्य प्रदान करें। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष केदार नाथ पाराशर, शुभनेश पाराशर, अशोक कुमार सारस, मनीष कुमार सोनी, तहसील अध्यक्ष महेश जति, राजेंद्र पाण्डेय, गोविन्द माधव पाण्डेय,बाल स्वरूप पाण्डेय, कांति प्रसाद तिवारी ,अजय देव पाण्डेय, अभिषेक पाण्डेय, यशोमणि शर्मा, राहुल शर्मा, लक्ष्मण शर्मा, तारा चंद शर्मा, भवानी शंकर पाण्डेय, आदि अनेक समतावादी लोग उपस्थित हुए ।

## हादसा : तेज गति अर्टिका गाड़ी ने बाइक सवार को कुचला, मौत

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी, ( राजू शर्मा )।** शहर से गुजर रहे हाईवे बाईपास पर संत नगर मोड़ पर शनिवार को दिन में करीब 4 बजे सड़क हादसा हुआ है। खेत पर जा रहे एक बाइक सवार युवक को तेज गति अर्टिगा गाड़ी ने हाइवे पर रौंद दिया। दुर्घटना के बाद एंबुलेंस से घायल को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां से जिला अस्पताल और जिला अस्पताल धौलपुर से आगरा रैफर किया गया। ऐसे में घायल को जब आगरा उपचार के लिए ले जाया जा रहा था तो रास्ते में उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद परिजनों ने शनिवार की रात मृतक के शव को बाड़ी अस्पताल की मोर्चरी रखवाया। जहां रविवार को सुबह कोतवाली पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है और शव परिजनों को सौंप दिया है।

शहर के पचौरी पाड़ा निवासी 32 वर्षीय दुष्यंत उर्फ बब्ले पचौरी पुत्र पदम पचौरी जो फाइनेंस कंपनी में काम करता था। शनिवार को घर आया हुआ था। इस दौरान परिजनों ने उसे खेत पर किसी काम से भेज दिया। बाइक से संत नगर रोड स्थित अपने खेतों पर जाते समय दुष्यंत ने जैसे ही हाईवे पर अपनी बाइक से आया,धौलपुर से करौली की ओर जा रही तेज गति अर्टिगा गाड़ी ने पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी की गाड़ी उसे रौंदते हुए आगे निकल गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने एंबुलेंस को सूचना दी। एम्बुलेंस से उसे बाड़ी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से हालत गंभीर होने पर धौलपुर और धौलपुर से आगरा ले जाया जा रहा था। इस दौरान उसकी मौत हो गई।

**मृतक के एकमात्र बेटा, मोहल्ले में शोक :** मृतक दुष्यंत के बड़े भाई चंद्रकांत पचौरी ने बताया कि दुष्यंत फाइनेंस का काम करता था। उसकी शादी करीब छह वर्ष पूर्व हुई थी उसके एक मात्र लड़का है। जिसकी उम्र करीब दो साल है। आरोपित अर्टिगा गाड़ी घटना के बाद गायब हो गई।

**पुलिस कर रही मामले की जांच**

घटना को लेकर टाउन चौकी प्रभारी श्याम सुंदर शर्मा ने बताया पंचनामा के बाद मृतक के शव का पोस्टमार्टम करा दिया है। परिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है। आरोपित गाड़ी की तलाश जारी है।

## सूने मकानों में चोरी करने वाले दो शातिर बदमाश गिरफ्तार

### तीन जगह चोरी करना कबूला, सोने के गहने और कैश बरामद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** बिंदायका थाना पुलिस ने सूने मकान में चोरी की वारदात करने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी किए गए गहने, कैश और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए हैं। गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह शहर में पिछले कई समय से चोरी की वारदात कर रहे हैं। थानाधिकारी विनोद कुमार ने बताया कि चोरी के मामले में सलमान खान (29) पुत्र बुन्दू खान निवासी बैरवों का पुरा रानोली करौली हाल गिरधारीपुरा करणी विहार और कौशल कुमार (21) पुत्र त्रिवेणी कमटी निवासी जेडीए कोलोनी गिरधारीपुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने बिन्दायका के सुशांत लोक सिरसी नाडिया से सुने मकानों के ताले तोड़कर चोरी करना ,श्री बालाजी नगर सिरसी नाडिया में दो अलग अलग मकानों से ताले तोडकर चोरी करना और खुशी सिटी बिंदायका में एक सुने मकान से फर्नीचर का काम करने के उपकरण चोरी करना कबूल किया है। गौरतलब है कि 14 अप्रैल को प्रकाश सक्सेना ने एक चोरी की रिपोर्ट थाने में दी। इसमें उसने बताया कि 13-14 अप्रैल को वह शादी में शामिल होने के लिए बाहर गया हुआ था। इस दौरान उनके घर प्लाट नम्बर बी-99 सुखीजा विहार गांधी पथ वेस्ट सिरसी में चोरी हो गई है। घटना के समय घर पर कोई नहीं था। चोर मकान का ताला तोड़ कर सोने की दो चूड़ियां, एक सोने का पेंडेंट, एक सोने का मंगलसूत्र, एक सोने की बेल चूड़ी, एक एचपी का लैपटॉप ले गए। इस पर रिपोर्ट दर्ज कर टीम बनाई गई। टीम ने क्राइम सीन और आसपास के इलाके में लगे हुए सीसीटीवी फुटेज चैक किए। इससे पुलिस को कुछ लीड मिली। लीड पर काम करते हुए बदमाशों तक पहुंची। इसके बाद आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बदमाशों के पास से सोने चांदी के जेवरात बरामद कर लिए हैं।

## विचार गोष्ठी में वक्ता बोले- भाजपा ने दिया बाबा साहब को सर्वाधिक सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**सरमथुरा, ( राजू शर्मा )।** भाजपा द्वारा बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत अग्रवाल धर्मशाला में विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभमां भारती एवं बाबा साहब के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। मुख्य अतिथि बाबूलाल खराड़ी ने कहा कि कांग्रेस के शासनकाल में बाबा साहब को किसी भी जगह सम्मान नहीं मिला। कांग्रेस बाबा साहब के नाम पर हमेशा वोट मांगती रही और हमेशा तुष्टीकरण की राजनीति की। बाबा साहेब को असली सम्मान बीजेपी ने दिया है। मुख्य वक्ता भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मोतीलाल मीणा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा बाबा साहब के नाम पर वोट मांगे, लेकिन कभी सम्मान नहीं दिया। भारतीय जनता पार्टी ने हर जगह बाबा साहब का सम्मान देने का कार्य किया। चाहे संसद के अंदर प्रतिमा लगाने का कार्य हो या बाबा साहब के द्वारा जितने भी कार्य किए गए उन सभी को पंच तीर्थ के नाम से विकसित करने का। बाबा साहब को मरणोपरांत 1990 में भाजपा समर्थित सरकार द्वारा भारत रत्न देकर उनका मान सम्मान बढ़ाया किया। जबकि जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी खुद जिंदा रहते हुए भारत रत्न ले गए और तो और जिसने 1952 के चुनाव में बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी को हराने वाले नारायण सदोबा काजरोलकर को पद्म भूषण दे दिया। धन्यवाद नगर अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने किया। संचालन जिला महामंत्री अनिल गोयल ने किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक गिरिराज सिंह मलिंगा, पूर्व विधायक रानी कोली, प्रदेश कार्य समिति सदस्य सरवन वर्मा, जिला मंत्री उषा जाटव, पूर्व जिला उपाध्यक्ष कमल पहाड़िया, नगर पालिका अध्यक्ष कमलेश देवी जाटव, नाजिया खान, शिप्रा गर्ग सविता जाटव, सुमन मंगल, चतुर सिंह जाटव, मंडल अध्यक्ष कंचनपुर सुभाष तोमर, दिनेश मामा, रोहित मंगल, रामेश्वर मीणा, रामकुमार कुशवाहा, धनंजय शर्मा, सतीश प्रजापति, नरेश यादव, बंटी शर्मा, रामकुमार चौधरी, महेंद्र कोली, विनोद कोली, फूल सिंह मीणा, महेश कुशवाह, सुनील शिवहरे आदि कार्यकर्ता सम्मिलित रहे।

## पहलगाम शहीदों को श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** राजस्थान शिक्षक संघ उप शाखा भुसावर की ओर से कस्बे के चेतन विद्या मंदिर में संपन्न हुई बैठक में पहला गांव में आतंकवादियों द्वारा हमले में हताहत हुए पर्यटकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। स्थानीय शाखा अध्यक्ष बाल स्वरूप पांडे की अध्यक्षता में आयोजित शिक्षकों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला शारीरिक प्रमुख राहुल शर्मा का पाथेय मिला! बैठक में एक से 14 मई तक राजस्थान शिक्षक संघ का सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा करते हुए अलग-अलग लोगों को उनकी जिम्मेदारियां प्रदान की। बैठक में हेमेन्द दत्तात्रेय सहित संजय पांडेय, मदन मोहन, विष्णु बंसल, विनोद जी पीटीआई,मनोज सहरिया, ललित सिंहल, संजय बाबूजी, नित्यानंद , चैतन्य अवस्थी राम कुमार,दीपक पांडेय ,कपिल शर्मा, रतनेश शर्मा, कैलाश सैनी, महिपाल सिंह, नरेंद्र शर्मा, गोविंद माधव, नेहा सिंहल, उषा गोयल, राखी गुप्ता, पार्वती, नीलम शर्मा , सुरेखा , कविता, चंचल सोलंकी इत्यादि शिक्षक उपस्थित रहे।

## महिला ने झगड़े के बाद केरोसीन डालकर स्वयं को किया आग के हवाले, एसएमएस में उपचार जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** करणी विहार थाना इलाके में लीव इन में रह रही महिला ने पति से झगड़े के बाद स्वयं केरोसीन उडेल कर आग लगा दी। इससे वह गंभीर रूप से झुलस गई। गंभीर अवस्था में उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां पर उसका उपचार जारी है।

पुलिस के अनुसार 24 अप्रैल को जोगियों का मोहल्ला चोमू हाल मं करणी नगर निवासी रुबीना पत्नी इमरान ने स्वयं पर केरोसिन उड़ेल कर आग लगा ली। मौके पर मौजूद लोगों ने आग बुझाकर उसे एसएमएस अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उसकी स्थिति गंभीर बनी हुई है। पर्चा बयान में पीड़िता ने बताया कि वह इमरान के साथ एक साल से लिव इन रह रही है। 24 अप्रैल की शाम को उसका इमरान से झगड़ा हो गया। झगड़े के बाद पीड़िता ने खुद पर मिट्टी का तेल डाल लिया और आग लगा ली। चिल्लाने की आवाज सुनकर आस-पास के लोग मौके पर पहुंचे और आग बुझाकर उसे अस्पताल पहुंचाया।

## बढ़ती जनसंख्या घटती जोत के कारण कृषि का भविष्य उज्ज्वल

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** बढ़ती जनसंख्या व घटती जोत के कारण कृषि का भविष्य उज्ज्वल है। विद्यार्थी मन लगाकर मेहनत करें ताकि बेहतर कैरियर का निर्माण हो सके। यह कहना है श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर के कुलपति प्रोफेसर बलराज सिंह का। प्रोफेसर बलराज सिंह रविवार 27 अप्रैल को भुसावल कृषि महाविद्यालय के एकदिवसीय दौरे पर आए थे उन्होंने विद्यार्थियों से संवाद किया। निर्माणाधीन अकादमिक एवं प्रशासनिक भवन, छात्रावास, अधिष्ठाता निवास आदि के निर्माण में तेजी लाने तथा उच्च गुणवत्तापूर्ण निर्माण सामग्री प्रयोग करने के निर्देश दिये। उन्होंने भवन निर्माण को मध्य जून तक पूर्ण करने हेतु कहा ताकि विद्यार्थियों के अध्ययन हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जा सके। कृषि महाविद्यालय भुसावर के विकास की सराहना करते हुए,कहा कि भविष्य में यह महाविद्यालय राजस्थान के सर्वश्रेष्ठ महाविद्यालयों में से एक होगा। डॉ. उदय मान सिंह ने महाविद्यालय का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। डॉ. राहुल कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## अवैध शराब के अलग अलग स्थानों से दो को किया गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भुसावर, ( यतेन्द्र पाण्डेय )।** उच्च अधिकारियों के निर्देश पर एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत भुसावल थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थान से अवैध मदिरा के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। दिसावर थाना प्रभारी नरेश चंद शर्मा द्वारा टीम गठित कर अवैध शराब बेचने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए दिसावर वल्लभगढ़ सड़क मार्ग के कार्बन बिजली घर के पास से विजय सिंह पुत्र रामजीलाल को 60 पव्वा ढोला मारू देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। भुसावर- इटामडा सड़क मार्ग के उपखंड कार्यालय के पास से चैटौली निवासी बच्चू सिंह पुत्र रामस्वरूप मीना को 55 पव्वा अवैध अंगूरी देसी सदा मदिरा ले जाते हुए गिरफ्तार किया है।

# मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली के मासिक भंडारे से 24 लाख 67 हजार 216 रु. की भेंट राशि प्राप्त हुई

## रंगमंच पर आयोजित भव्य भजन संध्या में श्री शनिदेव की भक्ति का हुआ संचार





बढ़ता राजस्थान

**कपासन (नि.स.)।** मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनि महाराज आली के तीन दिवसीय वार्षिक मेले के प्रथम दिवस शनिवार रात्रि में भव्य भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का न्याय के देवता श्री शनिदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत मेले रंगमंच पर भजन गायक भेरूलाल भाट द्वारा गणपति वंदना व गुरु महिमा के भजन तथा भजन गायिका आकृति मिश्रा द्वारा श्री शनिदेव के भजन प्रस्तुत किये गये। इस दौरान कॉमेडियन दिनेश छैला ने मेवाड़ी प्रस्तुति दी तथा नृत्यांगना काजल मेहरा व कृष्णा ने भजनों पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पुलिस उपाधीक्षक कपासन हरजीलाल यादव, तहसीलदार मोहम्मद नासिर बेग मिर्जा उपस्थित रहे।

इस मौके पर श्री शनिमहाराज प्रबंध कार्यकारिणी कमेटी अध्यक्ष नरेंद्रपाल सिंह, उपाध्यक्ष माधुलाल जाट, मंत्री छगनलाल गुर्जर,कोषाध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा,सदस्य देवी सिंह चारण, भेरूलाल लोधा, रामेश्वर सुथार, गोपाललाल सुथार, शैलेंद्र कुमार शर्मा, रामचंद्र कीर द्वारा अतिथियों का प्रभु श्री शनि देव का उपरना एवं छायाचित्र भेटकर स्वागत किया गया।

यहां श्री शनिमहाराज आली तीर्थ स्थल पर आयोजित भव्य तीन दिवसीय धार्मिक मेले के अंतिम दिवस 28 अप्रैल सोमवार को मेवाड़ क्षेत्र के प्रमुख एवं प्रसिद्ध तुर्रा कलंगी दंगल कार्यक्रम का मंचन किया जायेगा ।जिसमे उकारदास वैष्णव पंचदेवला के संयोजन में उस्मान बेग घोसुंडा, सत्यनारायण,भगवतीलाल मकवाना चिकारड़ा,दुर्गेश कुमार लालपुरा, लादूलाल सेन बरडौद,धीरज कुमार बिनोता, लोकेश कुमार गरदाना द्वारा तुर्रा कलंगी खेल का मंचन किया जायेगा ।यहां हर समय न्याय के देवता श्री शनिमहाराज आली के दर्शनों हेतु दिनभर भक्तों एवं श्रद्धालुओं की लंबी कतारें श्री शनिदेव के जयकारों के साथ लगी रहती है ।साथ ही मेला ग्राउंड में मेलार्थियों के मनोरंजन हेतु डोलर,चकरी,झूले तथा सैकड़ों विभिन्न सामग्रियों के प्रतिष्ठान लगे है ।जहां मेलार्थियों द्वारा खरीददारी की जा रही है।

इधर मेवाड़ के प्रसिद्ध शनिधाम श्री शनिमहाराज आली के मासिक भंडार को मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी के पदाधिकारियों की उपस्थिति में रविवार को खोला गया ।जिसमे 24 लाख 67 हजार 216 रुपये की भेंट राशि प्राप्त हुई ।मंदिर में अमावस्या से पूर्व चतुर्दशी को हर महीने भंडार खोला जाता है। श्री शनिमहाराज आली मंदिर प्रबंधकारिणी कमेटी सचिव कालू सिंह चौहान ने बताया कि श्री शनिदेव की विशेष पूजा-अर्चना एवं महाआरती बाद मंदिर कमेटी अध्यक्ष नरेंद्र पाल सिंह, उपाध्यक्ष माधुलाल जाट, मंत्री छगनलाल गुर्जर,कोषाध्यक्ष गोपालकृष्ण शर्मा की उपस्थिति में मुख्य मंदिर, नवग्रह मंदिर,तेल कुंड के भंडार से भेंट राशि निकालकर मंदिर परिसर में राशि गणना का कार्य किया गया। जिसमे नोटों की गिनती पूर्ण तथा सिक्कों की गिनती मेले के बाद होगी।

# थाने में तोड़फोड़ और मारपीट मामले में तीन अधिकारी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** कानोता थाना पुलिस शराब के नशे में उत्पात मचा रहे तीन अधिकारियों को पकड़ कर थाने लाई थी। आरोपियों ने थाने में तोड़कर की ओर हाथापाई के दौरान एक कांस्टेबल का हाथ तोड़ दिया। इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को अरेस्ट कर लिया और सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। जांच अधिकारी सहायक पुलिस आयुक्त बस्सी विनय कुमार डीएच ने बताया कि आरोपियों को गिरफतार कर लिया गया और उन्हें सोमवार को कोर्ट में पेश किया जाएगा। आरोपियों ने नशे में धुत्त होकर पुलिस से बदसलूकी करने के साथ थाने में तोड़फोड़ की और हाथपाई कर एक कांस्टेबल का हाथ तोड़ दिया। गौरतलब है कि तीन अधिकारियों ने शराब के नशे में जमकर उत्पात मचाया। नशे में धुत अधिकारियों ने राहगीरों से गाली-गलौज की। बीच सड़क पर काले रंग की थार गाड़ी खड़ी कर रास्ता रोक लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। तीनों को हिरासत में लेकर थाने ले जाया गया तो उन्होंने थाने में भी हंगामा कर दिया। थाने में लाने के बाद तीनों अधिकारियों ने पूछताछ में अपना नाम बताने से इनकार कर दिया। पुलिसकर्मियों से अभद्रता की। स्वयं को बड़ा अधिकारी बताते हुए थाने में हंगामा किया। टेबल पर जोर-जोर से हाथ मारकर कांच तोड़ दिया। सीएल अवकाश रजिस्टर फाड़ दिया। बात बढ़ने पर हेड कांस्टेबल बाबूलाल, कांस्टेबल सेवा राम और कांस्टेबल महाराज सिंह पर हमला कर दिया। हमले में हेड कांस्टेबल बाबूलाल के दाहिने हाथ में फ्रैक्चर हो गया। अन्य दो कांस्टेबल के गले और हाथों पर खरोंचें और अंदरुनी चोटें आई है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। आरोपी आरोपी एलाइड आरएएस अधिकारी है। तीनों अधिकारियों के खिलाफ राजकार्य में बाधा डालने, मारपीट करने, सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। इस मामले में हरिराम सिंह पुत्र श्रीराम चौधरी निवासी ग्राम किवारा निवाई टोंक, पदस्थापन को-ऑपरेटिव इंस्पेक्टर कार्यालय श्रीमाधोपुर सीकर,जितेंद्र चौधरी पुत्र श्रद्धालाल, निवासी पीपलू, निवाई टोंक, पदस्थापन को-ऑपरेटिव इंस्पेक्टर हेड ऑफिस जयपुर और रामावतार मीना पुत्र कैलाश चंद मीणा, निवासी सकतपुरा, निवाई टोंक, पदस्थापन केंद्रीय आबकारी निरीक्षक कार्यालय, अंधेरी, मुंबई को पकड़ा है।

# नवाचार संस्थान और कोतवाली पुलिस प्रशासन द्वारा 5 नाबालिक बच्चियों का बाल विवाह रुकवाया गया

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन नवाचार संस्थान भीलवाड़ा द्वारा एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रन परियोजना के तहत भीलवाडा जिले में बाल विवाह के खिलाफ मजबूती से अभियान चलाते हुए यह सुनिश्चित करने में लगा है कि भीलवाडा जिले को जल्द से जल्द बाल विवाह मुक्त बनाया जाये आखातीज पर अबूझ सावो के तहत नवाचार संस्थान द्वारा भीलवाडा जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के ओडो का खेड़ा गांव से बाल विवाह की जानकारी प्राप्त हुई जिसकी सूचना नवाचार संस्थान टीम द्वारा संबंधित थानाधिकारी को दी गई थानाधिकारी कोतवाली गजेंद्र सिंह नरूका के निर्देशन पर नवाचार संस्थान से जिला समन्वयक जितेंद्र सिंह तोमर, भगवत सिंह चारण व थाना टीम से गोविंद सिंह पुरावत के नेतृत्व में संबंधित थाने की टीम मोके पे जाकर नाबालिक बच्चों के कागजात चैक किए जिस पर बालिकाओ की उम्र 1.5 साल ,10 साल ,12 साल,13 साल व 14 साल होकर नाबालिक पाई जिस पर बाल विवाह रुकवाया गया और परिजनों को बाल विवाह न करने हेतु पाबंद किया व जब तक बच्चियां बालिग नही हो जाती है तब तक उनकी शादी नही करेगे यह सपथ पत्र लेकर बाल विवाह न करने की समझाइस दी गयी व हिदायत दी कि अगर आप अपने बच्चों की शादी नाबालिक उम्र में करते हैं तो आपके विरुद्ध बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नवाचार संस्थान सचिव अरुण कुमावत जी के मार्गदर्शन में भीलवाडा टीम से जिला समन्वयक जीतेन्द्र सिंह तोमर, रेड एंड रेस्क्यू ऑफिसर भगवत सिंह चारण शामिल रहे।

# श्री राजपूत शिक्षा समिति की कार्यकारिणी का हुआ गठन

## प्रातः कालीन गायत्री मन्दिर में किया गया हवन, दिलाई गईं कार्यकारिणी शपथ

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मौर्य)।** नगर पालिका क्षेत्र स्थित श्री राजपूत शिक्षा समिति की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। गायत्री मन्दिर परिसर में कार्यकारिणी पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा प्रात: कालीन हवन किया गया और श्री राजपूत छात्रावास में नवीन कार्यकारिणी को शपथ दिलवाई गईं। इस मौके पर डॉ जसवंतसिंह शेखावत, पूर्व सरपंच डॉ श्रद्धा चौहान,पी.एस.शेखावत,श्रीपालसिंह शेखावत,लक्ष्मणसिंह सचिव, आपके मुकेशसिंह शेखावत, मानूसिंह शेखावत, पूर्णसिंह शेखावत, दिलीपसिंह चौहान, उपेन्द्रसिंह, खड़गसिंह सरपंच, सत्यवीरसिंह पिटीआई, योगेशसिंह बिडाला, चन्द्रपालसिंह खोहरी, शेरसिंह अध्यापक सहित गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# ससुराल से लौट रहे दंपती को बेकाबू ट्रेलर ने मारी टक्कर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर ग्रामीण जिले की जोबनेर थाना इलाके में ससुराल से घर लौट रहे बाइक सवार दंपत्ति को बेकाबू ट्रेलर ने टक्कर मार दी। इस हादसे में पत्नी की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि पति गंभीर रूप से घायल हो गया। लोगों ने निजी वाहनों की मदद से घायल युवक को जोबनेर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवाया। जहां पर उसका उपचार जारी है। थानाधिकारी सोहेल खान ने बताया कि हादसा रविवार सुबह नौ बजे हुआ है। हादसे की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का जायजा लिया। हादसे में 25 वर्षीय रेनू वर्मा की मौत हो गई, जबकि किशोर वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। इनका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों सुपुर्द किया है।

# शहर के चौराहों का नव निर्माण तय मापदंड अनुसार हो : विधायक कोठारी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** शहर विधायक अशोक कोठारी ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर शहर के विभिन्न चौराहों पर बने सर्किलों के जीर्णोद्धार और नव निर्माण तय मापदंडों के अनुसार कराने की मांग की है। मीडिया प्रभारी पंकज आडवाणी ने बताया कि बिना उचित सर्वे और मानकों के बने सर्किल न केवल यातायात व्यवस्था को बाधित कर रहे हैं, बल्कि शहर की सौंदर्यता भी प्रभावित हो रही है।

विधायक ने शास्त्रीनगर, रोडवेज बस स्टैंड और गोल प्याऊ सहित अन्य स्थानों पर बने अव्यवस्थित सर्किलों का उल्लेख करते हुए कहा कि नए निर्माण में सड़कों की चौड़ाई बराबर हो और सर्किल सड़क के मध्य में स्थित हों। साथ ही, पुराने सर्किलों के रखरखाव की भी आवश्यकता जताई।

# टीम भगत सिंह आर्मी की पहल, टीम ने लगाए पशु पक्षियों के जलपात्र

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** बढ़ती गर्मी को देखते हुए टीम भगत सिंह आर्मी द्वारा फुलिया कलां ग्राम में जलपात्र लगाए गए।

टीम भगत सिंह आर्मी उपाध्यक्ष हर्षित ने बताया कि इस भीषण गर्मी से केवल मनुष्य ही नहीं सभी जीव जंतु भी परेशान हैं उन्हें पानी सही से नहीं मिल पा रहा कहीं जगह तालाब और भी अन्य जलस्त्रोत सूखे हो रखे हैं जिससे पशु पक्षियों को पानी सही से नहीं मिल पा रहा इसी के चलते टीम द्वारा ग्राम में जलपात्र लगाए गए ताकि पशु पक्षियों को समय से स्वच्छ पानी मिलता रहे टीम द्वारा आसन चौराहे, बस स्टेशन, रेगर मोहल्ला, धानेसवर रोड, जाट मोहल्ला, कुरेशी मोहल्ला, नाथ जी के और भी अन्य जगह रखवाई जलपात्रों को गाँव के प्रमुख सार्वजनिक स्थानों, पेड़ों के नीचे, मंदिरों के पास और गलियों में रखा गया। इस अभियान में टीम भगत सिंह आर्मी के सभी सदस्य सक्रिय रूप से उपस्थित रहे। जलपात्रों की नियमित सफाई और जल भराव सुनिश्चित करेंगे। पर्यावरणीय चेतना का संदेश इस पहल के माध्यम से टीम ने ग्रामीणों को भी प्रेरित किया है कि वे अपने घरों के आस-पास पशु-पक्षियों के लिए पानी रखें, साथ ही अधिक से अधिक पेड़ लगाएं और परंपरागत जलस्त्रोतों की रक्षा करें। हर्षित ने कहा कि 'आज जो कदम हम उठाएंगे, वही आने वाली पीढ़ियों के लिए राहत बनेगा। प्रकृति के साथ तालमेल बिठाना अब हमारी ज़िम्मेदारी है।' टीम भगत सिंह आर्मी की यह पहल न केवल एक मानवीय कार्य है, बल्कि पर्यावरणीय चेतना गौर सामाजिक जिम्मेदारी की मिसाल भी है। इस दौरान टीम के सदस्य रियाज, हैदर, शोएब, आसिफ आदि उपस्थित रहे।

# करुणा केंद्र ने वितरित किए निःशुल्क परिंडे

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** करुणा अंतरराष्ट्रीय चेन्नई के तहत भीलवाड़ा में संचालित करुणा केंद्र नेआज अध्यक्ष शकुंतला खमेसरा की अध्यक्षता एवं करुणा केंद्र संरक्षक प्रेम शंकर जोशी के आतिथ्य में शिवाजी गार्डन में निशुल्क परिंडे वितरित किए ।साथ ही करुणा केंद्र महामंत्री निर्मला सिंघवी, पदाधिकारी प्रदीप शर्मा ललिता जैन के निर्देशन में शिवाजी गार्डन में परिंडे बांधकर उनमें उनमें नियमित दाना पानी डालने की जिम्मेदारी योग शिक्षिका नीरा मेहता को दी गई। करुणा केंद्र संरक्षक जोशी ने बताया कि करुणा केंद्र द्वारा इच्छुक व्यक्तियों को परिंडो की नियमित साफ सफाई करने एवं दाना पानी डालने का संकल्प दिलाकर निन्शुल्क परिंडे वितरित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर करुणा केंद्र सदस्य सुरेश सिंघवी, भागवती त्रिपाठी, प्रकाश सिन्धी, कृतिका सोनी, कांता बागडोदिया, किरण आदि उपस्थित थे।

# स्पर्श फाउण्डेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों को शैक्षणिक सामग्री वितरित

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा (अमित शर्मा)।** स्पर्श फाउण्डेशन ने सोना मनोविकास केंद्र में दिव्यांग एवं मूक-बधिर बच्चों को अनुकूलित शैक्षणिक सामग्री वितरित की। फाउण्डेशन की अध्यक्षा शेफाली गोयल और रेणु जैन ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के दौरान बच्चों के साथ खेल, गीत और कविता जैसी मनोरंजक गतिविधियाँ भी आयोजित की गईं। इस मनमोहक एवं सराहनीय कार्य में फाउण्डेशन की कार्यकर्ता निराली मोदी, सुनैना, प्रिया, पिंकी सोनी, निकिता सोनी, श्रेया, मीनू जैन, डॉली तथा विजया चौरड़िया की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# हमारी संस्कृति और संस्कार की महिला एक संवाद के रूप में कार्य करती है इसलिए महिलाओं का संगठित रहना आवश्यक है




बढ़ता राजस्थान

**बूंदी, (अनन्त दाधीच)।** राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ के दसवें त्रैवार्षिक अधिवेश के दूसरे दिन प्रथम दिवस में महिला सत्र आयोजित किया गया जिसमें विभिन्न राज्यों से आई हुई महिला कार्यकर्त्ताओं तथा जिले की महिला कार्यकर्ताओ ने भाग लिया। सदन की मुख्य वक्ता बी एम एस की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रीता चौबे रही, साथ ही संगठन की जिला कार्यकारी अध्यक्ष कुसुमलता सिंह, प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुराधा शर्मा मंचासीन रही। रीता चौबे ने सत्र को सम्बोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति और संस्कार की महिला एक संवाद के रूप में कार्य करती है इसलिए महिलाओं का संगठित रहना आवश्यक है। राष्ट्र निर्माण ओर विकास में महिलाओ की महत्ती भूमिका है। कार्यकारी जिला अध्यक्ष कुसमलता सिंह ने संगठन में महिलाओं की सक्रीयता को आवश्यक बताया। प्रदेश कोषाध्यक्ष अनुराधा शर्मा ने आभार जताया। संचालन सुतोपा भाकर ने किया।

### राष्ट्रीय कार्यकारिणी का चुनाव

प्रथम सत्र के बाद राष्ट्रीय कार्यकारिणी के लिए चुनाव किया गया जिसमें गौरव सोनी, शाजापुर मध्यप्रदेश अखिल भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजेन्द्र प्रसाद वास्तव छत्तीसगढ अखिल भारतीय राष्ट्रीय महामंत्री, मेघवाहन सिंह,अखिल भारतीय राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए गए।

# श्री परशुराम जन्मोत्सव आयोजन को 25 वर्ष पूरे : भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव 2025 पर शहर मे निकलेगी भव्य वाहन रैली व शोभायात्रा

## जन्मोत्सव आयोजन को सिलवर जुबली के रूप मे मनायेगे विप्रबंधु

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव 2025 को सर्व ब्रहाम्ण समाज सिल्वर जुबली के रूप मे मनायेगा। यह कहना था सर्व ब्रहाम्ण महासभा समिति जिलाध्यक्ष मिथलेश दाधीच का। दाधीच रविवार दोपहर शहर के पीडीएस होटल मे आयोजन समिति पदाधिकारियो के साथ जन्मोत्सव कार्यक्रमो को पत्रकारो के साथ साझा कर रहे थे। जिलाध्यक्ष मिथलेश दाधीच ने कहा कि वर्ष 2001 मे परशुराम जयंती मनाने की रूपरेखा तय की गई थी और जब से अब तक 25 सालो से परशुराम जयंती निर्विघ्न हर वर्ष मनाई जाती है। इस वर्ष जन्मोत्सव को 25 वर्ष पूर्ण होने पर हम इसे सिलवर जुबली वर्ष के रूप मे देख रहे है और भव्य बनाने के लिये प्रयासरत है। पत्रकार वार्ता मे जयंती संयोजक नरेन्द्र कुमार गौतम ने कहा कि मंगलवार को दोपहर 3 बजे भव्य वाहन रैली के साथ शोभायात्रा निकाली जायेगी जो शहर के नवलसागर पार्क से शुरू होकर शहर के मुख्य बाजारो मे होती हुई आजाद पार्क मे सम्पन्न होगी। इस दौरान पुरूष सफेद कुर्ते पायजामे व महिलाएं पीली साडी मे शोभायात्रा मे साफा पहनकर शामिल होगी जो मुख्य आर्केषण का केन्द्र होगी। जयंती संयोजक गौतम ने कहा कि आजाद पार्क मे समापन के बाद परशुराम वाटिका मे महाआरती के बाद महाप्रसादी का आयोजन होगा। महासभा के सभाध्यक्ष घनश्याम दुबे व




जिला मंत्री राजेन्द्र भारद्वाज ने बताया कि शोभायात्रा मे मुख्यअतिथी के रूप मे लोकसभाध्यक्ष ओम बिडला व बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा शामिल होगे जो नवलसागर पार्क से बुलबुल के चबुतरे तक शोभायात्रा का गौरव बढायेगे। वही शोभायात्रा मे बेड बाजे घोडे, उंट, मशक बैड हाथ मे फरसा लिये विप्र बंधु शोभायात्रा मे शामिल होगे। सर्व ब्रहाम्ण महासभा युवा शाखा जिलाध्यक्ष विकास सनाढय व पीयूष शर्मा ने कहा कि रविवार को परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रमो की श्रृंखला मे बच्चो की खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमे जूनियर व सीनीयर वर्ग के बच्चो ने बेडमिंटन, शूटिंग बॉल, कबडडी, दौड सहित अन्य प्रतियोगिताओ मे भाग लिया। प्रतियोगिताएं हायर सेकेन्डरी व खेल संकुल मे आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता को सुनित शर्मा, चंदन शर्मा, शिव दाधीच आदि ने भी संबोधित किया। धन्यवाद सर्वब्रहाम्ण महासभा के प्रवक्ता नूतन तिवारी ने ज्ञापित किया। इस दौरान धनंजय शर्मा, राजेश चतुर्वेदी, अवधेश शर्मा, लोकेश सुखवाल, चन्द्रप्रकाश जोशी, मुकेश दाधीच, हनुमान सहाय शर्मा मौजूद रहे।

सर्व ब्रहाम्ण महासभा समिति महिला शाखा जिलाध्यक्ष किरण शर्मा ने बताया कि महिलाएं कलश यात्रा मे गढ की पडस से शामिल होगी। इससे पूर्व सभी महिलाएं गढ की पडस की इकठठा होगी जिन्हे वहां कलश वितरित किये जायेगे। इस दौरान महिलाएं का ड्रेस कोड पीली साडी निर्धारित किया गया है। अनिता व्यास ने बताया कि कलश यात्रा मे ज्यादा से ज्यादा संख्या मे महिलाएं शामिल हो इसके लिये पीले चावल देकर सभी को आमंत्रित किया गया है।

वही सोमवार शाम को परशुराम वाटिका मे सांस्कृति कार्यक्रम आयोजित किये जायेगे। जिसमे विचित्र वेशभूषा, युगल नृत्य, एकल नृत्य, सामूहिक नृत्य आयोजित किये जायेगे। जिसमे ब्रहाम्ण समाज के बालक बालिका सहित युगल अपनी प्रस्तुतियां देगे। इस दौरान सह संयोजक अनिता व्यास, प्रदेश उपाध्यक्ष रेखा जोशी, महिला मंत्री अरूणा चतुर्वेदी, नीलीमा शर्मा, महामंत्री प्रेमलता दाधीच, राजेश शर्मा, सुलक्षण शर्मा आदि मौजूद रही।

# राजगढ़ में किले व बावड़ियों का है ऐतिहासिक इतिहास, संरक्षण व देखरेख के अभाव में खो रहा है अस्तित्व

## किले में होटल व बावड़ियों का जीर्णोद्धार हो तो पर्यटकों के आगमन से स्थानीय लोगों को मिलेगा रोजगार

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** अलवर जिले में स्थित राजगढ़ कस्बा एक ऐतिहासिक शहर है जो अपने दुर्ग व इतिहास के लिए जाना जाता है। परन्तु दुर्भाग्य की बात है यह कस्बा राजनीतिक उपेक्षा के चलते अपने अतीत पर रो रहा है। राजगढ़ कस्बे का ऐतिहासिक किला, बावड़ियां, मंदिर सहित अनेक ऐसी धरोहर है जिनके कारण राजगढ़ का नाम हमेशा ऊपर रहता था परन्तु इनके संरक्षण व देखरेख के अभाव में ये अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहे हैं। कस्बे में पेयजल की समस्या, बेरोजगारी की समस्या, औधोगिक क्षेत्र का खत्म सा हो जाना, रोजगार की तलाश में लोगों का पलायन, राजनीतिक दलों द्वारा लगातार राजगढ़ क्षेत्र की उपेक्षा करने से यह क्षेत्र लगातार पिछड़ गया है। स्थानीय लोगों का मानना है कि राजगढ़ में ऐतिहासिक



किले को यदि विकसित कर इसमें होटल निर्माण किया जाएं, यहां पर स्थित प्राचीन बावड़ियों का यदि जीर्णोद्धार किया जाएं, कस्बे के बीच में स्थित कुण्ड़ का विकास किया जाएं तो राजगढ़ में पर्यटकों का आगमन होगा जिससे इस क्षेत्र के विकास में पंख लगेंगे। यदि यहां के राजनीतिक दलों के नेता व स्थानीय प्रशासन ध्यान दें तो राजगढ़ में पेयजल, रोजगार की समस्याएं दूर हो सकती है। कस्बे के प्रबुद्ध नागरिकों ने बताया कि राजगढ़ नगरपालिका 1873-74 में स्थापित हुई थी जो अलवर जिले की सबसे पुरानी नगरपालिका है लेकिन क्षेत्रीय नेताओं की अनदेखी के कारण अभी तक नगर परिषद नहीं बन पाई।

**राजगढ़ में स्थित है ऐतिहासिक किला व बावड़ियां :** राजगढ़ कस्बा कभी अलवर राज्य की राजधानी हुआ करती थी बाद में अलवर राजपरिवार की ग्रीष्मकालीन निवास बन गया। राजगढ़ किला अलवर राज्य के संस्थापक राजा प्रताप सिंह नरुका द्वारा बनवाया गया था, जिन्हें अक्सर अलवर का बिस्मार्क कहा जाता है। 1771 में, राजगढ़ किला अलवर राज्य की पुरानी राजधानी का स्थल था। बाद में नई राजधानी बाला किला, अलवर में स्थापित की गई और राजगढ़ को अलवर राजपरिवार के ग्रीष्मकालीन निवास में बदल दिया गया। राजगढ़ में प्रसिद्ध बाघराज मंदिर, गोविंद देव जी मंदिर, एक सीढ़ीदार कुआं, ऐतिहासिक किला, महल और एक चहल-पहल भरा बाजार सहित दर्जनों छोटे-बड़े मंदिर है। 19वीं सदी के एक ब्रिटिश यात्री ने राजगढ़ घाटी को एक आदर्श सांसारिक स्वर्ग के रूप में वर्णित किया था, जिसमें राजगढ़ के सुव्यवस्थित किले की दीवारें, हरे और उपजाऊ क्षेत्र से उभरी एक पहाड़ी पर सुरम्य रूप से स्थित हैं। राजगढ़ क्षत्रिय बड़गुजर शासकों का एक अविश्वसनीय, समृद्ध राजधानी किला था, जिसने राजपूत वंश के कछवाहा और बड़गुजर वंशों के बीच संघर्ष के बाद अपना गौरव खो दिया । बड़गुजर मेवाड़ के शाही साम्राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण गठबंधन भी थे। बड़गुजरों ने मेवाड़ की शाही सेना के लिए प्रमुख हरावल अग्रिम पंक्ति की सेना बनाई।

**संरक्षण के अभाव राजगढ़ का प्राचीन किला व बावड़ियां खो रही है अपना अस्तित्व :** सरंक्षण के अभाव में राजगढ़ का प्राचीन किला अपना अस्तित्व खो रहा है। यहां पर अनेक बावड़ियां है लेकिन देखरेख के अभाव में अपना अस्तित्व खो रही है। राजगढ़ वेलफेयर सोसायटी के अध्यक्ष वीरेंद्र शर्मा बताते हैं कि किसी जमाने में राजगढ़ कस्बे में टकसाल हुआ करती थी, जिसे ब्रिटिश काल में कलकत्ता ले जाया गया, जीरे की मण्डी के लिये तो राजगढ देश और विदेश में विख्यात था। लेकिन आजादी के बाद राजगढ लगातार राजनैतिक उपेक्षाओं का शिकार रहा और इसके स्वर्णकाल का धीरे-धीरे हश्र होता गया। ये राजगढ के वर्तमान का दुर्भाग्य है कि जैसे स्वर्णिम और गौरवशाली इतिहास होने के बाद भी उसके अनुरूप यहां का चहुंमुखी विकास नहीं हो पाया। कस्बे के प्रबुद्ध जनों ने बताया कि किसी जमाने में इस क्षेत्र की औद्योगिक उन्नति थी। परन्तु आज उसके अनुरूप औद्योगिक विकास नही हो पाया, जिससे आज यहां के लोगों के समक्ष रोजगार की बडी समस्या है, क्षेत्र लगातार गिरते जलस्तर के चलते क्षेत्र में कृषि से जुडे लोगों की स्थिति भी ज्यादा ठीक नही है। संरक्षण के अभाव के चलते यहां की पुरा-सम्पदा जर्जर हो चुकी है, यहां पर पहले आम, नींबू के बाग हुआ करते थे। कॉलोनीकरण की अंधी दौड में क्षेत्र के दर्जनों सघन बागानों में अब इमारतें दिखाई देती हैं।

# नव जागृति सामाजिक सेवा संस्था का 17वा सम्मेलन जारी

## नव जागृति सामाजिक सेवा संस्था की ओर से नवदीप पति को भूखंड कब्जा प्राप्त

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर जिला राजस्थान राज्य में अब तक नवदीप पति को संस्था के द्वारा 100 वर्ग गज प्लॉट का पट्टा सुधा,रजिस्ट्री करवाकर भूखंड का कब्जा सुपुर्थ हेतु शिवर का आयोजन किया जाएगा। जिसमें नवजागृति सामाजिक सेवा संस्था की ओर से नव दंपति को भूखंड का कब्जा देने के लिए शिविर का आयोजन कर पूर्व में जितने भी नव दंपति को 100 वर्ग गज के भूखंड प्लॉट का पट्टा कब्जा दिया जाएगा नव जागृति सामाजिक सेवा संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सियाराम स्वामी ने बताया कि संस्था की ओर से पूर्व में 16 सम्मेलन हो चुके हैं और अभी 70 व सम्मेलन जारी है। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष सियाराम स्वामी और प्रदेश उपाध्यक्ष रवि कुमार ललावत और अन्य सदस्य गण ने



बताया कि सर्व धर्म विवाह में नव दंपति को उपहार स्वरूप भूखंड दिया जाता है। संस्था द्वारा पूर्व में सभी नवविवाहित दंपति को सूचित किया जाता है कि 27 अप्रैल से 30 अप्रैल चार दिवसीय शिविर चाकसू में जारी कर नव दंपति को अनुरोध है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पदार्थ सीवर में आकर भाग ले और भली भांति अपना भूखंड संभाल ले। संस्था प्रदेश अध्यक्ष सियाराम स्वामी द्वारा सभी को सूचना मीडिया के माध्यम से प्रसारित कर दी जा रही है अतः आप सभी पधारकर अपना भूखंड कब्जा प्राप्त कर ले।

# अजमेर जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के दिए निर्देश

## वीसी के माध्यम से जिला कलक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने ली अधिकारियों की बैठक

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर (घनश्याम दास)।** अजमेर, जिले में कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए वीसी के माध्यम से जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु एवं पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा ने जिले के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश प्रदान किए। जिला कलक्टर श्री लोक बन्धु ने कहा कि अजमेर एक शांतिप्रिय स्थल है। इसमें आपसी सौहार्द बनाए रखना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में हर परिस्थिति में कानून व्यवस्था बनी रहे। कानून एवं शान्ति व्यवस्था को बिगाड़ने वालों के विरूद्ध सख्ती के साथ विधिक कार्यवाही की जाएगी। इसके लिए समस्त प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी क्षेत्र की नियमित मॉनिटरिंग करेंगें। प्रतिदिन जिला पुलिस कन्ट्रोल रूम से घटनाओं एवं सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। गृह विभाग के द्वारा जारी निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए। आमजन को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। जिला कलक्टर रविवार को कानून व्यवस्था को लेकर वीसी के माध्यम से आयोजित बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने जिले की कानून एवं शान्ति व्यवस्था के संबंध में फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि पहलगाम



में हुई आतंकी घटना किसी भी रूप में साम्प्रदायिक तनाव का रूप न लें। इसके लिए सभी अधिकारी संवेदनशीलता से कार्य करें।

उन्होंने सभी पुलिस थानों को नियमित सीएलजी और शान्ति समितियों की बैठक लेकर संदिग्ध व्यक्तियों, स्थानों, भ्रामक और साम्प्रदायिक तनाव भड़काने वाले व्यक्तियों की पहचान कर उन पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले के समस्त उपखण्ड मजिस्ट्रेट, वृताधिकारी पुलिस, तहसीलदारों, थानाधिकारियों की वीसी के माध्यम से बैठक कर विशेष सतर्कता एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने बाबत् आवश्यक निर्देश प्रदान किए। सभी अधिकारियों को विशेष अलर्ट पर रखें। उन्होंने निर्देश दिये कि पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा जारी निर्देशों की पालना सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा सशस्त्र बलों के मूवमेन्ट व सुरक्षाबलों के ऑपरेशन्स की लाईव कवरेज नहीं करने के सम्बन्ध में जारी मीडिया एडवाईजरी की पालना की जाए। उन्होंने कहा कि अवैध बांग्लादेशियों के विरुद्ध अभियान जारी रखा जाए। विभिन्न स्थानों पर नाकाबंदी कर सुरक्षा जांच लगातार होनी चाहिए। इस दौरान बैठक में पुलिस अधीक्षक वन्दिता राणा ने कहा कि जिले में शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से कार्य करें। जिले में नाकाबंदी और पुलिस गश्त को और अधिक सशक्त बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महत्वपूर्ण स्थानों, मुख्य बाजार, पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, हवाई-अड्डे, बस स्टेण्ड, रेल्वे स्टेशन एवं संवेदनशील तथा भीड़भाड़ वाले अन्य स्थानों पर सतत् निगरानी रखी जाए। पर्याप्त पुलिस जाप्ता नियोजित किया जाए। संभावित तनावपूर्ण स्थानों को चिन्हित कर अतिरिक्त जाप्ता लगाएं।

# देवगढ़ में पीएम मोदी को खून से लिखा पत्र, युवा, बुजुर्गों सहित महिला शक्ति ने आक्रोश प्रदर्शन में लिया भाग

## हजारों लोगों ने लिए रक्त से हस्ताक्षर, खून से किए हस्ताक्षर, देवगढ़ बोला... अब सिर्फ बदला चाहिए, सरकार तुरंत ले एक्शन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में देवगढ़ के मारू दरवाजा में विश्व हिन्दू परिषद् एवं बजरंग दल ने आक्रोश प्रदर्शन और रक्त हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस प्रदर्शन में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक ने अपने खून से हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जो परिवार अपने प्रियजनों को इस हमले में खो चुके हैं उनका दु:ख शब्दों से परे है। इस घिनौने आतंकी हमले में जान गंवाने वाले निर्दोष नागरिकों को सभी नगरवासियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की ।इस अवसर पर पुलिस प्रशासन थाना अधिकारी अनिल कुमार ने भी अपनी सहभागिता प्रदान की ओर रक्त हस्ताक्षर किए।

**खून से किए हस्ताक्षर, पीएम मोदी के नाम लिखा पत्र :** प्रदर्शन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम एक पत्र लिखा गया, जिस पर नागरिकों ने अपने खून से हस्ताक्षर किए। पत्र में लिखा है कि 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में जिहादियों द्वारा निर्दोष हिंदुओं की निर्मम हत्या की गई, जिससे पूरे हिंदू समाज में आक्रोश है। इसी आक्रोश की अभिव्यक्ति समाज के लोगों के रक्त से हस्ताक्षरित ज्ञापन देकर की जा रही है। 27 अप्रैल को देवगढ़ के मारू दरवाजा पर धरना देकर हम सब हिंदू भाई-बहनों ने अपना आक्रोश व्यक्त किया है। आग्रह है कि इस जिहादी मानसिकता और कृत्य को जड़ से समाप्त करने के लिए कठोरतम कदम उठाएं। देवगढ़ का प्रत्येक नागरिक आपके किसी भी साहसिक निर्णय के साथ था, है और रहेगा।

### मुस्लिम समाज के लोगों ने भी लिया भाग

रक्त हस्ताक्षर अभियान में मुस्लिम समाज के लोगों ने भी आकर श्रद्धांजलि दी और रक्त से हस्ताक्षर कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन देकर कठोर कार्यवाही की मांग की।

# राजसमंद: कानून व्यवस्था को लेकर कलक्टर-एसपी ने वीसी लेकर की समीक्षा

## सभी एसडीएम, तहसीलदार, सीओ, एसएचओ, आसूचना अधिकारी रहे मौजूद

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद (सुरेश बागोरा)।** जिला कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट श्री बालमुकुंद असावा तथा जिला पुलिस अधीक्षक श्री मनीष त्रिपाठी द्वारा जिले के समस्त उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों, पुलिस उप अधीक्षकों, थानाधिकारियों एवं आसूचना अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कानून व्यवस्था की समीक्षा की गई। इस दौरान एडिशनल एसपी महेंद्र पारीक, एसडीएम बृजेश गुप्ता सहित पुलिस के अन्य अधिकारी वीसी रूम में मौजूद रहे। हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुई आतंकी घटना को ध्यान में रखते हुए जिला



कलक्टर ने कानून व्यवस्था के मद्देनजर जिले में पर्याप्त निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में सतर्क निगरानी रखने, प्रत्येक सूचना को गंभीरता से लेने तथा सोशल मीडिया पर निरंतर निगरानी बनाए रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलक्टर असावा ने स्पष्ट किया कि जिले में शांति एवं सौहार्द बनाए रखने में कोई कमी न रखें।इस अवसर पर जिला कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने समस्त उपखंडों से जुड़े अधिकारियों से विस्तृत चर्चा कर कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

**इससे पूर्व मुख्य सचिव ने भी ली वीसी :** इधर मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने भी शनिवार को राज्य स्तर की वीसी लेकर कहा कि राजस्थान एक शांतिप्रिय प्रदेश है, पहलगाम में हुआ आतंकी हमला देश में साम्प्रदायिक शांति और सौहार्द के माहौल को बिगाड़ने की साजिश है। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रदेश में हर हाल में कानून व्यवस्था बनी रहें।

इसके लिए संभागीय आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, जिला कलक्टर्स और पुलिस अधीक्षक अपने संभाग, रेंज एवं जिलों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने सभी जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षकों को प्रतिदिन जिला पुलिस कंट्रोल रूम से घटनाओं एवं सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए।

# कार और मोटरसाइकिल की खतरनाक टक्कर में एक युवक की मौत

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर,सरवाड़ (इक़बाल अहमद)।** अजमेर जिले के सरवाड़ थाना क्षेत्र में कार की टक्कर से मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई।

पुलिस थाना सरवाड़ अंतर्गत ग्राम खीरिया निवासी युवक कालूराम पुत्र भोपाल माली अपने कपड़े खरीद कर मोटरसाइकिल पर सरवाड़ से अपने गांव खीरिया जा रहा था। इसी दौरान टोल नाका से थोड़ा आगे निकलने पर



सामने से तेज गति से आ रही स्विफ्ट गाड़ी ने उसकी मोटरसाइकिल के टक्कर मार दी जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मृतक की लाश का पोस्टमार्टम करवाया जाकर अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सुपुर्द किया गया तथा उक्त मामले में प्रकरण दर्ज कर आगे अनुसंधान जारी है।

# केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने निवास पर कार्यकर्ताओं संग प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर(घनश्याम दास)।** अजमेर जिले के किशनगढ़ में रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम के 121 वें संस्करण के माध्यम से देशवासियों से संवाद किया।

इस क्रम से केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी ने किशनगढ़ अपने आवास पर कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात को सुना। पीएम मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनकर केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने इस संस्करण में न केवल राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ नायकता की चर्चा की, बल्कि देश की



आंतरिक और बाह्य नीति की दिशा में जो कड़े निर्णय लिए जा रहे हैं, उन्हें भी स्पष्ट रूप से रेखांकित किया है।

जम्मू-कश्मीर में हाल ही हुए घटनाक्रम ने यह सिद्ध किया है कि भारत अपनी सुरक्षा और संप्रभुता के मामले में किसी भी प्रकार की कमजोरी को सहन नहीं करेगा। साथ ही, डॉ. के. कस्तूरीरंगन के योगदान को याद करते हुए, प्रधानमंत्री ने भारत के विज्ञान, शिक्षा और अंतरिक्ष क्षेत्र में बेमिसाल प्रगति की ओर हमारा ध्यान आकर्षित किया। यह प्रगति न केवल भारत के वर्तमान को उज्जवल बनाती है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक मजबूत बुनियाद तैयार करती है। मन की बात का यह संस्करण भारतीय समाज के प्रत्येक वर्ग के लिए प्रेरणा और संघर्ष के नए रास्ते खोलता है।

# ब्लैक डे पर शाहपुरा सुबह 8.00 बजे से 10 बजे तक दो घण्टे तक स्वैच्छिक बंद रहेगा


बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा (के एम कुरेशी)।** जिले शाहपुरा में जिला बचाओ संघर्ष समिति संयोजक रामप्रसाद जाट एवं महासचिव कमलेश मुंडेतिया ने बताया कि शाहपुरा जिले को समाप्त करने के विरोध में जिला बचाओ संघर्ष समिति के तत्वाधान में अध्यक्ष दुर्गा लाल राजोरा के नेतृत्व में कल 28 अप्रैल को ब्लैक डे मनाया जाएगा सुबह 8ः00 बजे से 10ः00 बजे तक दो घण्टे शाहपुरा स्वैच्छिक बंद रहेगा। शाहपुरा सांकेतिक बंद के दौरान सुबह 9ः00 महलों के चौक से वाहन रैली निकालकर शाहपुरा जिले की बहाली की मांग का ज्ञापन राज्यपाल के नाम उपखंड अधिकारी को दिया जाएगा। सभी से निवेदन है कि उक्त कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करते हुए 9ः00 बजे वाहन रैली निकाली जायेगी।

# बेजूबान पक्षियों के लिए लगाएं परिंडे

बढ़ता राजस्थान

राजगढ़ /अलवर (राजकुमार गुप्ता)। उपखंड के ग्राम पंचायत तालाब में श्री धौलीघाटी हनुमान जी मंदिर में हनुमान जी सहयोग समिति द्वारा गर्मियों में बेजूबान पक्षियों के लिए 51 परिंडे लगाए गए। इस मौके पर अमित शर्मा , शंकर प्रजापत , नवीन पंचोली , महेंद्र जांगिड़ , उमेश, लाला शर्मा समस्त ग्रामवासी एवं भक्तजन उपस्थित रहे।




# इमरान हाशमी की ग्राउंड जीरो ने दूसरे दिन लगाई छलांग तो बढ़ी कमाई

## दो दिन में 1 करोड़ भी नहीं कमा पाई फुले

केसरी: चैप्टर 2 और जाट के बाद बॉक्स ऑफिस पर इस हफ्ते दो नई फिल्में रिलीज हुईं- ग्राउंड जीरो और फुले। इन दोनों ही फिल्मों की खूब चर्चा हुई, और तारीफ भी हो रही है, पर इसके बावजूद ये बॉक्स ऑफिस पस्त हो गईं। ओपनिंग डे पर ही फुले और ग्राउंड जीरो का दम निकल गया। सबसे ज्यादा बुरी हालत तो फुले की है, जिसकी कमाई ओपनिंग डे पर मात्र 15 लाख रुपये रही। हालांकि, दूसरे दिन फुले ने छलांग लगाई, वहीं इमरान हाशमी की ग्राउंड जीरो ने भी थोड़ा सुधार दिखाया। सबसे पहले बात फिल्म ग्राउंड जीरो की करते हैं। इमरान हाशमी, सई तम्हाणकर और जोया हुसैन स्टारर इस फिल्म में गाजी बाबा पर भारतीय सेना के हमले और कश्मीर में आतंकवाद की कहानी दिखाई गई है। फिल्म के लिए इससे बेहतर समय नहीं हो सकता था क्योंकि इसमें पाकिस्तान और कश्मीर का एंगल है। और अभी भारत में इससे ज्यादा सही समय नहीं हो सकता क्योंकि हाल ही कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ। लेकिन फिल्म को लेकर इतनी जागरुकता और प्रमोशम नहीं था, जिसका असर इसके कलेक्शन पर भी पड़ा। वहीं, प्रतीक गांधी और पत्रलेखा की फुले भी ठंडी पड़ गई। दो दिन में यह 50 लाख भी नहीं कमा पाई है।

### ग्राउंड जीरो कलेक्शन डे 2

25 अप्रैल को रिलीज हुई ग्राउंड जीरो ने 1.15 करोड़ रुपये की ओपनिंग की थी। लेकिन दूसरे दिन इसकी कमाई थोड़ी सी सुधरी और 1.90 करोड़ रुपये कमाए। इस तरह दो दिन में इसने महज 3.05 करोड़ रुपये कमाए हैं, जबकि रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म का बजट 50 करोड़ रुपये है। फिल्म का कश्मीर में प्रीमियर भी किया गया था, और इसकी तारीफ भी हुई। लेकिन तारीफ आंकड़ों में तब्दील होती नहीं दिख रही है। दूसरे दिन यानी पहले शनिवार को सुबह के शोज में फिल्म की ऑक्यूपेंसी सिर्फ 5.60% रही, पर यह रात के शोज में 20.34% तक पहुंच गई।

### फुले कलेक्शन डे 2

ज्योताबा फुले और सावित्रीबाई फुले के जीवन पर बनी अनंत महादेवन की फुले फिल्म पर खूब विवाद भी हुआ। कहानी और कॉन्सेप्ट को भी फिल्म समीक्षकों ने सराहा, पर इसका भी हाल बेहाल है। फुले ने जहां ओपनिंग डे पर मात्र 15 लाख रुपये कमाए, वहीं दूसरे दिन 26 लाख कमाए।

# मौसमी चटर्जी को रातोंरात जया बच्चन ने किया था रिप्लेस

## हीरो को थप्पड़ मारने पर बोलीं- वे इसी लायक



हिंदी सिनेमा की दिग्गज हसीनाओं में शुमार मौसमी चटर्जी अपने साफ-सुथरे किरदार के लिए जानी गईं। बड़े पर्दे पर न उन्होंने कोई बोल्ड और ना ही हीरो के साथ कोई इंटीमेट सेन किए। यहां तक कि अगर कोई अभिनेता सेट पर उनके साथ मिसबिहेव कर देता था तो वह उन्हें थप्पड़ मारने या फटकार लगाने में जरा भी नहीं कतराती थीं। अपने बेबाक और बेधड़क अंदाज के लिए जानी जाने वालीं मौसमी चटर्जी को कई बार इसका भुगतान भी करना पड़ा। एक्टर्स को थप्पड़ मारने के चलते उनके हाथ से कई फिल्में भी गईं। एक बार उन्हें रातोंरात गुलजार की फिल्म कोशिश से भी बाहर कर दिया गया था। अब उन्होंने इस बारे में खुलकर बात की है।

जया बच्चन से रिप्लेस हुई थीं मौसमी चटर्जी

इंडियन एक्सप्रेस के साथ बातचीत में रोटी कपड़ा और मकान एक्ट्रेस मौसमी चटर्जी ने गुलजार की फिल्म कोशिश से रिप्लेस किए जाने पर कहा, ऐसा इसलिए क्योंकि मैं अपनी गरिमा के साथ कभी समझौता नहीं करूंगी, चाहे कुछ भी हो जाए। यह सब अतीत की बात है। गुलजार और मैंने कई सालों बाद अंगूर फिल्म में काम किया था। संयोग की बात है कि कोशिश में और अंगूर में भी हरिभाई (संजीव कुमार) मेरे हीरो थे। मैंने कई भूमिकाएं खो दीं क्योंकि मैं किसी के अहंकार को बढ़ावा नहीं देती थी। कोशिश में मौसमी को जया बच्चन ने रिप्लेस किया था।

एक्टर्स को थप्पड़ मारने का नहीं कोई अफसोस

कच्चे धागे एक्ट्रेस ने कई अभिनेताओं को थप्पड़ मारा है। वह कभी भी सेट पर किसी अभिनेता के मिसबिहेव को बर्दाश्त नहीं करती थीं। इस बारे में सवाल करने पर अदाकारा ने कहा, वे इसी लायक थे। वे लैंगिक भेदभाव करते थे, लेकिन मैं इसके लिए उन्हें दोषी नहीं मानती। मौसमी ने आगे कहा, आपको सिक्के के दोनों पहलू देखने होंगे। हीरो हीरोइनों के साथ फ्लर्ट करते थे और वे उम्मीद करते थे कि हीरोइनें भी वैसे ही बिहेव करें। उन्हें बस यही पता था। उन्हें कोई और तरीका नहीं पता था। मर्दों को उनकी मां, पत्नी और बहनों के लाड़-प्यार के साथ पाला जाता है।

### पहलगाम आतंकी हमले पर अक्षय कुमार का रिएक्शन, कहा

# सरेआम गाली दी, दिलों में आज भी गुस्सा है, आतंकवादियों को बस एक ही बात कहना चाहता हूं



अक्षय कुमार की फिल्म केसरी चैप्टर-2 सिनेमाघरों में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। शनिवार को एक्टर अपनी फिल्म की स्क्रीनिंग में दर्शकों को सरप्राइज देने पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने पहलगाम आतंकी हमले पर रिएक्शन दिया। इस दौरान उन्होंने अपनी फिल्म केसरी का एक डायलॉग इस्तेमाल किया, जिसमें वो अंग्रेजों को गाली देते नजर आए थे। केसरी 1 की स्क्रीनिंग से अक्षय कुमार का एक वीडियो सामने आया है। इस दौरान उनके को-स्टार आर.माधवन भी थिएटर में मौजूद थे। अक्षय ने दर्शकों को संबोधित करते हुए माइक पर कहा, मुझे लगता है कि दुर्भाग्य से आज भी हम सबके दिल में वो गुस्सा फिर से जागा है। आप लोग सब अच्छी तरह जानते हैं मैं किसकी बात कर रहा हूं। आज भी हम उन आतंकवादियों को, उन लोगों को एक ही बात कहना चाहेंगे, जो मैंने इस फिल्म में कही है। ये कहते ही अक्षय कुमार अपना माइक दर्शकों की तरफ करते हैं और वहां मौजूद लोग चिल्लाते हुए वही गाली देते हैं, जो अक्षय ने फिल्म केसरी 2 में अंग्रेजों को दी थी।

**पहलगाम आतंकी हमले को अक्षय ने कहा- मासूमों को मारना दुष्टता है :** कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 27 टूरिस्ट की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। इस खबर पर अक्षय ने गुस्सा जाहिर करते हुए लिखा था, पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले की खबर सुनकर स्तब्ध हूं। इस तरह मासूम लोगों की हत्या करना सरासर दुष्टता है। पीड़ितों के परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। अक्षय कुमार की फिल्म केसरी 2, 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई है। फिल्म में अक्षय कुमार ने जस्टिस शंकरन नायर की भूमिका निभाई है।

**फिल्म केसरी 2 पर लगे चोरी के आरोप :** हाल ही में यूट्यूबर याह्या बूटवाला ने अक्षय कुमार की फिल्म में डायलॉग चुराने के आरोप लगाए हैं। याह्या ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर इसका सबूत दिया है। उनका दावा है कि फिल्म के राइटर सुमिता सक्सेना ने कॉपी-पेस्ट किया है। वो लिखते हैं- 'किसी ने मुझसे चार दिन पहले केसरी-2 का डायलॉग वाला क्लिप शेयर किया था, जिसमें उसे लगा कि वो मेरी जलियांवाला बाग कविता से कॉपी हुई है। जो लगभग पांच साल पहले एक यूट्यूब पर पोस्ट की गई थी। ये रही वो दो क्लिप और सच कहूं तो ये सीधे तौर पर कॉपी-पेस्ट किया गया है। ऐसा नहीं लग रहा कि उन्होंने इसे छिपाने की कोशिश की है। लोगों के ख्याल मिल सकते हैं लेकिन एक ही टॉपिक पर एक जैसी लाइन्स इत्तेफाक नहीं हो सकती है। याह्या आगे लिखते हैं- एक राइटर के तौर पर बिना क्रेडिट दिए किसी का कंटेंट उठाना गलत बात है।

अगली बार से आप मुझसे संपर्क कर लीजिएगा। मैं आपके लिए ओरिजिनल डायलॉग लिख दूंगा। हालांकि, याह्या के वीडियो को इंस्टाग्राम ने रिमूव कर दिया है। इसकी जानकारी देते हुए उन्हें इंस्टा स्टोरी में दी। वो लिखते हैं-केसरी 2 के डायलॉग के बारे बनाए मेरे रील को इंस्टाग्राम से हटा दिया गया है। मैंने वो रील नहीं हटाई है। फिर भी, जब तक मामला सुलझ नहीं जाता, मैं इस मुद्दे पर बात करता रहूंगा और आप लोगों को अपडेट करता रहूंगा क्योंकि आप सभी मेरी सहायता के लिए आगे आए और मुझे सपोर्ट किया। मेरे पास आप लोगों के लिए प्यार और आभार के अलावा कुछ नहीं है और उम्मीद है कि ये जल्दी सुलझा जाएगा।

# रणबीर कपूर के फैंस का इंतजार खत्म

## वेव्स समिट 2025 में दिखेगी रामायण की पहली झलक

रणबीर कपूरके फैंस उनक मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक रामायण का काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। फिल्म में उनके साथ साउथ की मशहूर एक्ट्रेस साई पल्लवी माता सीता का किरदार निभाने वाली हैं। हाल ही में खबर आई थी कि मेकर्स ने इंद्र देव का किरदार निभाने के लिए कलाकार को फाइनल कर लिया है।

### वेव्स समिट 2025 में दिखाया जाएगा रामायण का पहला लुक

अब मेकर्स ने दर्शकों को एक और बड़ा सरप्राइज दे दिया है। फिल्म की पहली झलक को वेव्स समिट 2025 में दिखाई जाने की तैयारी हो चुकी है। जो फैंस अभिनेता को सिल्वर स्क्रीन पर भगवान राम के किरदार में देखने का इंतजार कर रहे है थे अब उन्हें वेव्स समिट में तोहफा मिलने वाला है। पिछले साल, निर्माताओं ने एक पोस्टर रिलीज करते हुए ऐलान किया था कि मूवी को दो पार्ट में रिलीज किया जाने वाला है। पहला भाग दिवाली 2026 में रिलीज होगा, जबकि दूसरा किस्त दिवाली 2027 में आएगा।



### ये अभिनेता निभाएगा भगवान इंद्र का किरदार

इस माइथोलॉजिकल फिल्म में साउथ सुपरस्टार यश रावण का किरदार निभाते नजर आने वाले हैं। उनके अलावा मेकर्स काफी समय से इंद्र देव के लिए एक्टर की तलाश में थे जो हाल ही में पूरी हुई है। ई-टाइम्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, भगवान इंद्र के रोल के लिए मेकर्स ने कुणाल कपूर को पसंद किया है। रावण और भगवान इंद्र के बीच का टकराव फिल्म में एक महत्वपूर्ण मोड़ साबित होगा।

# वो इसी लायक थे... मौसमी चटर्जी बदतमीजी करने वाले एक्टर्स को मार देती थीं थप्पड़, बोलीं- मुझे यही तरीका पता था

दिग्गज एक्ट्रेस मौसमी चटर्जी अपने बेबार और मुखर अंदाज के लिए जानी जाती हैं। जो बात होती है, वह सीधा मुंह पर बोलती हैं और जरा भी नहीं हिचकतीं। यह बात उन्होंने अपनी निजी जिंदगी में ही नहीं, बल्कि पेशेवर जीवन में भी अपनाई। मौसमी चटर्जी एक ऐसी एक्ट्रेस रही हैं, जिन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में अपने साथ किसी भी तरह की बदतमीजी स्वीकार नहीं की। इसी कारण उन्होंने कई एक्टर्स को सेट पर थप्पड़ भी मारा।

### थप्पड़ मारने की बात पर बोलीं मौसमी चटर्जी- वो इसी लायक थे

77 वर्षीय एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या आप बदतमीजी करने वाले एक्टर्स को थप्पड़ मारने के लिए जानी जाती थीं? तो मौसमी चटर्जी बोलीं, वो इसके लायक थे। वो सेक्सिस्ट थे, लेकिन मैं इसके लिए उन्हें दोषी नहीं मानती। आपको सिक्के के दोनों पहलू देखने होंगे। हीरो, हीरोइनों के साथ फ्लर्ट करते थे, और वो उम्मीद करते थे कि हीरोइनें भी वैसा ही व्यवहार करेंगी।

### मुझे एकमात्र यही तरीका पता था

मौसमी ने आगे कहा, यही एकमात्र तरीका था जो उन्हें पता था। उन्हें कोई और तरीका नहीं पता था। पुरुषों को माताओं द्वारा लाड़-प्यार, पत्नियों द्वारा लाड़-प्यार और बहनों द्वारा लाड़-प्यार के साथ पाला जाता है।

### गरिमा के साथ समझौता नहीं किया तो कई फिल्मों से हाथ धोए

इसी इंटरव्यू में मौसमी ने इस बारे में भी बात की कि उन्होंने फिल्मों में कभी भी अपनी गरिमा के साथ समझौता नहीं किया। पर इसी वजह से उन्हें कई फिल्मों से हाथ धोना पड़ गया। इनमें से एक फिल्म गुलजार की कोशिश भी रही, जिसमें से उन्हें हटाकर जया बच्चन को साइन किया गया था।

### जया बच्चन ने कोशिश में क्यों ली थी मौसमी की जगह? अब बताया

मौसमी से जब पूछा गया कि जया बच्चन ने कोशिश में उनकी जगह क्यों ली, तो वह बोलीं, ऐसा इसलिए क्योंकि मैं अपनी गरिमा के साथ कभी समझौता नहीं करूंगी, चाहे कुछ भी हो जाए। यह सब अतीत की बात है। गुलजार और मैंने कई साल बाद अंगूर में काम किया। संयोग से, कोशिश में और अंगूर में भी हरिभाई (संजीव कुमार) मेरे हीरो थे। मैंने कई रोल खो दिए क्योंकि मैंने किसी की ईगो को बढ़ावा नहीं दिया।

# मलयालम सिनेमा में मचा हड़कंप, ड्रग्स रखने के आरोप में मशहूर फिल्म डायरेक्टर्स की हुई गिरफ्तारी

**कोच्चि में एक अचानक हुई छापेमारी ने मलयालम फिल्म इंडस्ट्री को चौंका दिया है। उत्पाद शुल्क विभाग ने मशहूर फिल्म निर्माता खालिद रहमान और अशरफ हमजा समेत तीन लोगों को हाइब्रिड गांजा रखने के आरोप में गिरफ्तार किया। यह कार्रवाई सुबह करीब 2 बजे की गई थी। गिरफ्तार किए गए तीसरे व्यक्ति का नाम शालिफ मोहम्मद है। अधिकारियों ने गुप्त सूचना के आधार पर इस छापेमारी को अंजाम दिया और 1.63 ग्राम हाईब्रिड गांजा बरामद किया है।**

### अचानक छापेमारी और गिरफ्तारी

गोपनीय जानकारी मिलने के बाद उत्पाद शुल्क विभाग ने देर रात को गोश्री ब्रिज के पास एक अपार्टमेंट में छापा मारा। यह अपार्टमेंट फिल्म इंडस्ट्री के फेमस सिनेमेटोग्राफर समीर ताहिर का बताया जा रहा है। तीनों को हिरासत में लेने के बाद स्टेशन बेल (जमानत) पर रिहा कर दिया गया। विभाग के सूत्रों के मुताबिक, छापेमारी पूरी तरह से गुप्त तरीके से की गई थी ताकि किसी भी तरह की सूचना लीक न हो।

### कई सालों से गांजे का सेवन कर रहे थे

प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार लोग लंबे समय से गांजे का सेवन करते आ रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि बरामद किया गया गांजा निजी इस्तेमाल के लिए ही लाया गया था। वे उस समय अपार्टमेंट में एक फिल्म से जुड़ी मीटिंग के लिए इकट्ठा हुए थे। अब उत्पाद शुल्क विभाग सप्लायर तक पहुंचने के लिए आगे की जांच कर रहा है। खालिद रहमान को अलाप्पुझा जिमखाना और थल्लुमाला जैसी हिट फिल्मों के निर्देशन के लिए जाना जाता है, जबकि अशरफ हमजा ने थमाशा और भीमंते वाजी जैसी सराही गई फिल्मों में काम किया है। मलयालम इंडस्ट्री में यह हाल के दिनों में ड्रग्स से जुड़ा दूसरा बड़ा मामला है। कुछ हफ्ते पहले, अभिनेता शाइन टॉम चाको भी ड्रग्स के आरोपों में फंसे थे। उन्हें एक होटल से भागते समय पकड़ा गया था और बाद में गिरफ्तार किया गया।



# गोल्ड स्मगलिंग केस में बढ़ीं एक्ट्रेस रान्या राव की मुश्किलें

## 1 साल तक नहीं मिल सकेगी जमानत, 12 करोड़ के सोने के साथ एयरपोर्ट पर पकड़ाई थीं

कन्नड़ सिनेमा की पॉपुलर एक्ट्रेस रान्या राव पर सोने की तस्करी करने के आरोप में कई शिकायतें दर्ज हुई हैं। 3 मार्च, 2025 को बैंगलोर के केंपगौड़ा एयरपोर्ट पर एक्ट्रेस 12.56 करोड़ के गोल्ड के साथ पकड़ाई थीं। जांच में सामने आया कि एक्ट्रेस बीते लंबे समय से गोल्ड स्मगलिंग कर रही हैं, जिसके तार लंदन, यूरोप और दुबई से जुड़े हुए हैं। अब इसी मामले में 26 अप्रैल को कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव पर कंजर्वेशन ऑफ फॉरेन एक्सचेंज एंड प्रिवेंशन ऑफ स्मगलिंग एक्टिविटीज के तहत शिकायत दर्ज हुई है। इसके चलते रान्या के कम से कम एक साल तक जमानत नहीं मिल सकेगी। जांच एथॉरिटी के अनुसार, रान्या राव इन्वेस्टिगेशन में सहायता नहीं कर रही थीं। उन्होंने कई बार जमानत याचिका दायर की थी। ये धारा इसलिए लगाई गई है, जिससे वो उन्हें दोबारा इस गैरकानूनी काम में जाने से रोका जा सके।

### क्या है पूरा मामला

कन्नड़ एक्ट्रेस और सीनियर पुलिस ऑफिसर के. रामचंद्र राव की सौतेली बेटी रान्या राव 3 मार्च को बैंगलोर के केंपगौड़ा एयरपोर्ट पर उतरी थीं। करीब 6 बजे रान्या एग्जिट गेट की ओर बढ़ीं। बाहर निकलने के लिए वे ग्रीन चैनल की ओर चली गईं। ग्रीन चैनल उन पैसेंजर्स के लिए होता है, जिनके पास जांच के लिहाज से कोई सामान नहीं होता। रान्या पहले भी इसी तरह एयरपोर्ट से बाहर निकलती थीं। उस दिन डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस यानी डीआरआई के अफसरों ने उन्हें रोक लिया। पूछा- क्या आपके पास सोना या ऐसी कोई चीज है जो बतानी हो? रान्या ने जवाब दिया- नहीं। इतनी सी बातचीत में रान्या के चेहरे पर घबराहट दिखने लगी। अफसरों को शक हुआ। उन्होंने दो महिला अधिकारियों को बुलाया और रान्या को चेक करने के लिए कहा। जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके शरीर के अलग-अलग हिस्सों में सोना मिला। उनके पास कुल 14.2 किलोग्राम सोना बरामद हुआ, जिसकी कीमत 12.56 करोड़ रुपए थी। रान्या को तुरंत हिरासत में ले लिया गया। तब से ही रान्या पुलिस हिरासत में हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक रान्या ने बताया है कि वो कई बार यूरोप, अमेरिका और मिडिल ईस्ट के देशों में गई थीं। उन्होंने इसकी वजह मॉडलिंग फोटो शूट और रियल एस्टेट से जुड़ा काम बताया।

रान्या फिलहाल बैंग्लोर की सेंट्रल जेल में दो सह-आरोपियों तरुण राजू और साहिल सकरिया के साथ बंद हैं। इस मामले की जांच डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस और इन्फोर्समेंट डायरेक्टोरेट और सीबीआई द्वारा की जा रही है।



आसान जिंदगी मत मांगो, क्योंकि जिंदगी कभी आसान नहीं होती। खुद को मजबूत बनाने का प्रयास करो।

-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



# जो भड़काए जनता उसका तिरस्कार करे : मदन राठौड़

## कहा : कोई भी हो, जनता सम्मान नहीं दे तो अपने आप समझ में आ जाएगी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** दो दिन पहले जयपुर में जामा मस्जिद के सामने हुई घटना को लेकर मदन राठौड़ ने कहा कि सबकी अपनी-अपनी आस्था है। किसी दूसरे की आस्था को चोट नहीं पहुंचे, यह बहुत जरूरी है। इसका हम सब को विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए। उन्होंने कहा- हमारी अपनी पूजा पद्धति है। हम अपनी पूजा पद्धति से काम करें। हम उनका भी सम्मान करें, वह हमारा भी सम्मान करें। हम सब मिलकर के एक दूसरे की आस्था का सम्मान करें। इसमें किसी को भड़काने का काम नहीं करना चाहिए। जो भड़काने का काम कर रहा है तो जानता उसको तिरस्कृत करे। भड़काने का काम जो कोई भी करता है, उसको बिल्कुल सम्मान नहीं दें। उसे अपने आप समझ में आ जाएगा कि मुझे ऐसा कृत्य नहीं करना चाहिए।

### मैंने बालमुकुंदचार्य को आगाह किया

मदन राठौड़ ने कहा- मैने पहले भी आगाह किया कि हमारे किसी भी नेता और कार्यकर्ता को ऐसा कोई काम नहीं करना है, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचे। किसी के सम्मान को ठेस पहुंचे। हम सभी धर्म का सम्मान करते हैं, सभी धार्मिक स्थलों का सम्मान करते हैं। जहां पर किसी के आस्था टिकी हुई है, उनका हम पूरा सम्मान करेंगे उनकी रक्षा भी करेंगे। कांग्रेस के विधायक भी भड़काने का काम नहीं करें-मदन राठौड़ ने कहा- उसके बाद अब घटना का पटाक्षेप हो जाना चाहिए था। इसके बावजूद भी प्रतिक्रिया में कुछ लोग वहां एकत्रित होना चाहते थे, अच्छा हुआ कि वह एकत्रित नहीं हुए। नहीं तो स्थिति को कंट्रोल करना कठिन हो जाता है। इससे बहुत बड़ी घटना भी हो सकती थी। मैं उन दो कांग्रेस के विधायकों से भी यही आग्रह करना चाहूंगा कि किसी प्रकार का भड़काने का काम नहीं करें। हम जनप्रतिनिधि है, हमारा कर्तव्य बनता है कि हम शांति कायम करने में अपना योगदान दें। यह एक ऐसा मामला है, जिसमें ना कांग्रेस है ना बीजेपी। सभी एकजुट होकर इस देश के उत्थान के लिए देश में शांति कायम हो और जो आतंकवादी हैं, उनको दंडित करने में अपना जो कुछ भी योगदान दे सकते हैं, देना चाहिए। इसमें राजनीति नहीं, इसमें राष्ट्रीय नीति है, इसके अलावा कोई नीति नहीं है।

# जयपुर में बाघिन ने 5 शावकों को जन्म दिया

## चार गोल्डन और एक सफेद रंग का



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क से खुशखबरी आई है। बाघिन रानी ने रविवार को पांच शावकों को जन्म दिया। फिलहाल पांचों शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। रानी ने 11 महीने 17 दिन पहले भी तीन शावकों को जन्म दिया था। बाघिन और शावकों पर वन विभाग का स्टाफ निगरानी रख रहा है। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया- पांच में से चार शावक गोल्डन कलर के हैं। एक शावक का कलर व्हाइट है। छ्ष्टस्न विजयपाल सिंह ने बताया- बाघिन रानी के प्रेग्नेंट होने का पता चलने पर ही निगरानी शुरू कर दी गई थी। रविवार दोपहर रानी ने 5 शावकों को जन्म दिया। रानी पांचों शावकों का पालन-पोषण कर रही है। स्टाफ की ओर से रानी और उसके शावकों पर सीसीटीवी कैमरों की मदद से पूरी निगरानी रखी जा रही है। राजस्थान के इतिहास में ऐसा पहली बार हो रहा है, जब किसी बाघिन ने एक साथ पांच बच्चों को जन्म दिया है।

### गर्मी से बचाने के लिए कूलर लगाया

डीसीएफ विजयपाल सिंह ने बताया- एक केयर टेकर भी लगाया गया है। बाघिन रानी की देखरेख का पूरा जिम्मा उसी केयरटेकर पर है। बाघिन और शावकों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर की व्यवस्था की गई है। उनके आस-पास टाट की बोरियां लगाई गई हैं, जिन्हें समय-समय पर पानी से गीला किया जा रहा है। विजयपाल सिंह ने बताया कि जयपुर में फिलहाल 8 टाइगर हैं। इसमें आज जन्मे शावकों को शामिल नहीं किया गया है। इन शावकों को अगले एक से डेढ़ साल बाद वन विभाग की गिनती में शामिल किया जाएगा।

### पिछले साल तीन शावकों को जन्म दिया था

इससे पहले, नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में बाघिन रानी ने 10 मई 2024 को तीन शावकों को जन्म दिया था। इनमें से एक शावक की मौत हो गई थी। वहीं, दो शावक पूरी तरह स्वस्थ हैं। जो नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में पर्यटकों की पसंद बने हुए हैं।

## उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कोयंबटूर में तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय में सभा को संबोधित किया

# समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारी समृद्ध विरासत है : उपराष्ट्रपति




बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा, भारत विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता है, एक शांतिप्रिय राष्ट्र है जहां समावेशिता और अभिव्यक्ति एवं विचार की स्वतंत्रता हमारी विरासत है। तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय में विकसित भारत के लिए कृषि शिक्षा, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देना विषय पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यदि कोई हजारों वर्षों के इतिहास को देखे तो वह पाएगा कि हमारी सभ्यता में समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता फली-फूली, विकसित हुई और उसका सम्मान किया गया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में अभिव्यक्ति और समावेशिता तुलनात्मक रूप से विश्व में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा, चारों ओर देखिए, भारत जैसा कोई राष्ट्र नहीं है जहां इतनी समावेशिता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हो। उन्होंने आगे कहा कि इस महान राष्ट्र के नागरिक के रूप में- इस सबसे बड़े लोकतंत्र, सबसे पुराने लोकतंत्र, सबसे जीवंत लोकतंत्र में हमें इस बात के प्रति अत्यंत सतर्क, सावधान और जागरूक रहने की आवश्यकता है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता और समावेशिता हमारी राष्ट्रीय संपत्ति बने। कृषि क्षेत्र की बात करते हुए उपराष्ट्रपति ने इस बात पर जोर दिया कि हमें खाद्य सुरक्षा से किसानों की समृद्धि की ओर बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को समृद्ध होना होगा और यह विकास तमिलनाडु कृषि विश्वविद्यालय जैसे संस्थानों से शुरू होना चाहिए। उन्होंने आगे बताया कि किसानों को खेत से बाहर निकलकर अपनी उपज के विपणन में शामिल होना चाहिए। किसानों को केवल उत्पादक बनकर इसके बारे में भूल नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका मतलब है कि वे कड़ी मेहनत और अथक परिश्रम से उपज उगाएँगे और उसे उस समय बेचेंगे जब वह बाज़ार के लिए सही होगी, बिना उसे रखे। इससे आर्थिक रूप से बहुत ज़्यादा लाभ नहीं होता, ।

उन्होंने जागरूकता उत्पन्न करके और उन्हें यह बताकर किसानों को सशक्त बनाने का आह्वान किया कि सरकारी सहकारी प्रणाली बहुत मज़बूत है। उन्होंने कहा, पहली बार हमारे पास सहकारिता मंत्री हैं। सहकारिता को हमारे संविधान में स्थान मिला है। इसलिए हमें किसान व्यापारियों की जरूरत है। हमें किसान उद्यमियों की जरूरत है। उस मानसिकता को बदलें ताकि किसान स्वंय को उत्पादक से मूल्य वर्धक में बदल सके और कुछ ऐसा उद्योग शुरू कर सके जो कम से कम उत्पादन पर आधारित हो। उपराष्ट्रपति ने इस बात पर भी जोर दिया कि कृषि उपज का बाजार बहुत बड़ा है और जब कृषि उपज में मूल्य संवर्धन होगा तो उद्योग फलेगा-फूलेगा। धनखड़ ने कहा कि यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह इसे ध्यान में रखे, विशेषकर ऐसे समय में जब राष्ट्र अबाध रूप से तीव्र आर्थिक उन्नति कर रहा है, बुनियादी ढांचे में असाधारण वृद्धि हो रही है, अंतिम मील तक तकनीक पहुंच रही है तथा राष्ट्र और उसके नेता, प्रधानमंत्री की अंतरराष्ट्रीय ख्याति अब तक के सर्वोच्च स्तर पर है, इसलिए, नागरिकों के रूप में, राष्ट्र के इस उत्थान को बनाए रखने में योगदान करने की हमारी बड़ी भूमिका है, नागरिक भागीदारी पर जोर देते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह हर नागरिक के लिए पूरी तरह से जागरूक होने और आशा और संभावना का लाभ उठाने का सही समय है। उन्होंने सभी से यह दृढ़ संकल्प लेने का आग्रह किया कि राष्ट्र पहले हमारा आदर्श वाक्य हो। यह राष्ट्र के प्रति हमारी अडिग प्रतिबद्धता और हमेशा मार्गदर्शक हो। उन्होंने जोर देकर कहा, कोई भी हित राष्ट्र के हित से बड़ा नहीं हो सकता।

# भारत ने कोविड-19 के दौरान करुणा के साथ नेतृत्व किया वैश्विक स्तर पर 300 मिलियन टीके साझा किए : गोयल



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित विश्व स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन क्षेत्रीय बैठक एशिया 2025 को संबोधित किया। श्री गोयल ने कोविड-19 महामारी के दौरान भारत की सक्रिय और दयालु वैश्विक प्रतिक्रिया पर प्रकाश डाला। वैक्सीन मैत्री पहल के माध्यम से, भारत ने कम विकसित और कमज़ोर देशों को लगभग 300 मिलियन वैक्सीन खुराकें प्रदान कीं - जिनमें से कई निःशुल्क थीं - यह सुनिश्चित करते हुए कि कोई भी देश पीछे न छूटे। श्री गोयल ने इस बात पर ज़ोर दिया कि कोविड-19 के दौरान निर्यात नियंत्रण लगाने वाले कई अन्य देशों के विपरीत, भारत ने वसुधैव कुटुम्बकम - दुनिया एक परिवार है के अपने प्राचीन लोकाचार पर खरा उतरते हुए सभी के लिए समान पहुँच को प्राथमिकता दी। इस अवसर पर बोलते हुए श्री गोयल ने आभार व्यक्त किया कि एशिया में पहली डब्ल्यूएचएस क्षेत्रीय बैठक स्वास्थ्य समानता सुनिश्चित करने के लिए पहुंच बढ़ाने पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच सतत विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और सभी के लिए बेहतर स्वास्थ्य सेवा पहुंच हासिल करने में भारत की यात्रा को साझा किया। मंत्री ने महामारी के दौरान वैश्विक नेताओं के साथ व्यक्तिगत बातचीत को याद किया, जिसमें उन्होंने बताया कि कैसे भारत ने वैश्विक स्वास्थ्य संकटों से लाभ कमाने की प्रवृत्ति का विरोध करते हुए उचित मूल्य पर महत्वपूर्ण दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित की। स्वास्थ्य समानता के विषय को संबोधित करते हुए, श्री गोयल ने मामूली वृद्धिशील नवाचारों के माध्यम से दवा पेटेंट का विस्तार करने के प्रयासों की कड़ी आलोचना की, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि इससे लाखों लोग सस्ती दवाओं तक पहुंच से वंचित हो सकते हैं। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे दूरदराज के क्षेत्रों में भी गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने के भारत के प्रयासों का प्रत्यक्ष अनुभव करें। श्री गोयल ने इस बात पर प्रकाश डाला कि आयुष्मान भारत योजना के तहत अब 620 मिलियन से अधिक लोग मुफ्त स्वास्थ्य देखभाल के लिए पात्र हैं, जो दुनिया का सबसे बड़ा सरकारी प्रायोजित स्वास्थ्य बीमा कार्यक्रम है, उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की प्रतिबद्धता कभी भी लाभ से प्रेरित नहीं रही, बल्कि करुणा से प्रेरित रही है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को उद्धृत करते हुए श्री गोयल ने कहा, हमारे लिए स्वास्थ्य सेवा का मतलब सिर्फ बीमार मरीज का इलाज करना नहीं है। स्वास्थ्य सेवा निवारक स्वास्थ्य सेवा है, यह कल्याण है, यह मानसिक स्वास्थ्य सेवा है, और इसका मतलब है समाज को बेहतर जीवनशैली और बेहतर भविष्य के तहत जोड़ना।

# कानून मंत्रालय बोला-सभी मिनिस्ट्री समय पर कोर्ट का जवाब दे

## जिससे अवमानना कार्यवाई रोकी जा सके; देश की अदालतों में 1.50 लाख केस पेंडिंग हैं

बढ़ता राजस्थान



नई दिल्ली। केंद्रीय कानून मंत्रालय ने अन्य मिनिस्ट्री को निर्देश जारी किए हैं। इसमें अवमानना (अनादर) के पेंडिंग मामलों में कोर्ट को समय पर जवाब देने को कहा गया है। जिससे अवमानना कार्रवाइयों को रोका जा सके। देशभर की अदालतों में केंद्र सरकार से जुड़े लगभग 1.50 लाख अवमानना (अनादर) के मामले पेंडिंग है। मंत्रालय ने कहा- मिनिस्ट्री और उनके विभागों में केस को संभालने वाले कई अधिकारी कानून के क्षेत्र में योग्यता नहीं रखते हैं। इसके कारण कानूनी समझ की कमी और ज्यूडिशियल निर्देश के जवाब देने में देरी होती है। यही वजह है जिसके कारण विभागों के प्रमुखों के खिलाफ केस दर्ज होते हैं। दरअसल, बजट सत्र के दौरान लोकसभा में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल लिखित जवाब दाखिल किया था। इसमें कहा गया था कि अदालत के आदेशों को लागू करने की जिम्मेदारी संबंधित मिनिस्ट्री और विभागों पर है।

### ज्यादातर मंत्रालयों में कानूनी सेल नहीं

कानून मंत्रालय के निर्देश में कहा गया कि रिसोर्स की कमी के चलते मिनिस्ट्रियों में केस हैंडल करने की क्षमता लिमिटेड है। अधिकांश मिनिस्ट्री और डिपार्टमेंट में कानूनी सेल नहीं है। मामले एडमिनिस्ट्रेशन या टेक्निकल डिवीजन संभालती हैं।

मंत्रालय ने कहा कि कभी-कभी न्यायिक निर्णयों और आदेशों का पालन न करने के चलते सरकारी अधिकारियों के खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाती है।

# जयपुर शहर में मिडिल-क्लास के लिए घर बनाएगा हाउसिंग बोर्ड

## 14 साल बाद लॉन्च कर रहा स्कीम; 45 लाख से ज्यादा हो सकती है कीमत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाउसिंग बोर्ड जयपुर के मानसरोवर में मल्टी-स्टोरी फ्लैट की स्कीम लॉन्च करेगा। करीब 14 साल बाद जयपुर शहर में कोई सरकारी एजेंसी आमजन के लिए आवासीय योजना लॉन्च करने जा रही है। इस स्कीम में मिडिल इनकम ग्रुप-ए और मिडिल इनकम ग्रुप-बी के लिए फ्लैट बनाए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक यह योजना मानसरोवर में सेक्टर-5 शिप्रा पथ सरयू मार्ग स्थित अपेक्स हॉस्पिटल के पास होगी। इस योजना में 160 फ्लैट बनाए जाने प्रस्तावित हैं। कुछ माह पहले इस जमीन पर चल रहे केस को जीतने के बाद बोर्ड प्रशासन ने इस जमीन पर योजना की प्लानिंग की है। योजना में फ्लैट की साइज और रेट्स का निर्धारण करना अभी शेष है। सूत्रों का कहना है कि एक फ्लैट की कीमत 45 लाख रुपए से ज्यादा होगी।




# बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस

दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही

कलर एवं ब्लैक मुद्रण | किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com


# सिक्किम के राज्यपाल बोले-पाकिस्तान को एक बूंद पानी नहीं जाएगा

## वो प्यासे मरेंगे; केंद्रीय मंत्री ने कहा- पहलगाम में हमला हमारी आत्मा पर हुआ

बढ़ता राजस्थान

**अलवर।** सिक्किम के राज्यपाल ओमप्रकाश माथुर का कहना है कि पहलगाम हमले के बाद कुछ लोग कह रहे हैं कि कुछ नहीं किया। बता दें कि आतंकी हमले के तीसरे दिन सिंधु जल समझौता तोड़ा था। आने वाले दिनों में एक बूंद पानी पाकिस्तान नहीं जाने देंगे। वो (पाकिस्तान के लोग) प्यासे मरेंगे और ये पानी आपके काम आएगा। माथुर का रविवार को अलवर के प्रताप ऑडिटोरियम में अभिनंदन किया गया। इस मौके पर राज्यपाल माथुर ने कहा कि कुछ बेईमान लोगों ने पहलगाम में आतंक किया है। हमें विश्वास है कि बदला लिया जाएगा। इससे पहले भी हुए हमलों का बदला लिया है। चिंता मत करिए। घटना के बाद आतंकियों का सपोर्ट करने वालों को जवाब दिया है। अब भारत की ताकत को सब जानते हैं। आतंकी हमले के बाद अमेरिका, ईरान, रूस ही नहीं, यूएई भी कह रहा है कि जो कार्यवाही करनी है करिए, हम साथ में खड़े हैं। ये गाड़ी रुकने वाली नहीं है। पहले भी घटनाएं घटी है। लेकिन पहले कोई देश साथ नहीं था। अब बड़े बड़े देश साथ हैं। उन्होंने संबोधन में चीन का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि चीन के बॉर्डर पर हम वहीं के वहीं है। 1962 में चीन से हारे थे। लेकिन उस समय दिल्ली में कमजोर नेता था। अब नहीं। वो दिन और थे।



### माथुर बोले- चीन की हिम्मत नहीं कि वो आगे बढ़ सके

माथुर ने कहा कि हमारे यहां के नेता हर जगह चर्चा करते हैं कि चीन ने भारत की जमीन दबा ली। मैं कई जगह घूमकर भी आया हूं। आपके यहां का एक एमएलए गवाह भी है। एक इंच जमीन नहीं दबाई। 1972 से हमारे सैनिक बॉर्डर पर खड़े हैं और चीन की हिम्मत नहीं है कि वो आगे बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि अब बीजेपी बहुत बड़ी पार्टी है। रुकने वाली नहीं है। पार्टी में नए लोगों को बड़े मुकाम मिलते हैं। काम करने वालों को महत्व दिया जाता है। सीएम भजनलाल शर्मा राजस्थान के मुख्यमंत्री बनाए गए। अब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे है।